हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • शनिवार • 13.09.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 53 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# कोल कर्मियों को मिलेगा एक करोड़ का अतिरिक्त बीमा : जी किशन रेड्डी

## कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य होगा यूनिफॉर्म

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जल्द ही वर्दी (यूनिफॉर्म) अनिवार्य होगा। इसकी शुरूआत 17 सितंबर 2025 श्रमिक दिवस, विश्वकर्मा पूजा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में इसकी जानकारी दी।




केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों के सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए यूनिफॉर्म लागू किया जा रहा है। यह यूनिफॉर्म कोल इंडिया की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोल माइंस में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अनुग्रह राशि (एक्सग्रेशिया) राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को मौजूदा जीवन बीमा के अलावा एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बीमा प्रदान किया जाएगा। संविदा कर्मचारियों को भी 40 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा लाभ मिलेगा।

रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोयला क्षेत्र (कोल सेक्टर) में पिछले 11 वर्षों से निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर ले जाने के लिए कोयला और खान मंत्रालय प्रतिबद्ध है। भारत ने पहली बार एक अरब टन (एक बिलियन टन) कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया है, जिसमें झारखंड का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाकर आयात को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले साल 60 हजार करोड़ रुपये के कोयला आयात में कमी लाई गई है। तकनीकी कारणों से कुछ स्टील कंपनियां अभी भी कोयला आयात कर रही हैं, लेकिन भारत में आवश्यकता के अनुसार कोयले का घरेलू उत्पादन हो रहा है। कोयला उत्पादन में ओडिशा पहले, छत्तीसगढ़ दूसरे और झारखंड तीसरे स्थान पर है।

खान मंत्री ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) की मांग में वृद्धि को देखते हुए भारत सरकार ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन) शुरू किया है। इसके लिए 32 हजार करोड़ रुपये खर्च कर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को घरेलू उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अर्जेंटीना में पांच लिथियम ब्लॉकों पर काम शुरू हो चुका है और इस दिशा में अनुसंधान भी किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि सुशासन, व्यवसाय करने की सुगमता और आर्थिक प्रगति के लिए कोयला क्षेत्र में सुधारों को लागू करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इन सुधारों का उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और इस सेक्टर के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति को गति देना है।

केंद्रीय कोयला मंत्री ने राज्य सरकार की ओर से मांगी जा रही बकाया राशि के सवाल पर कहा कि कोयला मंत्रालय और राज्य सरकार के समन्वय से गठित कमेटी इस पर काम कर रही है। कमेटी की अब तक दो-तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्द ही इस पर निर्णय होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय का उद्देश्य आय अर्जन नहीं, बल्कि विकसित भारत के लिए कोयले की मांग को पूरा करना है। झारखंड सरकार के सभी मुद्दों पर कोयला मंत्रालय और झारखंड सरकार के अधिकारियों की कमेटी की ओर से लिए गए निर्णयों के आधार पर काम किया जाएगा।

## एक नजर

### बीजापुर में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर, विस्फोटक बरामद

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में आज शुक्रवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये हैं। मौके से दो वदीर्धारी नक्सली के शव के साथ 303 रायफल, विस्फोटक सामग्री और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करओ हुए बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था, इसी दौरान आज सुबह मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से लगभग दो घंटे की गोलाबारी के बाद अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 2 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान, ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारी इस समय साझा नहीं की जा सकती। ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

### अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति में हुई बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (−) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा, अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर बनी रहे, और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो।

### पीएम का मणिपुर दौरा आज

**इम्फाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मणिपुर दौरा 13 सितंबर यानि आज है। यह उनका राज्य का पहला दौरा होगा जब ढाई साल पहले यहां मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़की थी। कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री सबसे पहले चुराचांदपुर (सीसीपुर) जाएंगे। यहां वे विकास योजनाओं की आधारशिला रखेंगे और हिंसा से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इसके बाद वे इम्फाल पहुंचकर ऐतिहासिक कांगला फोर्ट में जनसभा को संबोधित करेंगे और कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनित कुमार गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री शनिवार दोपहर 2.30 बजे के आसपास कांगला पहुंचेंगे। इससे पहले वे घाटी क्षेत्रों में विस्थापित परिवारों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री लगभग 7,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और 1,200 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

### मुख्यमंत्री को जेसोवा ने दीपावली मेला में सम्मिलित होने के लिए किया आमंत्रित



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखण्ड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उन्हें रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दीपावली मेला में सपरिवार सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पांच दिनों तक चलने वाले इस दीपावली मेले के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से भी अवगत कराया। सदस्यों ने जेसोवा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों व कार्यक्रमों तथा गतिविधियों की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य रंजना कुमार एवं ज्योति मंजू शामिल थीं।

### मुख्यमंत्री से हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी, डोरंडा, रांची के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की। कमिटी ने 11 सितंबर से चल रहे रिसालदार शाह बाबा के पांच दिवसीय 218वां सालाना उर्स मुबारक के तहत 14 सितंबर को चादरपोशी एवं कव्वाली मंच के उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक के तौर पर शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के लिए विशेष शोक सभा का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में हजरत रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी के सदर अयूब गद्दी, महासचिव मोहम्मद जावेद अनवर, रिजवान हुसैन, जुल्फिकार अली भुट्टो, मोहम्मद सादिक, पप्पू गद्दी, शाहिद खान, समीर हेजाजी और मुश्ताक आलम शामिल थे।

# सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति

एजेंसी

**काठमांडू :** राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल की मौजूदगी में जेन-जी समूहों की बैठक में सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बन गई है। राष्ट्रपति पौडेल ने उनसे इस जिम्मेदारी को संभालने का अनुरोध किया, जिसे नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया। यह महज संयोग है कि जिस केपी ओली के संवैधानिक परिषद के अध्यक्ष रहते उन्हें सर्वोच्च अदालत का प्रधान न्यायाधीश बनाया गया था, उसी ओली के सत्ता से हटने के बाद उनके नाम का प्रस्ताव अंतरिम सरकार के प्रमुख के लिए किया गया है। वो करीब एक साल तक सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस रही, जिस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त बड़े नेताओं के खिलाफ फैसले दिए।



उन्होंने तत्कालीन सूचना तथा संचार मंत्री जयप्रकाश गुप्ता को मंत्री रहते जेल भेजने की सजा सुनाई थी। यह नेपाल के इतिहास में पहली बार हुआ था, जब किसी मौजूदा मंत्री को अदालत के कठघरे से सीधे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। इसके अलावा उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो के चीफ लोकमान सिंह कार्की को पद से हटाने का भी फैसला दिया था, जिसके बाद उन्हें देश छोड़ कर कनाडा जाना पड़ा। नेपाल के विराटनगर में जन्मी सुशीला कार्की का परिवार शुरू से ही नेपाली कांग्रेस के संस्थापक नेता वीपी कोइराला के करीबी था। सुशीला कार्की के पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन सुशीला ने नहीं मानी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स करने वाली सुशीला की शादी भी वहीं अध्ययनरत दुर्गा प्रसाद सुवेदी से हुई, जो वीपी कोइराला के करीबी और नेपाली कांग्रेस के युवा नेता थे। बनारस से लौटने के बाद उन्होंने काठमांडू के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और न्याय क्षेत्र में सक्रिय रही। पहले उन्होंने कई कालेजों में लेक्चरर के रूप में काम किया।

# सीपी राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में भारत के उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह से पहले, कई नेता कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचे।



राजधानी में मौजूद लोगों में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हैं।

एनडीए उम्मीदवार चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन मंगलवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए। उन्हें 452 वोट मिले, जबकि विपक्षी उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। इससे पहले, वे महाराष्ट्र के राज्यपाल रह चुके हैं।

उन्होंने फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने मार्च और जुलाई 2024 के बीच तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। भाजपा के वरिष्ठ नेता राधाकृष्णन कोयंबटूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए और तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे।

राज्यसभा महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी ने बताया कि 781 सांसदों में से 767 ने वोट डाले, जिससे 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें से 752 मतपत्र वैध और 15 अवैध थे, जिससे प्रथम वरीयता के मतों के लिए आवश्यक बहुमत घटकर 377 रह गया। एनडीए को कागजों पर 427 सांसदों का समर्थन हासिल था, लेकिन वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने भी राधाकृष्णन का समर्थन किया। दिलचस्प बात यह है कि एनडीए उम्मीदवार को उम्मीद से 14 वोट ज्यादा मिले, जिससे विपक्षी खेमे में क्रॉस-वोटिंग की अटकलें तेज हो गईं। इसके अलावा, 13 सांसदों ने चुनाव में मतदान से परहेज किया।

### पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। एक समर्पित लोक सेवक के रूप में, उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित कर दिया। मैं उन्हें जनता की सेवा के लिए समर्पित एक सफल उपराष्ट्रपति कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं।

# देश के सामने वोट चोरी मुख्य मुद्दा, पीएम का मणिपुर दौरा 'बड़ी बात' नहीं : राहुल गांधी

एजेंसी

**गुजरात :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर गुजरात के दौरे पर पहुंचे हैं। गुजरात के केशोद में मीडिया ने उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे पर प्रतिक्रिया मांगी। इस पर राहुल गांधी ने कहा, मणिपुर में लंबे समय से समस्या चल रही है। अब जाकर वे दौरा कर रहे हैं, यह ठीक है। हालांकि, राहुल गांधी ने इसके बाद देश के सबसे बड़े मुद्दे की ओर इशारा करते हुए कहा कि, मणिपुर का मुद्दा महत्वपूर्ण है, लेकिन इस वक्त देश में मुख्य मुद्दा 'वोट चोरी' का है। हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनावी जनादेश चुराए गए हैं। अब हर जगह लोग 'वोट चोर' कह रहे हैं। राहुल गांधी ने कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा, हमने कर्नाटक में यह दिखा दिया था कि किस तरह चुनावों में धांधली होती है। राहुल गांधी ने यह बयान उस समय दिया जब वह गुजरात में कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। जूनागढ़ में आयोजित शिविर में राहुल गांधी संबोधित करेंगे।



### कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर और भाजपा पर निशाना


राहुल गांधी का गुजरात दौरा पार्टी की नई दिशा को लेकर अहम माना जा रहा है। गुजरात में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी और अन्य पार्टी नेता निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी महत्वपूर्ण बयान दिया। खरगे ने कहा, गुजरात के दो महान नेताओं ने देश को आजादी दिलाई और इसे एक किया, लेकिन अब गुजरात से दिल्ली गए दो लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं और आजादी को छीनने की कोशिश कर रहे हैं। खरगे ने यह बयान बिना नाम लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए दिया।

### गुजरात में आगामी चुनाव और कांग्रेस की रणनीति

कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर ऐसे वक्त पर हो रहा है जब गुजरात में नगर महानगरपालिका और नगर पालिका के चुनाव नजदीक हैं। इस शिविर का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को चुनावी तैयारी के लिए प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्षों को विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि वे चुनावी रणनीतियों को बेहतर तरीके से लागू कर सकें। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे दोनों ही इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गुजरात में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस को एकजुट होकर काम करना होगा। कांग्रेस की कोशिश है कि पार्टी को और अधिक मजबूत किया जाए ताकि आने वाले चुनावों में वह भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके।

हुल गांधी ने 'वोट चोरी' के आरोपों को दोहराते हुए कहा कि अभी देश में सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अपने 'वोट चोरी' वाले आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में लोगों का जनादेश चुरा लिया गया। हर जगह लोग कह रहे हैं 'वोट चोर'।

# सिक्किम में भूस्खलन, 3 लोगों की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल



एजेंसी

**गंगटोक :** सिक्किम के गेजिंग जिले के यांगथांग निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अपर रिम्बी गांव में गुरुवार रात भीषण भूस्खलन हुआ। भूस्खलन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई और 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही भारी वर्षा के बीच गुरुवार देर रात अपर रिम्बी गांव में भूस्खलन हुआ। घर के ऊपर से आए भूस्खलन ने घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया और अंदर सो रहे लोग भूस्खलन की चपेट में आ गए।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों, जिला आपदा प्रबंधन दल, पुलिसकर्मियों, एसएसबी जवानों और स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। गेजिंग जिले के पुलिस अधीक्षक छिरिंग शेरपा ने बताया कि भारी बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच दो लोगों को बचा लिया गया। व्यक्ति की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यांगथांग निर्वाचन क्षेत्र के विधायक तथा मंत्री भीम हांग लिम्बू कल रात राजधानी गंगटोक से अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुँचे और राहत एवं बचाव कार्यों में शामिल हुए।

## एक नजर

### बरही के विकास यादव बने खाद्य निरीक्षक

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठियां निवासी विकास यादव की मेहनत रंग लाई। उनकी कड़ी मेहनत ने उन्हें उनकी मंजिल दिलाई। झारखंड सरकार ने नियुक्ति पत्र के माध्यम से उन्हें खाद्य निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। खाद्य निरीक्षक (फूड इंस्पेक्टर) बनने पर प्रखंड, पंचायत और गांव में खुशी की लहर है। विकास यादव की नियुक्ति जमशेदपुर के मानगो नगर निगम में हुई है। इस खबर से धनवार पंचायत और लठिया गांव में खुशी देखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक विकास यादव के पिता नहीं हैं। मां ने ही उनकी शिक्षा पूरा करायी। उनके पिता स्व परमेश्वर यादव का वर्ष 2016 में ही निधन हो गया था। मां शोभा देवी ने हर परिस्थिति में पुत्र का हौसला बढ़ाया। विकास ने अपनी शिक्षा प्लस टू हाई स्कूल बरही से, इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज बरही से और स्नातक की पढ़ाई अन्नदा कॉलेज हजारीबाग की है। स्नातक के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी और अंततः फूड इंस्पेक्टर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उनके सफलता पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, अरुण दुबे बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, अंकित यादव ने बधाई दी है।

### दो अलग अलग मामले में दो को जेल

**बरही** : बरही के डपोक गांव में विवाहिता की मौत मामले में कांड संख्या 333/25 दर्ज किया गया था। जिसमें मृतिका के पति विकास कुमार यादव पिता स्व रामचंद्र यादव, डपोक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में कांड संख्या 334/25 के अभियुक्त अर्जुन रविदास पिता कारू रविदास ग्राम चुगलामों थाना बरकट्ठा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### उन्नति कार्यों करने वाले मुखिया को किया गया सम्मानित



**चलकुशा** : प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख नीतू कुमारी बीडीओ अमृता सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में पंचायत उन्नति सुचकांक के बारे में सभी पंचायत की मुखिया उपमुखिया पंसस के साथ उन्नति कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम में प्रथम स्थान मनैया द्वितीय स्थान सेवाटांड़ तृतीय स्थान पर चलकुशा रहा । जिसके बाद मनैया मुखिया लखिया देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, किरण देवी, अंजना देवी, उर्मिला देवी, ललिता देवी,एवं अन्य लोग मौजूद थे।

NOTICE

I Trilok Munka s/o Sri Fateh Chand Agarwal affidavit number 98500 dated 08.09.2025, Resident of 106A, Shanti Niwas, Kali bari road, Post- Hazaribag, P.S- Sadar, District-Hazaribag,Jharkhand Holding Aadhar number: 345574841393 and PAN Number : ACNPM7591H now known as Trilok Chand Munka.

# हाईवे पर पुलिस का बड़ा वार 39.5 किलो गांजा बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले की पुलिस ने गुरुवार देर रात बरकट्ठा थाना क्षेत्र में नशा कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गांजा जब्त किया। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सिल्वर रंग की मारुति सुजुकी अर्टिगा (नंबर सीएच01बीबी-9087) चंडीगढ़ से बरकट्ठा की ओर तेज रफ्तार में जा रही है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध गांजा लदा हुआ है। सूचना पर तुरंत एसडीपीओ बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। रात करीब 9 बजे थाना गेट के सामने वाहन को रोककर तलाशी ली गई। कार की कई जगहों में छिपाकर रखे गए 65 पैकेट मिले, जिनका कुल वजन 39.5 किलो निकला। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सूरज सिंह (26), पिता शिव कुमार सिंह, निवासी खेखरुआ, थाना शिवरतनगंज, अमेठी (उत्तर प्रदेश) और रामकरन वर्मा (55), पिता स्व. दुखी राम वर्मा, निवासी भांटीखुर्द, थाना आसपुर देवसुरा, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। दोनों के खिलाफ बरकट्ठा थाना में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने सूरज सिंह के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और तीन एटीएम कार्ड बरामद किए। वहीं रामकरन वर्मा से एक आईटेल कंपनी का मोबाइल फोन मिला। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे कार्रवाई की जाएगी। इस छापामारी में एसडीपीओ बरही के साथ पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया, देवदत्त कुमार सिंह, चंदा उरांव सहित अन्य जवान शामिल थे। यह कार्रवाई हजारीबाग पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिसने जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को नई धार दी है।

## एनएच-19 चौड़ीकरण कार्य में देरी, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : आजसू पार्टी के जिला सचिव मोनू अख्तर ने एनएच-19 चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य की धीमी गति को लेकर डिप्टी सेक्रेटरी से लिखित शिकायत की है। मोनू अख्तर ने बताया कि रिलायंस इंफ्रा द्वारा चौपारण से गोरहर तक लगभग 70 किलोमीटर लंबी सड़क के छह लेन चौड़ीकरण का काम पिछले आठ वर्षों से चल रहा है। जबकि परियोजना की समय सीमा केवल चार वर्ष निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि कार्य की धीमी गति के कारण अब तक सड़क का पचास प्रतिशत भी निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण में देरी और जर्जर सड़कों के कारण राहगीरों को लगातार जानलेवा दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला सचिव ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और समय पर काम पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने चोरदाहा पंचायत अंतर्गत दनुआ गाँव से अहरी नवाडीह तक सड़क की खस्ता हालत का भी ज़िक्र किया। इस सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, राहगीरों और वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। मोनू अख्तर ने सरकार से मांग की है कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर एनएच-19 चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाए और ग्रामीण सड़क का जीर्णोद्धार कराए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## चौपारण में अवैध आरा मशीन पर छापेमारी, भारी मात्रा में लकड़ी जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : वन माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। प्राप्त गुप्त सूचना पर चौपारण प्रादेशिक वन क्षेत्र की टीम ने हजारी धमना गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से चल रही आरा मशीन को धर दबोचा। मौके से भारी मात्रा में लकड़ी और मशीन का पाट जब्त किया गया। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीण हैरान रह गए, जब वन विभाग की टीम दनादन पहुंची और मशीन की गड़गड़ाहट अचानक थम गई। देखते ही देखते लकड़ियों का ढेर जब्ती सूची में शामिल कर लिया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने किया। उनके साथ वनरक्षी कृष्ण प्रसाद महतो, अजीत कुमार गंझों और कई दैनिक कर्मी मौजूद थे। सब ने मिलकर टीमवर्क का शानदार उदाहरण पेश किया। सूत्रों की मानें तो इलाके में लंबे समय से अवैध आरा मशीन का संचालन हो रहा था। कार्रवाई की भनक लगते ही संबंधित कारोबारी गायब हो गए। अब विभाग उनकी तलाश में जुट गया है। वन विभाग के प्रभारी पंकज कुमार ने स्पष्ट किया है कि जंगल की लकड़ी पर डाका डालने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी छापेमारी आगे भी लगातार जारी रहेगी। ग्रामीणों ने भी इस कार्रवाई की सराहना की। उनका कहना है कि अवैध लकड़ी कारोबार के कारण न केवल जंगल का नुकसान हो रहा था बल्कि इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही थीं।

## मवि खेरौन में शिक्षक-अभिभावक बैठक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में अशोक सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। संचालन प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास एवं कुमारी बिनीता सिंह ने किया। उपस्थित सदस्यों के बीच विद्यालय संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई । विद्यालय परिसर की साफ सफाई, प्रिंट रिच, प्लेग्राउंड का समुचित उपयोग विद्यालय में उपलब्ध कंप्यूटर, लैब, पुस्तकालय की उपयोगिता, निपुण भारत, अभिभावक कैलेंडर एवं खेलकूद विषयों पर भी चर्चा की गई। साथ ही बाल अधिकार, प्रोजेक्ट रेल, लर्निंग आउटकम्स, नियमित उपस्थित, स्वअध्यापन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उपस्थित सदस्यों से राय ली गई। साथ ही छात्रों को मिलने वाली अनिवार्य सुविधा, पोक्सो एक्ट, सुझाव पेटी, खोया पाया कूड़ा दान का उपयोग चेतना सत्र एवं विद्यालय को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले मुद्दे पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर ललिता देवी,सरिता देवी, नीतू देवी, नीलम देवी, पूर्णिमा देवी, चंचला देवी, अंजली देवी, संगीता देवी, नीतू देवी, रंजू देवी, ममता देवी, खुशबू देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, शांति देवी, मालती देवी, मंजू देवी, पिंकी देवी, अंशु देवी, सपना सिंह, सुनीता देवी, सुषमा देवी, प्रीति सिंह, सीमा देवी, मुकेश भुइयां, कामेश्वर यादव, निर्मल कुमार भुइयां, धीरेंद्र सिंह, लाल धारी यादव, अवध सिंह, उमेश सिंह बाल संसद के प्रधानमंत्री मयूर कुमारी, उप शिक्षा मंत्री मेहंदी कुमार, खेल एवं संस्कृति मंत्री सुप्रिया कुमारी, संसद सदस्य पायल कुमार, उप प्रधानमंत्री प्रति विंद कुमार, पर्यावरण मंत्री शनि कुमार, शिक्षा मंत्री सूरज कुमार यादव इत्यादि शामिल हुए।

## राजकीय मध्य विद्यालय झापा में साइकिल वितरण, बच्चों के चेहरे दिखी खुशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : झापा पंचायत के ग्राम झापा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण उत्साह और उमंग से भरा नजर आया। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में सुगमता एवं विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत साइकिल उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन एवं मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह उपस्थित हुए। दोनों अतिथियों ने बच्चों को साइकिल सौंपते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है। बच्चों को अब लंबी दूरी तय करने में कठिनाई नहीं होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा हेमवंती देवी तथा संयोजिका डोली देवी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल केवल साधन नहीं बल्कि शिक्षा की ओर एक सेतु है। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

# जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : यवनपुर पंचायत भवन में दादपुर संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा महिला संगठन का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दादपुर संकुल के कुल 25 महिला मंडल समूहों ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए, बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जेएसएलपीएस जुड़कर महिला दीदियां आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। महिलाओं में सकारात्मक बदल आ रहा है। कार्यक्रम के दौरान सभी महिला समूहों की दीदियों ने अपने-अपने संकुल का सालाना लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी प्रगति और वित्तीय प्रबंधन की झलक दिखी। कार्यक्रम में संकुल की अध्यक्ष सावित्री देवी, सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष दारो देवी, बीआरपी पूजा सिंह, प्रमिला सिंह, सरिता देवी, आरपी सरिता देवी, लेखापाल लेखा देवी, सीसी सुमित्रा देवी, अन्नू देवी, बीएपी सुलेखा देवी, पूनम देवी, ममता देवी, पिंकी देवी, कंचन देवी और बैंक सखी फातमा खातून ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### आरागारो की जीत, फुटबॉल टूर्नामेंट में दिखी शानदार खेल भावना

**चौपारण** : हजारीधमना में आयोजित टीपी रंजीत नंदकिशोर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में आरागारो टीम ने भटबिगहा को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक और शारीरिक मजबूती के लिए जीवन में खेल बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल सामूहिक एकता का प्रतीक है। विधायक, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, समाजसेवी ब्रहमदेव यादव आदि ने सामूहिक रूप से फाइनल मैच की शुरूआत किया। अतिथियों ने खेल भावना से खेलने की बात कही। पहले आरम्भ होने से पूर्व, अतिथियों ने दिवंगत त्रिपुरारी, रंजीत और नंदकिशोर की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पाण्डेयबारा में वार्षिक आमसभा में महिला सशक्तीकरण पर जोर



**चौपारण** : पाण्डेयबारा पंचायत भवन में आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहयोगी समिति लिमिटेड के तत्वाधान में पंचायतों की सखी दीदियों की वार्षिक आमसभा व महोत्सव हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन से जुड़ी महिलाओं को रोजगार के प्रति जागरूक कराने से था। मुखिया रेखा देवी ने महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि महिलाएं आज के दौर में किसी से भी कम नहीं हैं। लघु उद्योग से लेकर बड़े-बड़े उद्योगों में महिलाएं काफी आगे जा चुकी हैं, उन्होंने बैंक से हरसंभव मदद की बात कही। रेखा देवी न कहा कि महिलाओं को रोजगार के लिए इस संगठन से जुड़कर एक नयी शुरूआत करनी चाहिए। कहा कि महिलाएं प्राइवेट कंपनियों के झांसे में ना आयें। वे आज इंटरेस्ट के रूप में मोटी रकम वसूल रहे हैं, महिलाएं सरकारी संगठनों से जुड़ें व कम ब्याज दर पर छोटे व्यापार के लिए पैसा लें व अपने अपने जीवन को आत्मनिर्भर बनायें। कार्यक्रम के अंत में में बेहतर कार्य करनेवाली सखी दीदियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### चाणक्य आईएएस अकादमी में दुर्गा पूजा पर विशेष ऑफर, कोर्स फीस पर मिल रही भारी छूट



**हजारीबाग** : दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर चाणक्य आईएएस अकादमी ने छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है। देश की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में से एक चाणक्य आईएएस अकादमी ने यूपीएससी, जे पी एस सी और बीपीएससी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए कोर्स फीस पर विशेष छूट की घोषणा की है। चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा एवं जीएम रीमा मिश्रा ने घोषणा करते हुए बताया कि इस विशेष ऑफर के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों को सीमित समय के लिए कोर्सेज की फीस में भारी रियायत दी जा रही है। संस्थान के अनुसार, यह छूट दुर्गा पूजा के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए दी जा रही है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस मौके का लाभ उठा सकें और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा सकें। चाणक्य आईएएस अकादमी वर्षों से सिविल सेवा परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी करवा रही है और अब तक काफी संख्या में इस संस्थान से अफसर बन चुके है। यह छूट नए बैचों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए लागू होगी और इसमें प्रीलिम्स, मेन्स एवं इंटरव्यू की संपूर्ण तैयारी शामिल है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यह पहल उन छात्रों के लिए खास है, जो आर्थिक कारणों से बेहतर मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं। दुर्गा पूजा जैसे शुभ समय में हम चाहते हैं कि हर मेहनती छात्र तक गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी चाणक्य आईएएस अकादमी हजारीबाग इंस्टीट्यूट में संपर्क कर सकते हैं अवसर सीमित समय के लिए है।

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी संपन्न, शैक्षणिक विकास पर हुई चर्चा



**बरही** : उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के प्रांगण में विशेष शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष तौर पर छात्रों में लर्निंग गैप को पाटने पर चर्चा की गई ।अभिभावक शिक्षक सहयोग का समर्थन पर चर्चा की गई। रेल परीक्षा में बच्चों के प्रदर्शन के बारे में बताया गया एवं विस्तृत चर्चा की गई, शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी के समर्थन पर चर्चा किया गया । 100 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति को लेकर अभिभावकों से विशेष चर्चा की गई। अभिभावकों से विद्यालय की गतिविधियों एवं शिक्षा का फीडबैक लिया गया। अभिभावकों से संवाद तथा उनसे समन्वय की रणनीति तैयार की गई ।बैठक में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, शिक्षा ब्रांड अम्बेसडर परमेश्वर प्रसाद यादव, उप मुखिया रोहित यादव, समाजसेवी अरुण सिंह, नरेश प्रसाद यादव, प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष हरिताभ कुमार,समाजसेवी देव कुमार, आशीष यादव, अशोक यादव, शिक्षक पूनम मुर्मू, सुधा रश्मि, रश्मि टोप्पो, फैयाज आलम, दिलेश्वर प्रसाद, अताउल्लाह अंसारी, किरण देवी, संजू देवी, आरती देवी,राहुल रवि रॉय उपस्थित रहे। अभिभावक में फुलवा देवी, राजकुमार यादव सविता देवी सुमित्रा देवी सोहन यादव रामू यादव नानू यादव गीता देवी अरुण यादव काली यादव कौशल्या देवी अनीता देवी दुलारचंद को कैलाश को रोशन अंसारी चेतलाल यादव सहित कुल 261 अभिभावक उपस्थित हुए। संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक विक्रम प्रजापति व रश्मि द्विवेदी ने शिक्षक अभिभावक बैठक के एजेंडे पर विस्तार से बात रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी डॉ सुनील यादव ने किया।

### विद्युत चोरी के आरोप में 6 पर प्राथमिकी दर्ज



**बरही** : झारखंड ऊर्जा विकास निगम के निर्देश पर बरही में लगातार बिजली ऊर्जा की चोरी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बिजली चोरी के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिनके खिलाफ 79 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसमें धनवार निवासी मेहंदी हसन एवं मो कबीर पर 12500 - 12500 रुपए तथा धनवार निवासी बलायत हुसैन एवं मो सफीक पर 17500 - 17500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं धनवार निवासी मो कमरू 8500 एवं धनवार निवासी मोहम्मद जहांगीर पर 10500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## एक नजर

### झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को धमकी देने वाले आरोपित को झारखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड पुलिस ने उत्तर प्रदेश के सारनाथ थाना क्षेत्र जयंत कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद किया गया है। आरोपित लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। आरोपित गाजीपुर भागने के फिराक में था। लेकिन औड़िहार के पास रोडवेज बस से रास्ता रोककर पुलिस ने घेरा और आरोपित को पकड़ा। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आरोपित न सिर्फ शातिर था बल्कि एक गैंग खड़ा करने की तैयारी में था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। एमबीबीएस पास यह छात्र मेडिकल की मास्टर डिग्री की तैयारी कर रहा था और शिलांग (मेघालय) में भी इसका मकान है। उल्लेखनीय है कि 08 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। तुम इंतजार करो तुम्हें बहुत जल्द उड़ा देंगे हम लोग झारखंड के लिए निकल चुके हैं। मामले में मंत्री के निजी सचिव ने बोकारो स्टील सिटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### झारखंड के सात जिलों में 15 को भारी बारिश होने की आशंका

**रांची** : झारखंड के सात जिलों में 15 सितंबर को कहीं -कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसे लेकर शुक्रवार को मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है उनमें राज्य के उत्तर पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं। साथ ही विभाग ने इन जिलों से सटे झारखंड के मध्यवर्ती भागों में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका जताई है। विभाग ने 13 और 14 सितंबर को भी राज्य में कहीं-कहीं तेज गति से हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। हालांकि बीच-बीच में बादल भी छाए रहे। पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ में 58.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वही रांची में इस दौरान 56.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान 36.7 डिग्री सरायकेला में, जबकि सबसे कम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 35.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 35 डिग्री, बोकारो में 32.2 चाईबासा में 34.4 डिग्री, खूंटी में 32.6 और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **1) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-34,** चक्रधरपुर में डीआरएम कॉम्प्लेक्स से सेंट्रलाइज्ड सिग्नल स्टोर को हटाते हुए डीआरएम ऑफिस कॉम्प्लेक्स के बाहर स्थानांतरित करना। **निविदा मूल्य:** रु. 1,42,23,880.95, **बयाना राशि:** रु.2,21,100/-, **2) सीकेपी-ईस्ट-25-26-32,** चक्रधरपुर मंडल के आसनबोनी और सालगझरी स्टेशनों के बीच किमी 239/15-17 में रेलवे ट्रैक के नीचे पानी के लिए कैनल क्रॉसिंग हेतु 2.5 मी x 2.0 मी के आरसीसी बॉक्स स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 92,11,046.47, **बयाना राशि:** रु.1,84,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00 प्रत्येक हेतु। **खुलने की तिथि:** दिनांक 07.10.2025 (क्रम सं. 1 के लिए) और दिनांक 06.10.2025 (क्रम सं. 2 के लिए)। निविदा वेबसाइट **http:// www. ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/ सीटी/3ई/जीसीसी/ पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-619)**

# झारखंड के बालू घाटों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने को प्रतिबद्ध है हेमन्त सरकार : झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के उन आरोपों पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार पर बालू घाटों के लिए बनाई गई नियमावली को माफियायों और दलालों के लिए बनाने का आरोप लगाया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि हेमंत सोरेन सोरन की सरकार ने बालू घाटों के प्रबंधन और नीलामी के लिए जो नई नियमावली बनाई है, उसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना और अवैध उत्खनन पर रोक लगाना है। लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सिर्फ भ्रामक बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में जब वर्षों तक बालू माफिया सक्रिय रहे, तब बाबूलाल मरांडी ने चुप्पी साध ली थी। अब जब सरकार ने व्यवस्थित और पारदर्शी व्यवस्था बनाई है, तब उन्हें अचानक गरीब, आदिवासी और युवाओं की चिंता सताने लगी है। पेसा कानून पर भाजपा के सवाल पर झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून लागू करने और ग्राम सभा को अधिकार देने के प्रति प्रतिबद्ध है। लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में पारदर्शिता और पर्यावरणीय मानकों का पालन भी जरूरी है। समूह आधारित नीलामी से भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी। राजस्व बढ़ेगा और गांवों के विकास व युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में बालू घाटों से अवैध कमाई ने ही दलालों और माफियाओं को पनपने दिया था। हेमंत सरकार ने इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान किए हैं। बाबूलाल मरांडी द्वारा अधिकारियों का नाम घसीटना उनकी हताशा को दर्शाता है। विनोद पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है। बालू घाटों के अधिकार ग्राम सभा व कानूनी ढांचे के तहत ही निर्धारित होंगे। पार्टी ने मरांडी से अपील की कि वे निराधार आरोपों के बजाय राज्य के विकास में रचनात्मक सुझाव दें।

## आंगनबाड़ी कर्मियों को राष्ट्रीय कर्मचारी घोषित करे केंद्र : जेपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं को केंद्रीय कर्मचारी और राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए आंगनवाड़ी कर्मियों को वेतनमान लागू किया जाना चाहिए। आंगनवाड़ी सेविकाओं को केन्द्र सरकार की ओर से 24,800 रुपये से अधिक वेतनमान, ग्रेच्युटी, रिटायरमेंट और पेंशन का लाभ दिया जाए। पांडेय ने कहा कि आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका पिछले 50 वर्षों से बच्चों में कुपोषण दूर करने, गर्भवती और धात्री महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, बीएलओ कार्य और चुनावी प्रक्रिया तक में सेवा दे रही हैं। इसके बावजूद उन्हें केवल अल्प मानदेय मिलता है, जबकि उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। पांडेय ने इसे सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकार का प्रश्न बताया और कहा कि आंगनवाड़ी महिला कर्मचारियों को अभी तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देना कानून का खुला उल्लंघन है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील किया कि शोषित और पीड़ित आंगनवाड़ी कर्मियों को राष्ट्रकर्मी-राज्यकर्मी का दर्जा देकर सामाजिक संतुलन और समरसता की स्थापना सुनिश्चित होना चाहिए।

## युवाओं को नौकरी देने में फेल हुई सरकार : आजसू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : आजसू ने सरकार पर वादखिलाफी का आरोप लगाया है। आजसू के महासचिव संजय मेहता ने आजसू पार्टी मुख्यालय, रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में शुक्रवार को सरकार को आंकडों के जरिए युवाओं को नौकरी से वंचित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादे अनुसार नौकरी देने में असफल रही है। इससे विवश होकर युवा हर मामले को लेकर कोर्ट जाने को विवश हैं। संजय ने कहा कि पिछली बार भी सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने की बात कही थी। सरकार ने पांच साल में 25 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का झूठ बोलकर युवाओं के भविष्य और सपनों को मार दिया। वहीं दूसरे कार्यकाल में भी सरकार नौकरी के मुददे पर झारखंड के युवाओं को ठग रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किसी भी परीक्षा का पारदर्शी तरीके से आयोजन नहीं करा पायी है। हर परीक्षा पड जाती है विवादों में संजय ने कहा कि सरकार की ओर से आयोजित हर परीक्षा विवादों में पड जाती है। राज्य में परीक्षा माफिया सक्रिय हैं। पेपर लीक से युवा परेशान हैं। जेएसएससी सीजीएल के अंतिम परिणाम का प्रकाशन सरकार नहीं कर पा रही है। क्योंकि सरकार की सीआईडी जांच में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 पदों में 2231 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए, जबकि परीक्षा में कुल तीन लाख चार हजार 769 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्होंने सरकार से सीजीएल की निष्पक्ष जांच कर नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग की। संजय मेहता ने कहा कि सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में 15,409 पद खाली रह गए हैं। सरकार ने सभी 26,001 पदों के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं किया है। अभ्यर्थियों की मांगों को सुने सरकार नॉर्मलाइजेशन की पद्धति पर अभ्यर्थियों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अभ्यर्थियों की मांगों को सुनना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही दौड़ में 17 युवाओं की मौत हो गई, लेकिन युवाओं की नौकरी का कोई पता नहीं है। एक लाख 58 हजार 846 पद खाली उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में एक लाख 58 हजार 846 पद खाली हैं। लेकिन पिछले दो वर्षों में 2.07 लाख से अधिक स्वीकृत पद समाप्त हो गए।

## व्यापारियों और उद्यमियों की आवाज को और मजबूत करेंगे : तुलसी पटेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने गुरुवार को रांची के मेन रोड में भव्य पदयात्रा कर चैंबर सदस्यों से समर्थन मांगा। पदयात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने किया। रांची क्लब से सुबह 11 बजे शुरू हुई पदयात्रा रोस्पा टावर और चर्च कॉम्प्लेक्स से होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह चैंबर सदस्यों ने टीम का स्वागत किया और उत्साहपूर्वक समर्थन का भरोसा दिलाया। तुलसी पटेल ने कहा कि उनकी टीम चैंबर को नई सोच, पारदर्शिता और सक्रिय कार्यशैली के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प रखती है। हम व्यापारियों और उद्यमियों की आवाज को और मजबूत करेंगे। हमारी टीम में अनुभवी और युवा जोश का बेहतर तालमेल है, जो झारखंड के विकास में सार्थक योगदान दे सकता है। पदयात्रा के दौरान नवलजीत सिंह गांधी, आलोक मिनोचा, तनप्रीत सिंह कोहली, उत्सव परासर, संजय पटेल, हरजीत सिंह स्विंकी, सोनू मक्कड़ और मनप्रीत सिंह ने सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला, अरुण भरतीया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज मिश्रा, विकास झाझरिया, विनीता सिंघानिया, मोनिका गोयनका, विकास मोदी, कमलेश संचेती, संतोष अग्रवाल, सुमित कक्कड़, प्रकाश अग्रवाल समोता, कुलवंत सिंह समेत बड़ी संख्या में सदस्य शामिल थे।

## स्कूल बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची के खेलगांव में शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई। यह घटना एक सरला बिरला स्कूल बस और स्कूटी के बीच टक्कर होने से हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार की सुबह सरला बिरला स्कूल की बस (जेएच 01 2303) तेज गति से जा रही थी । इसी दौरान खेलगांव के पास बस ने स्कूटी पर सवार एक लड़की को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा स्कूटी सहित सड़क पर गिर गई और बस उसे कुचलते हुए निकल गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। लोगों में स्कूल बस ड्राइवर की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुटी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# सेल ने एससी/एसटी उद्यमियों के लिए विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल), रांची स्थित इकाइयों ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), एमएसएमई मंत्रालय और राष्ट्रीय एससी-एसटी हब कार्यालय (एनएसएसएचओ), रांची के सहयोग से 12 सितंबर, 2025 को प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, डोरंडा, रांची में एक विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम (एसवीडीपी) का आयोजन किया। यह कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 अभियान के तहत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों सहित लगभग 45 विक्रेताओं ने भाग लिया, जिन्होंने सेल के साथ साझेदारी करने और सार्वजनिक खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान करने के अवसरों की खोज की। कार्यक्रम में निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया- किरण मारिया तिरु, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, एनएसआईसी/ एनएसएसएचओ, रांची, एस. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक (सीईटी), सेल, एस. के. कर, कार्यकारी निदेशक (आरडीसीआईएस), सेल, संजय धर, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-निर्माण एवं विकास), सेल प्रबंधन ने समावेशी खरीद के महत्व, राष्ट्र निर्माण में सेल की भूमिका और सार्वजनिक खरीद में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के सरकार के आदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बोलते हुए, अधिकारियों ने मेक इन इंडिया, एमएसएमई सशक्तिकरण और समावेशी विकास के समर्थन के लिए सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विक्रेता क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सूचनात्मक सत्र आयोजित किए गए विश्वजीत आनंद, सहायक महाप्रबंधक (एमटीआई) - सेल में अपनाई जा रही खरीद प्रक्रियाओं पर प्रस्तुति दी। गौरव कुमार, सहायक निदेशक (एमएसएमई) - वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात अवसरों पर जानकारी साझा की। एस. के. चौधरी - एमएसएमई को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता पर एक सत्र दिया। सार्वजनिक खरीद नीति 2012 के बारे में जागरूकता पैदा करना, जिसमें कम से कम 25% खरीद एमएसई से अनिवार्य है, जिसमें एससी/एसटी के स्वामित्व वाली इकाइयों से 4% खरीद शामिल है। सेल के खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में एससी/एसटी उद्यमियों की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना। सेल संयंत्रों में विक्रेता अवसरों पर प्रकाश डालना, जिसमें उपभोग्य सामग्रियों, सेवाओं और परियोजनाओं को शामिल किया जाएगा, जो वित्त वर्ष 2031 तक 35 मिलियन टन प्रति वर्ष कच्चे इस्पात की क्षमता प्राप्त करने की सेल की विस्तार योजना से जुड़ी हैं। लगभग 45 विक्रेताओं की सक्रिय रूप से चर्चाओं में भागीदारी के साथ, इस बैठक ने उद्यमियों को सेल की खरीद टीमों के साथ सीधे बातचीत करने, विक्रेता पंजीकरण आवश्यकताओं का पता लगाने और एमएसएमई, एनएसआईसी और सरकारी योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध सहायता ढाँचों को समझने का एक मंच प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने 'पलाश वेंडिंग मशीन' और 'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' का किया शुभारंभ



**रांची** : झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को रांची के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सौरभ कुमार भुवनिया ने 'पलाश वेंडिंग मशीन' और 'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने दो मालवाहक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर योजना का औपचारिक उद्घाटन किया। 'पलाश वेंडिंग मशीन' का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों द्वारा निर्मित कृषि एवं घरेलू उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और उपभोक्ताओं को ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होंगे। 'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में यातायात सुविधा उपलब्ध कराते हुए ग्रामीण उत्पादों को बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शुभारंभ किए गए मालवाहक वाहन सखी मंडलों को नए रोजगार अवसर प्रदान करेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। उप विकास आयुक्त ने मरधान और तामाड़ आजीविका संकुल संगठन की दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक नया द्वार है। नियमित संचालन और पारदर्शी प्रबंधन से उनकी आय में वृद्धि होगी। वे बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकेंगी। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक सुदर्शन मुर्मू, डीपीओ मनरेगा, डीपीएम रांची निशिकांत नीरज, जिला प्रबंधक (स्किल), डीएमएमयू स्टाफ, तामाड़ प्रखंड के बीपीएम, मरधान और तामाड़ संकुल संगठनों की दीदियां तथा अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सच्चा मार्ग : चैतन्य मीरा

**रांची** : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को भक्ति और आनंद का अनोखा संगम देखने को मिला। कथा वाचन के दौरान मां चैतन्य मीरा ने रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव-गोपि संवाद का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के प्रारंभ में संस्था की सदस्यों ने आरती उतारी। इसके बाद गुरु मां ने ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में तनाव और गृह क्लेश का एकमात्र समाधान प्रेम है। परिवारों में प्रेम की कमी ही दूरियों का कारण बनती है। उन्होंने गोपियों के भक्ति भाव का उल्लेख करते हुए बताया कि ज्ञान से श्रेष्ठ प्रेम है, क्योंकि प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सच्चा मार्ग है। कथा के अंत में रुक्मणी हरण और विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मंच ने एक जरूरतमंद जोड़े का विवाह संपन्न कराया और उन्हें गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक सामग्री और उपहार दिया। मौके पर भक्तों ने मंगल गीत गाए और नृत्य के साथ आनंद उत्सव मनाया। कार्यक्रम में नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, प्रीती पोद्दार, बीना मोदी, बीना बूबना, प्रीती बंका, प्रीती अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, संगीता गोयल, ममता बूबना, ललिता नारसरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में तीन आरोपी को उच्च न्यायालय से मिली जमानत

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2024 में हुई झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) पेपर लीक मामले के तीन आरोपितों को जमानत दे दी है। फिलहाल तीनों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जिन तीनों आरोपितों को जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया, उनमें भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के जवान रॉबिन, कवि राज और राम निवास राय शामिल हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत ने तीनों को 20-20 हजार रुपये के निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत दी है।इससे पहले आरोपितों की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने अदालत के समक्ष दलील रखी। उल्लेखनीय है कि अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने अपनी पूरक चार्जशीट में पेपर लीक मामले में एजेंट का काम करने वाले रामनिवास राय, रामनिवास के भतीजे कविराज उर्फ मोटू और रॉबिन कुमार को आरोपित बनाया था। फिलहाल तीनों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं।

### झारखंड के बालू घाटों को माफियाओं व दलालों को सौंपना चाहती है सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के बालू घाटों की नीलामी के संबंध में बनाए गए नियमावली को लेकर हेमंत सोरेन सरकार को घेरा और बालू घाटों को माफियायों और दलालों के सौंपने की कोशिश का आरोप लगाया। बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को रांची के हरमू रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के बालू घाटों को पूरी तरह माफियाओं और दलालों को सौंपना चाहती है। राज्य सरकार माफियाओं, बिचौलियों, दलालों के इशारे पर काम कर रही है। ऐसा लगता है जैसे नियम माफिया, दलाल, बिचौलिए बना रहे और राज्य के मंत्री और वरीय पदाधिकारी उस पर आंख मूंद कर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता, तो फिर राज्य सरकार स्थानीय युवकों व बेरोजगारों को निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी दिलाने, 25 लाख तक के ठेका पट्टा स्थानीय युवकों, बेरोजगारों को देने की बात करती। सरकार बालू घाटों की नीलामी, बंदोबस्ती के लिए ऐसी नियम बनाती है, जिसमें गरीब, बेरोजगार, आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लोग भाग ही नहीं ले सकें। मरांडी ने कहा कि आज भले ही उच्च न्यायालय ने पेसा कानून नहीं लागू किए जाने के कारण बालू घाटों की नीलामी पर रोक लगाई है । लेकिन हेमंत सरकार की मंशा स्पष्ट हो गई कि यह सरकार ग्राम सभा को अधिकार नहीं देना चाहती और माफिया,दलालों के माध्यम से राज्य के खनिज संसाधनों को लूटना और लुटवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अब लूट का नया तरीका अपना रही। इसके तहत राज्य सरकार ने बालू घाटों को जिला स्तर पर समूह में बांटा है। जैसे गोड्डा जिला में 16 घाट ए समूह में हैं, जामताड़ा में 15 घाट ए में और 5 घाट बी समूह में,दुमका जिला में 14 घाट ए, 12 बी और 5 सी समूह में, सरायकेला के 4ए, 7बी समूह में, पूर्वी सिंहभूम में 3 ए और 2 बी, उसी प्रकार गिरिडीह जिले में 3 घाट ए, 2 घाट बी, 3 घाट सी, 6 घाट डी और 2 घाट ई समूह में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भी लूट का बड़ा खेल रचा गया है। पहले तो नीलामी की निविदा में आवेदन के लिए 15 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष के टर्न ओवर का शर्त लगाया गया।

## एक नजर

### अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई में दो वाहन जब्त

**पूर्वी सिंहभूम:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए जिला खनन कार्यालय की ओर से गहन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मध्य रात्रि में श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा चंदनपुर में लगभग 10,500 सीएफटी बालू खनिज का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित बालू को जब्त करते हुए श्यामसुंदरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसी क्रम में धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत काजू बागान भालकी मोड़ के पास छापेमारी के दौरान अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए दो हाईवा वाहन क्रमांक और को जब्त किया गया। दोनों वाहनों के विरुद्ध धालभूमगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है । अवैध खनन एवं परिवहन गतिविधियों पर जिला प्रशासन सख्त निगरानी रख रहा है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ।

### जितेंद्र ने लाखों का सामान लौटाकर पेश की अनूठी मिसाल

पश्चिमी सिंहभूम: जिला स्थित कराईकेला के बाउरीसाई गांव निवासी और कुड़मी विकास मोर्चा केंद्र के प्रवक्ता जितेंद्र महतो ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक खोया हुआ बैग उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचाया। बैग में करीब 70झ80 हजार रुपये मूल्य का टैब, मोबाइल, नया जूता सहित कई कीमती सामान था। घटना के अनुसार, जितेंद्र महतो किसी कार्य से कराईकेला से टेबो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान टेबो पंचायत अंतर्गत काडेदा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर उन्हें एक काले रंग का बैग मिला। उन्होंने बिना देर किए बैग को ग्राम मुंडा मानी हंस मुंडा को सौंप दिया और अपने कार्य में लग गए। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने बैग को अपना बताकर धोखे से उसे ले लिया और फरार हो गया। जब इस घटना की जानकारी जितेंद्र महतो को हुई तो उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से उस व्यक्ति को जंगल से खोज निकाला और बैग के साथ कराईकेला थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। बैग की जांच के दौरान उसमें एक लाइसेंस बरामद हुआ, जिससे उसके असली मालिक की पहचान गुमला निवासी किशन उरांव के रूप में हुई। शुक्रवार को किशन उरांव अपने मित्र के साथ कराईकेला पहुंचा। बैग में मौजूद सभी कीमती सामान सुरक्षित पाकर वे भावुक हो उठे।

किशन उरांव ने धन्यवाद स्वरूप जितेंद्र महतो को उपहार देना चाहा, लेकिन महतो ने यह कहते हुए साफ इनकार कर दिया कि समाजसेवा और ईमानदारी से जीवन जीना ही मेरा उद्देश्य है।

# दुर्गा पूजा को लेकर टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेनों के समय में बदलाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर से गुजरने वाली और आसपास के रूटों की कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। इसमें ट्रेनों का रद्द होना, समय परिवर्तन, मार्ग परिवर्तन और आंशिक समाप्ति और प्रारंभ शामिल है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार टाटानगर-गुवा-टाटानगर मेमू 13, 15, 16 और 19 सितंबर को रद्द रहेगी। इसी तरह टाटा-बरौनी-बोकारो मेमू और बरौनी-टाटा मेमू भी 16 से 20 सितंबर तक अलग-अलग दिनों में रद्द की गई है। 19 सितंबर को टाटा-गुवा मेमू की एक और सेवा रद्द रहेगी। वहीं बरौनी-टाटा एक्सप्रेस को 19 और 21 सितंबर को क्रमशः दो घंटे और 90 मिनट विलंब से चलाया जाएगा। वहीं हजारीबाग रोड से कड़महाट होकर चलने वाली हजारीबाग-कड़महाट-खड़गपुर एक्सप्रेस 16 सितंबर को दो घंटे देर से रवाना होगी। टाटानगर-आसनसोल मेमू 16 और 19 सितंबर को आद्रा से ही समाप्त और प्रारंभ होगी। दो दिनों तक आद्रा से आसनसोल तक इसकी सेवा नहीं मिलेगी। बर्धमान-हटिया मेमू भी 16, 18, 19 और 21 सितंबर को गोमो से ही चलेगी, हटिया तक इसकी सेवा रद्द रहेगी। जमशेदपुर-धनबाद एक्सप्रेस 15 से 19 और 21 सितंबर तक बोकारो स्टील सिटी से ही शुरू और समाप्त होगी। इसके अलावा धनबाद-बांकुड़ा पैसेंजर 21 सितंबर को एक घंटे की देरी से चलेगी। इसके अलावा टाटा-हटिया एक्सप्रेस को 16, 17 और 20 सितंबर को बदले हुए रूट पर चलाया जाएगा। यह ट्रेन चांडिल-गोड़बर्रा-मुरी होकर चलेगी, जबकि सामान्य दिनों में यह चांडिल-पुरुलिया-काशीपुर-मुरी होकर चलती है। पुरी-बरौनी एक्सप्रेस 15 और 16 सितंबर को नोमोडी स्टेशन पर नहीं रुकेगी। दुर्गा पूजा की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 08865/08866 नीतुरिया-शालिमार-नीतुरिया दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इसके समय में भी संशोधन किया गया है। इस ट्रेन का दुर्ग, भाटापारा और बिलासपुर स्टेशनों पर नया समय निर्धारित किया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा से पूर्व अपनी संबंधित ट्रेनों की अद्यतन जानकारी अवश्य ले लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवेदनों के त्वरित और समय पर निपटारे का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान नागरिकों ने दबंगों की ओर से प्रताड़ना, चौकीदार के रिक्त पदों पर भर्ती, खतियान और भूमि विवाद, विस्थापितों की मांग, बालू टेंडर से संबंधित विषयों सहित कई मुद्दों पर ज्ञापन और मांग पत्र सौंपे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो मामले विधिक, प्रशासनिक या तकनीकी दृष्टिकोण से संभव हैं, उनका निराकरण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए लंबित आवेदनों पर नियमित प्रगति रिपोर्ट देने और निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की जवाबदेही ही नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता कायम करने का भी माध्यम है। इस मौके पर चिकित्सा सहायता, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, पैतृक संपत्ति विवाद, बिजली मीटर की स्थापना, आधार और राशन कार्ड अद्यतन, एफआईआर पर कार्रवाई, लंबित भुगतान, ग्रेच्युटी राशि प्राप्ति और मृत्यु सहायता जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं।

## छात्रों को तनाव के शारीरिक और मानसिक प्रभावों के बारे में दी गई जागरूकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शुक्रवार को डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निदेशानुसार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सेमिनार का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास एवं उच्च विद्यालय पथुरिया जैनामोड बोकारो में किया गया जिसमें डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो द्वारा सभी विद्यार्थी को तनाव क्या है। इसके प्रकार जैसे सकारात्मक तनाव व नकारात्मक तनाव के बारे में जानकारी दी गई। श्री मिश्रा द्वारा बताया गया कि सकारात्मक तनाव हमें समस्याओं का सामना करने के लिये प्रेरित करता है। सभी छात्रों को बताया गया कि तनाव के मुख्य कारण मोबाईल का अधिकता प्रयोग, आर्थिक तंगी होना, नींद न आना, पारिवारिक समस्या होना, दैनिक परेशानियां हैं। श्री मिश्रा द्वारा सभी बच्चों को बताया गया यदि आपको यह शारीरिक लक्षण महसूस हो जैसे थकान, सिरदर्द, नींद के पैटर्न में बदलाव, पाचन में बदलाव, खटटी डकार आना, सांस फूलना, भ्रम की स्थिति, निर्णय लेने मे कठिनाई व आत्म विश्वास की कमी महसूस हो तो आप समझ सकते है कि आपको मानसिक तनाव है। डॉ मिश्रा द्वारा सभी बच्चों व शिक्षको को बताया गया कि हम अपने आपको को तनाव से मुक्त रखने के लिये क्या तरीका अपना सकते है। इसके लिये सुगंध का सहारा लें, गर्म पानी से नहायें, शराब का सेवन बिल्कुल नही करें, योग करे, टाईम मैनेजमेन्ट के अनुसार कार्य करें, अपनी सीमाओं को समझें, बहसबाजी न करे, चाय काफी का सेवन कम करें आदि। डॉ मिश्रा द्वारा अन्त में सभी लोगों को बताया गया कि तनाव से आजकल हर कोई ग्रसित है। सभी शारीरिक और मानसिक परेशानियों का जड तनाव ही है। एक सामान्य सा लगने वाला तनाव भी कई बीमारियों को जन्म देता है जिससे छुटकारा पाना आसान नही होता है इस लिए छोटी छोटी बातो को मन पर हावी न होने दें।

## अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने उपायुक्त से मांगा पर्यावरणीय मुआवजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा को लेकर अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने शुक्रवार को बोकारो उपायुक्त को विस्तृत प्रस्ताव पत्र समर्पित किया। संगठन ने आगामी त्योहारी सीजन में पूजा पंडाल, मेला आयोजक, दुकानदारों व डीजे-जनरेटर आपूर्तिकताओं की अव्यवहारिक व्यापारिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की। प्रस्ताव की प्रमुख बातें प्रत्येक आयोजन स्थल पर उपभोक्ता अधिकार पर्यवेक्षक/ निगरानी समिति गठित की जाए। स्थल पर उपभोक्ता संरक्षण संबंधी जानकारी और शिकायत हेतु दूरभाष संख्या के साथ बैनर प्रदर्शित करना अनिवार्य हो। दुकानदारों एवं आपूर्तिकताओं का व्यक्तिगत और व्यावसायिक विवरण संकलित किया जाए, ताकि बाद में भी उपभोक्ताओं को सहायता मिल सके। अस्थायी खाद्य विक्रेताओं के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करना व प्रदर्शित करना अनिवार्य किया जाए। विक्रय स्थल पर वस्तु या सेवा का नाम, मात्रा, मूल्य, निर्माण और उपयोगिता की तिथि साफ तौर पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। खाद्य सामग्री विक्रय स्थल पर नशे के पदार्थ और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। पॉलीथिन बैग और अमान्य प्लास्टिक का उपयोग भी पूरी तरह रोका जाए। किसी भी अनुचित व्यापारिक गतिविधि के लिए आयोजक समिति को भी जवाबदेह बनाया जाए। डीजल जेनरेटर और डीजे सेट आपूर्तिकताओं के लिए स्थायी अनुज्ञप्ति और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य हो। झारखंड राज्य व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के उल्लंघन पर प्रति दिन पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाए। प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति संगठन की ओर से यह प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष देव कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पा मिश्रा, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, रिंकु मलिक और सरीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## बोकारो थर्मल पावर प्लांट की बंद यूनिट की चिमनी सुरक्षित तरीके से ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो थर्मल पावर स्टेशन के बंद पड़े बी प्लांट की ऊंची चिमनी शुक्रवार को विशेषज्ञों की देखरेख में नियंत्रित तरीके से गिरा दी गई। करीब 275 मीटर यानी 800 फीट से भी ज्यादा ऊंची इस चिमनी को बारूद से ध्वस्त किया गया। इस दौरान सुरक्षात्मक मानकों का पूरी तरह ध्यान रखा गया। बताया गया कि बी प्लांट की दो नंबर यूनिट को काफी समय पहले प्रदूषण मानकों को पूरा न कर पाने के कारण बंद कर दिया गया था। इस यूनिट से बिजली उत्पादन भी पहले ही बंद हो गया था और उपकरणों का ऑक्शन किया जा चुका था। अब इस चिमनी को गिराकर ऑक्शन में खरीदार को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की गई है। शेष दो चिमनियों को भी आने वाले समय में इसी प्रकार गिराया जाएगा। 1953 में स्थापित बोकारो थर्मल पावर स्टेशन, दामोदर घाटी निगम का एक ऐतिहासिक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। यह संयंत्र कभी देश के शुरूआती विद्युत उत्पादन केंद्रों में गिना जाता था। लेकिन समय के साथ प्रदूषण मानकों और तकनीकी कारणों से इसके कई यूनिट बंद करने पड़े। डीवीसी ने अब इस क्षेत्र में नई ऊर्जा दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए बोकारो थर्मल स्टेशन को सौर ऊर्जा आधारित उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा का नया अध्याय शुरू होगा।

## जाति प्रमाण पत्र की मांग को लेकर समिति ने निकाला विरोध मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अनुसूचित जाति समन्वय समिति की ओर से विरोध मार्च निकाला गया। साकची आम बगान से शुरू हुआ यह मार्च पद्मश्री मुकुंद नायक के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों और सैकड़ों महिला-पुरुषों ने जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराया और उत्तराखंड उच्च न्यायालय और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर बेंच के आदेशों का हवाला देते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि धोबी, घासी, पासी, दुसाध, डोम, बाउरी, तुरी, चमार, भुइयां सहित अनुसूचित जाति की 22 उपजातियों के छात्र-छात्राओं और युवाओं को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में शिक्षा, नौकरी और योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समिति ने बताया कि 10 अगस्त 1950 से पूर्व निवास प्रमाण की शर्त औद्योगिक नगरी जमशेदपुर के दलित समाज के लिए अन्यायपूर्ण है, क्योंकि अधिकांश लोग टाटा कंपनी, रेलवे और सरकार की जमीनों पर बसे हैं और उनके पास उस समय के कोई कागजात नहीं हैं। नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए सामाजिक न्याय मंत्रालय के हालिया पत्र का हवाला दिया और उपायुक्त से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने की मांग की। साथ ही समिति ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर जमशेदपुर से रांची तक आंदोलन चलाया जाएगा।

# पुलिस की पहल : स्कूलों में रोड सेफ्टी, नशामुक्ति व साइबर अपराध पर जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसार शुक्रवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान पेंकनारायणपुर थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय कंजकीरों, ललपनिआ ओपी क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केरी तथा बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र उच्च विद्यालय जारंगडीह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को पुलिस अधिकारियों ने रोड सेफ्टी, यातायात नियम, नशामुक्ति, पोक्सो कानून, डायल 112, डायल 108, डायल 1930 जैसी त्वरित सेवा योजनाओं व साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक है। साथ ही ड्रग्स व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी देते हुए बच्चों को नशा न करने की प्रेरणा दी गई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध की पहचान और उससे बचाव के लिए जागरूक रहने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। विद्यालय प्रबंधन और छात्रों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और ऐसे जागरूकता अभियान को समाज और विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्जुन मुंडा ने इस्पात मंत्री से बीएसएल विस्तारीकरण पर की बात, कुमार अमित ने जताया आभार



**बोकारो :** स्टील प्लांट के विस्तारीकरण को प्रारम्भ होने में हो रहे विलंब को लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा ने दिल्ली में केन्द्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात किया। अर्जुन मुण्डा ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से इस परियोजना को झारखण्ड के विकास के लिए अहम बताते हुए विस्तारीकरण में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु झारखण्ड सरकार के साथ भी बात करने के प्रति इस्पात मंत्री को आश्वस्त किया और इस्पात मंत्री को इस दिशा में शीघ्र पहल करने का सुझाव दिया। इस परियोजना को बोकारो में प्रारम्भ कराने के लिए आम लोगों से पोस्टकार्ड लिखवा कर हस्ताक्षर अभियान चला रहे भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने श्री अर्जुन मुण्डा को इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करने पर बोकारो वासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। कुमार अमित ने कहा कि श्री अर्जुन मुण्डा पहले भी बोकारो स्टील प्लांट के लिए तारणहार रहे हैं । उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल के दौरान हुए बीएसएल के आधुनिकीकरण को प्रारम्भ कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे सेल प्रबंधन और राज्य सरकार के हर पहलू से अच्छी तरह वाकि फ हैं और उनके इस महत्वपूर्ण और गम्भीर प्रयास से बीएसएल का विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य प्रारंभ होना तय है।

### तंबाकू से मुक्ति के लिए एनसीसी कैडेटों को मिला प्रशिक्षण




**पश्चिमी सिंहभूम:** युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ सुशांत कुमार माझी के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें एनसीसी कैडेटों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भारती मिंज ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर तंबाकू की लत छोड़ी जा सकती है। उन्होंने तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों जैसे बालों का झड़ना, मोतियाबिंद, दांतों की सड़न, फेफड़े का कैंसर, दिल की बीमारी, अल्सर, गैंग्रीन, अस्थमा और श्वसन रोगों पर प्रकाश डाला। साथ ही तंबाकू के सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर भी जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता अनूप बागे ने युवाओं से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोटपा अधिनियम 2003 और इसके संशोधित प्रावधान 2021 का सख्ती से पालन कर तंबाकू सेवन पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बागे ने युवाओं से तंबाकू से दूर रहने और समाज को इसके खिलाफ जागरूक करने की भी अपील की। जिला परामर्शी मुक्ति बिरुआ ने सदर अस्पताल में संचालित तंबाकू निवारण केंद्र (टीसीसी) की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू की लत से छुटकारा चाहने वाले लोग यहां उपचार प्राप्त करा सकते हैं। इसके अलावा वे राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 1800–11–2356 पर भी संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस अवसर पर एनसीडी की जिला नोडल पदाधिकारी सिमिता जोजो, जिला कार्यक्रम सहायक विश्वनाथ हेम्ब्रोम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित थे।

### बारिश के कारण जर्जर विद्यालयों की मरम्मति जरूरी : रेणु

**पश्चिमी सिंहभूम:** जिला स्थित गुवा रामनगर स्थित राम मंदिर परिसर में शुक्रवार को स्थानीय महिला बाजार समिति की ओर से शिक्षा के विकास और क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति और मूलभूत सुविधाओं की कमी को तत्काल दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रही रेनू सिंह ने कहा कि क्षेत्र के कई विद्यालय बारिश के कारण बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। भवन और दीवारें टूट–फूट रही हैं, जिससे बच्चों के अध्ययन में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे विद्यालयों का शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। इस मौके पर अलका रजक ने शिक्षा के बहुआयामी महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल बौद्धिक विकास ही नहीं बल्कि भावनात्मक और सामाजिक प्रगति का भी आधार है। यह व्यक्ति को ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, तर्कसंगत सोच विकसित करती है और उन्हें बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। शिक्षा से व्यक्ति व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य विकल्प चुन पाता है, वित्तीय स्थिरता हासिल करता है और समाज का कार्यक्रम में रेनू सिंह के सहयोगी के रूप में मुस्कान सिंह, पूजा सिंह, बबीता सिंह, कुसुम देवी, गुड़िया पाठक, अनु, बेबी पाठक, अनीता गुप्ता, सरस्वती देवी, शकुंतला देवी, गीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

### लूटकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम:** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में गुरुद्वारा के पास हुई 30 लाख रुपये की लूटकांड का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि तीन अन्य की तलाश अभी जारी है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से लूट की रकम में से 10 लाख 69 हजार 700 रुपये, एक देसी पिस्टल, इनोवा कार और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मुख्य आरोपित राकेश कुमार मंडल उर्फ मंडल उर्फ पकौड़ी (41) को पंजाब से गिरफ्तार किया गया। उसके साथ ही रानीकुदर निवासी और साजिशकर्ता कमलेश दुबे, नोवामुंडी के सुधीर नारायण बेहरा (35) और सरायकेला के गणेश कुम्भकार उर्फ फुचा (25) को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, लूट की साजिश का मास्टरमाइंड कमलेश दुबे है, जो एक कूरियर कंपनी में कार्यरत था। एसएसपी पीयूष पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि कमलेश दुबे ने कारोबारी साकेत अग्रवाल को कई बार बैंक में बड़ी रकम ले जाते देखा था और उसी के बाद लूट की योजना बनाई। उसने पकौड़ी राकेश को इस वारदात में शामिल किया। राकेश ने ही कारोबारी से रुपये से भरा बैग छीना और हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गया था।

# पशु तस्करों ने की पुलिस को रौंदने की कोशिश, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** नेशनल हाइवे-98 पड़वामोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावा बाजार पुलिस चेकपोस्ट के पास मवेशी लोड वाहन ने पुलिसकर्मियों को रौंदने की कोशिश की। हालांकि इसके बाद पुलिस की कार्रवाई में दोनों वाहन पकड़े गए और उनके चालक को गिरफ्तार किया गया। दोनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी पहचान चैनपुर के लिधकी पूर्व के जुनाब अंसारी (35) और बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा के वंशीबिगहा के रंजीत कुमार (20) के रूप में हुई है। वाहन में भैंस, भैंसा और कडरू भरे हुए थे।



पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को सुबह 11 बजे गुप्त सूचना मिली कि पड़वामोड़ से छतरपुर की तरफ दो पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जाया जा रहा है। इसे लेकर नावाबाजार चेकपोस्ट के पास चेकिंग लगाया गया। 11.50 बजे दो पिकअप आती दिखी। रोकने का प्रयास किया गया तो उसके चालकों ने जान से मारने की नियत से पुलिस बल के उपर गाड़ी चढाने का प्रयास किया और चेकपोस्ट से आगे निकल गए। पीछा करके दोनों वाहनों (बीआर 26 जीबी 7046 एवं जेएच 03 एआर 5255) को पकड़ा गया और चालकों को गिरफ्तार किया गया। पशुओं के संबंध में पूछने पर चालक ने बताया कि पशु मालिक चैनपुर के पूर्णामझिगांवा के इकबाल मियां और नावा बाजार के सफीक आलम साह उर्फ छोटू और मनीर साह के कहने पर पशुओं को तरहसी से संडा, बिहार ले जा रहे थे।

## एक नजर

### पेयजल संकट को दूर करने के लिए खरीदा गया तीन मोटर और पैनल बोर्ड

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो के लोगों को अब पानी की किल्लत से निजात मिलने वाली है। विधायक सरयू राय की पहल पर जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तीन नए मोटर और एक पैनल बोर्ड खरीदे गए हैं। पैनल बोर्ड लंबे समय से क्षतिग्रस्त था, जिसके कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुराना मोटर आंशिक रूप से ही काम कर रहा था, जिससे इलाके में पेयजल संकट बढ़ गया था। जनता की गंभीर समस्या को विधायक ने विधानसभा सत्र में उठाया, इसके बाद यह समाधान संभव हो पाया।

## संक्षिप्त खबरें

### नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मिले विधायक नागेंद्र महतो, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**सरिया :** बगोदर विधानसभा क्षेत्र (29) के विधायक नागेंद्र महतो ने नई दिल्ली में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जनवितरण तथा बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया और एक लिखित आवेदन सौंपा। विधायक महतो ने बगोदर के 76 पंचायतों में जंगली हाथियों के आतंक, अंधेरे के कारण होने वाली जान-माल की क्षति और सर्पदंश की घटनाओं को रोकने के लिए सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटों की स्थापना की मांग की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने का भी अनुरोध किया। साथ ही, झारखंड की जनवितरण प्रणाली की दुकानों में लगी ई-ढक्कर मशीनों को 5G नेटवर्क से जोड़ने की मांग की, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर राशन वितरण सुनिश्चित हो सके।

### सीएसपी संचालक से अज्ञात हथियारबंद लोगों ने दिनदहाड़े लूटा लैपटॉप, कैश, मोबाइल और बाइक



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** ज़िले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंगारसी पंचायत अंतर्गत पकलो गांव में स्थित एसबीआई के सीएसपी संचालक रंजीत भगत के साथ आज शुक्रवार को अमड़ापाड़ा से पकलो गांव जाने के क्रम में बोका मोड़ के पास अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की छिनतई। मैके पर दो बाइक पर सवार थे बदमाश। सीएसपी संचालक के लैपटॉप, २.९५ लाख कैश, मोबाइल के साथ बाइक भी अपने साथ ले गए अपराधी। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के दसगोड़ा की ओर निकल भागें।

### विश्व मैत्री महोत्सवः बिहार के राज्यपाल ने मोनिला जैन को 'नारी शक्ति पुरस्कार' से किया सम्मानित



**सरिया :** जिले के पार्श्वनाथ मधुबन स्थित गुनायतन भवन में महावीरायातन फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व मैत्री महोत्सव में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खाँ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीआरपीएफ कैंप में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, डीसी रामनिवास यादव, एसपी डॉ. विमल कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मान समारोह में सरिया की मोनिला जैन को राज्यपाल के हाथों 'नारी शक्ति पुरस्कार' से नवाजा गया, जिसने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सरिया जैन समाज के विकास कुमार जैन, संतोष जैन, राजेश कुमार जैन, निर्मल कुमार जैन, रौनक जैन, सचिन जैन, रूपचंद जैन, राजीव जैन, संजय जैन और जैन महिलाओं का समूह भी बड़ी संख्या में मौजूद रहा। महावीरायातन फाउंडेशन के निदेशक देवेंद्र ब्रह्मचारी ने अतिथियों का स्वागत कर महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भारत दुनिया को शांति और क्षमा का संदेश दे सकता है, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपनी आंतरिक चेतना को जागृत कर सकता है। जिम्मेदार सदस्य बनता है।

### महिला ने की खुदकुशी की कोशिश, अस्पताल में चल रहा इलाज

**पश्चिमी सिंहभूम :** आजादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित चाणक्यपुरी में शुक्रवार को एक महिला ने खुद को आग लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। घायल महिला की पहचान नेहा कुमारी (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेहा कुमारी के पति शुभम सिंह रांची में नौकरी करते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर वे रांची से जमशेदपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। इधर, पुलिस मामले की जांच कर रही है और खुदकुशी के प्रयास के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के प्रांगण में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू एवं सुभाष कर्मकार , विश्वनाथ महतो भी हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार एवं शिक्षकों द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने दिया और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का विकास तभी संभव है जब विद्यालय और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दें। विधायक मंगल कालिंदी ने बालिकाओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में बालिकाओं हेतु शौचालय निर्माण की घोषणा की। विद्यालय में संचालित गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार एवं व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित संचालित गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के शिक्षक तुलसी महतो ने सभी अभिभावकों को जानकारी साझा किया। सभी अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं इस तरह की गतिविधि को देखकर प्रसन्नचित हुए।

### ईचाडीह-बाबूडीह में धूमधाम से मनाई जाएगी दुर्गा पूजा रानीगंज से आएगी जात्रा पार्टी : कल्याण चंद्र सिंह



**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के ईचाडीह-बाबूडीह गांव में श्री श्री सिंहराज बाबू सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा पूजा 2025 धूमधाम से आयोजित की जा रही है। समिति की स्थापना वर्ष 1969 में स्व. दरियाव सिंह एवं स्व. कुसुम कुमारी देवी ने की थी। इस परंपरा को आज भी बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाया जा रहा है और हर साल की तरह इस बार भी ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से आगे भी और बेहतर कार्यक्रम होंगे: कल्याण चंद्र सिंह श्री श्री सिंहराज बाबू सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के संचालन निदेशक सह बाबूडीह राज परिवार के सदस्य समाजसेवी कल्याण चंद्र सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा 2025 के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा की पूजा हमेशा से यहां पूरे हर्षोल्लास के साथ होती रही है और इस बार भी कार्यक्रम को लेकर गजब का जोश है। कल्याण सिंह ने कहा कि मैंने इस माटी में जन्म लिया है और माँ दुर्गा की पूजा को धूमधाम से मनाना मेरा सौभाग्य है। ग्रामीणों का सहयोग हमेशा मिलता रहा है, ग्रामीण ऐसे ही साथ दें, आगे और भी बेहतर कार्यक्रम होंगे। LD नृत्य, बुगी-बुगी और जात्रा पार्टी होगा मुख्य आकर्षक इस बार बाबूडीह में श्री श्री सिंहराज बाबू सार्वजनिक दुर्गा पूजा का मुख्य आकर्षण रानीगंज, कोलकाता से आने वाली जात्रा पार्टी होगी। इसे लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है- 01 अक्टूबर 2025 को छऊ नृत्य रात्री 10 बजे से, 02 अक्टूबर 2025 को बुगी बुगी डांस संध्या 2 बजे से तथा बाई नाच रात्री 10 बजे से और 03 अक्टूबर 2025 को रानीगंज की जात्रा पार्टी कार्यक्रम रात्री 10 बजे से आयोजित होगी।

### मंदिर में धर्मगुरुओं का संकल्पः बाल विवाह मुक्त समाज के लिए चलाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर चलाए जा रहे अंतरधार्मिक सप्ताहांत अभियान के तहत राजदह धाम नामक मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने एक मंच पर आकर बाल विवाह के खिलाफ सशक्त संदेश दिया और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड अभियान का हिस्सा है, जो दुनियाभर में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षित भविष्य के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष कर रहा है। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय धर्मगुरुओं ने उपस्थित भक्तों और ग्रामीणों को संबोधित किया। प्रमुख धर्मगुरु बालेश्वर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा, बाल विवाह लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। कम उम्र की लड़कियां शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह व मातृत्व के लिए तैयार नहीं होतीं। विवाह के बाद अक्सर बच्चियां स्कूल छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं और घरेलू बोझ तथा हिंसा की शिकार बन जाती हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों की शादी न कराई जाए और इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए सबको एकजुट होना चाहिए। इस अभियान के तहत भारत सहित दुनिया के 100 से अधिक देशों में धार्मिक नेताओं, मंदिरों, गिरिजाघरों, मस्जिदों और अन्य उपासना स्थलों से एक ही संदेश दिया जा रहा है- बाल विवाह को रोकना हमारा साझा कर्तव्य है। सरिया के राजदह मंदिर के धर्मगुरुओं ने भी इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे बाल विवाह मुक्त समाज बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे और हर स्तर पर जागरूकता फैलाएंगे। यह कार्यक्रम बनवासी विकास आश्रम द्वारा आयोजित किया गया, जो देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए नागरिक समाज के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से अधिक सहयोगी संगठन देश के 418 जिलों में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ जमीन पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# मॉडल कॉलेज राजमहल में हुआ 'नया भारत गढ़े' कार्यक्रम का आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल व रामकृष्ण मिशन मोराबादी, रांची के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रामकृष्ण मिशन द्वारा आगामी दिनों में आयोजित की जाने वाली क्विज प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा उनमें भागीदारी हेतु प्रेरित करना था। ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य महाराज के प्रेरक विचार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे रामकृष्ण मिशन, मोराबादी के ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवनी और विचारों से अवगत कराया। उन्होंने विवेकानंद के शिक्षा-दर्शन को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि - स्वामी विवेकानंद केवल भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका जीवन संदेश हमें आत्मविश्वास, परिश्रम और लक्ष्य प्राप्ति का मार्ग दिखाता है। महाराज जी ने विवेकानंद के प्रसिद्ध उद्गार उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक प्रयास करोह्न को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए कहा कि यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन जीने का मूलमंत्र है। उन्होंने विवेकानंद को विश्वाचार्य की संज्ञा देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विवेकानंद की शिक्षाओं और विचारों को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनाएं। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मॉडल कॉलेज, राजमहल के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना केवल जीतने का अवसर नहीं होता, बल्कि यह चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, बंधुत्व आचरण, आत्मविकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम है। विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें और जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ रमजान अली, डॉ विवेक कुमार महतो, डॉ अमित कुमार, डॉ सतपति मूर्ति झा, डॉ अभिमन्यु कुमार अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।


## कार्यालय-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची।
(समाज कल्याण शाखा)
(निविदा सूचना)

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राँची जिलान्तर्गत संचालित आँगनवाड़ी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform Sweater) का क्रय करने हेतु निविदा आमांत्रित की गई है।

इच्छुक प्रतिष्ठान मुहरबंद लिफाफे (तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग-अलग) में दिनांक 20.09.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, राँची में जमा कर सकते हैं एवं दिनांक 20.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे प्राप्त निविदा को जिला क्रय समिति द्वारा खोला जाएगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,
राँची।

PR 361764 Ranchi(25-26)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## एन० आर०ई०पी०-1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 12/2025-26

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०-1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०-1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 18.09.2025 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 19.09.2025 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 20.09.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०-1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Dining Shed at G.U.M.S, Bhuiya Toli Khelari | 419604.00 | 8500.00 | 750.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | Construction of Solar Powered Deep Boring Hand Wash Unit & Dining Shed at G.U.M.S Hesalong Khelari, Ranchi | 1191430.00 | 24000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | Construction of Solar Powered Deep Boring Hand Wash Unit Girl's toilet & Dining Shed at G.U.M.S Lapra Khelari, Ranchi | 1489641.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | Construction of Hand Wash Unit & Dining Shed at G.U.M.S Amba Tongri Khelari, Ranchi | 581850.00 | 12000.00 | 1250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | Construction of Solar Powered Deep Boring and Dining Shed at UM.S Mahavir Nagar Khelari, Ranchi | 1017205.00 | 20500.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at J.B.A.V. Khelari, Ranchi | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit & Dining shed at G.U.MLS. Dakra Khelari, Ranchi | 1191450.00 | 24000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | Construction of Solar Powered Deep Boriag, Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.MS. Sisai Chanho, Ranchi | 1345398.00 | 27000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit & Dining Shed at H.M.S. Honhe Chanho, Ranchi | 1191450.00 | 24000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | Construction of Dining Shed at G.U.M.S, Purna Ray Khelari, Ranchi | 439604.00 | 8500.00 | 750.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | Construction of Hand Wash Unit & Dining Shed at G.U.M.S. Hutap Khelari, Ranchi | 583850.00 | 12000.00 | 1250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | Construction of Solar Powered Deep Boring & Dining Shed at G.U.M.S. Hutar Chanho, Ranchi, | 1047205.00 | 21000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 13 | Construction of Solar Powered Deep Boring at J.B.A.V Bijuliya Ratu, Ranchi. | 607600.00 | 12200.00 | 1250.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 14 | Construction of Solar Powered Deep Boring & Dining Shed at G.U.M.S. Hehal Ratu, Ranchi | 1017205.00 | 20500.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 15 | Construction of Solar Powered Deep Boring & Dining Shed at G.U.M.S, Tilta Rato, Ranchi. | 1017205.00 | 20500.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 16 | Construction of Solar Powered Deep Boring & Hand Wash Unit & Dining Shed at G.U.MS. Chitakota Ratu, Ranchi. | 1191450.00 | 24000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 17 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.M.S. Pancha Ormanjhi, Ranchi. | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 18 | Construction of Solar Powered Dcep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.M.S. Khirabera Ormanjhi, Ranchi. | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 19 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Gird's Ormanjhi Foilet & Dining Shed at G.ULMS. Khatanga, Ormanjhi, Ranchi. | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 20 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.M.S. Chutupalu Ormanjhi, Ranchi, | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 21 | Construction of Dining Shed at G.U.MS. Kolpara, Khelari, Ranchi | 439604.00 | 8500.00 | 750.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 22 | Construction of Dining Shed at G.U.M.S. Palu Ormanjhi, Ranchi | 439604.00 | 8500.00 | 750.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 23 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.M.S, Kute, (Urdu) Ormanjhi, Ranchi. | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 24 | Construction of Solar Powered Deep Boring, Hand Wash Unit Girl's Toilet & Dining Shed at G.U.M.S. Banıne, Khelari, Ranchi. | 1489643.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :- 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-1, रॉची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०-1,राँची

PR 361757 NREP(25-26).D

# नेपाल का लोकतंत्रः पुराने वर्चस्व से नई चुनौती तक

नेपाल हिमालय की गोद में बसा छोटा-सा देश है। आकार में भले छोटा हो, लेकिन राजनीति और जातीय समीकरण के लिहाज से इसकी जटिलता किसी बड़े देश से कम नहीं। नेपाल पिछले तीन दशकों से लोकतंत्र का प्रयोग कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह लोकतंत्र अब भी अधूरा है। सत्ता और संसाधनों पर एक ही वर्ग का कब्जा है–पहाड़ी ब्राह्मण और क्षत्रिय जातियाँ। संसद से लेकर प्रशासन और सेना तक, हर जगह यही जातियाँ हावी हैं। मधेशी, जनजातीय, दलित और महिलाएँ अब भी सत्ता की सीढ़ियों के निचले पायदान पर खड़ी हैं।

1990 में नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की वापसी हुई थी। जनता को उम्मीद थी कि अब सत्ता में विविधता आएगी और हर समुदाय को बराबरी का अवसर मिलेगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। 1990 से अब तक नेपाल ने 13 प्रधानमंत्री देखे। इनमें से 10 पहाड़ी ब्राह्मण और 3 क्षत्रिय रहे। यानी 35% मधेशियों की आबादी होने के बावजूद एक भी मधेशी प्रधानमंत्री नहीं बन पाया। जनजातीय और आदिवासी समूह संसद में मौजूद हैं, लेकिन उनके नेता केवल प्रतीकात्मक पदों तक सीमित रहे। दलित और महिलाएँ तो आज भी सत्ता के सबसे हाशिये पर खड़ी हैं। यह तस्वीर बताती है कि नेपाल का लोकतंत्र कितनी गहरी जातीय असमानता से ग्रस्त है। लोकतंत्र के नाम पर चेहरे तो बदले, लेकिन सत्ता का चरित्र वही रहा–ब्राह्मण और क्षत्रिय केंद्रित।

नेपाल की आधी से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। यही वह नई पीढ़ी है जिसे जनरेशन- कहा जाता है। यह सोशल मीडिया, पॉप कल्चर और वैश्विक राजनीति से जुड़ी हुई है। इनके लिए जाति और वंश की राजनीति पुरानी और अप्रासंगिक है। यह पीढ़ी पारदर्शिता चाहती है, समान अवसर चाहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बदलाव को केवल सोचती नहीं बल्कि मांग भी करती है।

सवाल यही है कि क्या नेपाल की पुरानी सत्ता संरचना इतनी आसानी से टूट जाएगी? नेपाली कांग्रेस, वटछ और माओवादी जैसे दल दशकों से सत्ता पर काबिज हैं। इनके नेता ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से आते हैं और इनकी पकड़ प्रशासन, सेना और नौकरशाही तक फैली हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्ता में बैठे लोग कभी आसानी से अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते।

अगर बदलाव की इस मांग को दबाया गया, तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। युवा पीढ़ी पहले ही अधीर है। वे सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी और सपनों को साझा कर रहे हैं। अगर उनकी आवाज दबाई गई, तो असंतोष सड़क पर आंदोलन में बदल सकता है। नेपाल ने पहले भी जनआंदोलन देखे हैं और इतिहास गवाह है कि जब जनता चाहती है, तो कोई भी सत्ता ढांचा स्थायी नहीं रह पाता।

नेपाल आज दो राहों पर खड़ा है। एक तरफ पुरानी राजनीति है, जहाँ सत्ता कुछ जातियों के बीच बंटी हुई है। दूसरी तरफ नई राजनीति है, जो समावेशी, पारदर्शी और युवाओं से जुड़ी है। असली सवाल यह है कि क्या नेपाल जातीय ढांचे वाली राजनीति से आगे बढ़ पाएगा या नहीं। अगर नेपाल ऐसा कर पाता है तो दक्षिण एशिया में एक मिसाल बन सकता है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में भी राजनीति अक्सर वंशवाद और जातीय समीकरण में उलझी रहती है। नेपाल अगर इस ढांचे से बाहर निकलता है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा होगी। लेकिन अगर पुरानी सत्ता संरचना कायम रहती है, तो लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा। युवाओं का भरोसा टूटेगा और यह भरोसा टूटना किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है।

## सूडोकु नवताल- 7551

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7550 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# व्यक्ति और राष्ट्र के विकास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा का महत्व

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

स्कूलों और विश्वविद्यालयों की मैकाले शिक्षा, राष्ट्रीय और व्यक्तिगत चरित्र दोनों के विकास के लिए अपर्याप्त है। संघ शाखा सम्पूर्ण व्यक्तित्व और चरित्र के विकास हेतु ये महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करती है ताकि ऐसे युवाओं का निर्माण किया जा सके जिनकी आकांक्षा हर राष्ट्र रखता है, क्योंकि ये जीवन कौशल और राष्ट्र निर्माण की मानसिकता हमारे शिक्षण संस्थानों में कभी नहीं सिखाई जाती।

व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र दोनों के विकास के लिए एक मजबूत आध्यात्मिक, बौद्धिक और भावनात्मक क्षमता आवश्यक है। तभी एक ऐसा चरित्र निर्मित हो सकता है जो अपनी ऊर्जा "राष्ट्र प्रथम" के सिद्धांतों के अनुसार निर्देशित करे, जिससे वह समाज और देश के हित के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हो। ऐसे में, एक घंटे की शाखा बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक क्षमता के आवश्यक स्तर को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। विभिन्न शाखा गतिविधियों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहलू नेतृत्व गुण, चुनौतियों का आनंद लेने की क्षमता, भारत माता की सेवा पर एकनिष्ठ ध्यान, टीम वर्क, आत्मीयता और परियोजना प्रबंधन कौशल को बढ़ावा देते हैं। वे सामाजिक समभाव को भी बढ़ावा देते हैं, नियमित रूप से और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान निःस्वार्थ सेवा गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं और भारतीय मानसिकता को उपनिवेशवाद से मुक्त करते हैं।

"भारतीयत्व" का संस्कृत में शिक्षक के निदेर्शों के साथ-साथ शाखा में संस्कृत के स्तोत्र और प्रार्थना से गहरा संबंध है। पहला कारण यह है कि यदि हम वास्तव में भारत के गौरव को समझने में रुचि रखते हैं तो संस्कृत सीखने से हमें वैदिक और प्राचीन ज्ञान को समझने में मदद मिल सकती है, जो मानव जाति की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का आधार है। संस्कृत अध्ययन का दूसरा भाग हमारी स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं से संबंधित है। शोधकताओं ने प्रदर्शित किया है कि प्रतिदिन संस्कृत में मंत्रों का जाप करने से स्मृति और संज्ञानात्मक कार्य में सुधार होता है। शाखा में की जाने वाली गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गुणों को बढ़ावा देना है, जिनमें सहयोग, वर्तमान में रहने का महत्व, कार्यों में गतिशीलता, नेतृत्व गुण, समस्या-समाधान क्षमता, बेहतर संचार, चुनौतियों का मिलकर आनंद लेना और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर काम करना शामिल है।

शाखा में बौद्धिक चर्चा या संवादः प्रत्येक स्वयंसेवक तथ्यात्मक इतिहास, समसामयिक मुद्दों और कार्यों, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों और समाधानों का ज्ञान प्राप्त करता है, और अच्छे वक्ताओं का विकास करता है जो विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, विभिन्न विषयों पर जनता को तथ्यात्मक रूप से संबोधित करते हैं, और लोगों को "राष्ट्र प्रथम" के दृष्टिकोण से कार्य करने के लिए एकजुट करते हैं। शाखा उन असंख्य सफल वक्ताओं के लिए पूर्णतः उत्तरदायी है , जैसे सभी सरसंघचालक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दीनदयाल जी उपाध्याय, दत्तोपंत जी ठेंगड़ी और हजारों स्वयंसेवकों जो समाज के हर वर्ग से जुड़ने की क्षमता विकसित करते हैं। शाखा ने 50 से अधिक बड़े संगठनों के संस्थापकों और कई पदाधिकारियों को तैयार किया है जो बड़े पैमाने पर राष्ट्र की सेवा करते हैं, जिससे वे राष्ट्र के सुधार के लिए इतना बड़ा प्रयास करने में सक्षम हुए। योग और प्राणायाम शरीर और मन को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। मन के दृढ़ और शांत होने से पूरा दिन स्फूर्तिदायक होता है।

### शाखा क्या है? यह कैसे कार्य करती है?

"शाखा" राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक स्थानीय इकाई है। जहाँ नियमित गतिविधियाँ और बैठकें एक घंटे के लिए आयोजित की जाती हैं। ये शाखाएं आरएसएस की संचालनात्मक और आधारभूत इकाइयाँ हैं और संगठन की संरचना और संचालन के लिए आवश्यक हैं। शाखा की व्यवस्था आरएसएस के जमीनी, विकेन्द्रीकृत संगठनात्मक ढांचे के लिए आवश्यक है। यह संगठन को स्थानीय स्तर पर अपनी उपस्थिति स्थापित करने और अपने राष्ट्रीय विचार और सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने में मदद करती है।

शाखा शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण, दोनों का एक स्थल है, जो अपने स्वयंसेवकों में अनुशासन, राष्ट्रवाद और कर्तव्य की भावना को प्रोत्साहित करती है। आरएसएस का मुख्य लक्ष्य उच्च नैतिक मानकों और निःस्वार्थ सहायता की भावना वाले स्वयंसेवको का विकास करना है। ₹शाखाओं₹ के माध्यम से, संगठन अपने सदस्यों, जिन्हें स्वयंसेवक कहा जाता है, को नैतिक, बौद्धिक और शारीरिक शिक्षा प्रदान करता है जो सामुदायिक सेवा, अनुशासन और देशभक्ति के गुणों का संचार करती है। संघ राष्ट्र निर्माण की प्रेरक शक्ति है। यह अपने सदस्यों और फलस्वरूप समाज में देश के प्रति प्रेम और समर्पण की गहरी भावना का संचार करना चाहता है। कई कार्यक्रमों के माध्यम से, शाखा का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का विकास करना है जो राष्ट्र की एकता और कल्याण के लिए समर्पित हों। संघ का एक सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देना है। हिंदू सांस्कृतिक जड़ें होने के बावजूद, यह संगठन एक बहुलवादी और समावेशी समाज को बढ़ावा देता है। विभिन्न आबादियों के बीच सद्भाव और समझ को बढ़ावा देने के लिए अंतर्धार्मिक चर्चा और सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। भारत का सांस्कृतिक इतिहास कुछ ऐसा है जिसे संघ संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। साहित्य, पारंपरिक कलाओं और त्योहारों का सम्मान करने वाली पहलों के माध्यम से, समूह का लक्ष्य सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करना और बनाए रखना है जो राष्ट्र की पहचान के लिए आवश्यक हैं।

लोगों और समुदायों को चुनौतियों के लिए तैयार करना संघ के लिए महत्वपूर्ण है। इसका लक्ष्य स्वयंसेवकों को संकट प्रबंधन कौशल, शारीरिक फिटनेस और आपात स्थिति के दौरान कुशलतापूर्वक प्रतिक्रिया करने की क्षमता प्रदान करना है, जो समाज के लचीलेपन के लिए संगठन के समर्पण को प्रदर्शित करता है। संघ का दर्शन और लक्ष्य एकात्म मानव दर्शन, हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों में दृढ़ता से जुड़े हुए हैं। अपने विविध मिशन के माध्यम से, संघ का लक्ष्य एक मजबूत, शांतिपूर्ण और सांस्कृतिक रूप से जीवंत भारत बनाने में मदद करना है।

संघ की दैनिक "शाखाएँ", शारीरिक अभ्यास, वार्ता और व्यायाम पर जोर देने के लिए प्रसिद्ध हैं। यह दिनचर्या अनुशासन स्थापित करके और प्रतिभागियों में जवाबदेही की भावना को प्रोत्साहित करके चरित्र विकास में मदद करती है। संघ द्वारा प्रदान की जाने वाली संरचित गतिविधियाँ समग्र व्यक्तिगत विकास चाहने वाले युवाओं के लिए एक विशिष्ट अवसर प्रदान करती हैं। आपदा सहायता उन कई सामाजिक परियोजनाओं में से एक है जिनमें संघ सक्रिय रूप से शामिल है। युवा अक्सर समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने की इच्छा व्यक्त करते हैं और संघ इन पहलों के लिए एक मंच प्रदान करता है। बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना सेवा करने के लिए संगठन का समर्पण युवाओं के अपने स्थानीय समुदायों पर वास्तविक और रचनात्मक प्रभाव डालने के लक्ष्यों के अनुरूप है।

संघ का नैतिकता और आचार-विचार को बढ़ावा देने पर जोर समाज पर इसके प्रभाव का एक और पहलू है। चरित्र विकास पर इस ध्यान का लाभकारी प्रभाव पड़ता है। यह कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों के विकास को बढ़ावा देकर व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करता है जो अपनी बातचीत और व्यवहार में नैतिक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। अपनी नियमित "शाखाओं" के माध्यम से, संघ अपने सदस्यों में अपनेपन और एकजुटता की भावना विकसित करने में मदद करता है। सामाजिक, धार्मिक और भौगोलिक बाधाओं से परे, सांप्रदायिक भावना सद्भाव और समाज के प्रति दायित्व की साझा भावना को बढ़ावा देती है। समुदाय को बढ़ावा देने पर संघ का ध्यान एक ऐसा सामाजिक ताना-बाना बनाने में मदद करता है जो अधिक सामंजस्यपूर्ण और मजबूती से जुड़ा होता है। संघ के अनुसार, शाखा के पीछे का विचार इस प्रकार हैः "भगवा ध्वज, एक खुले खेल के मैदान के बीच में लहराता है।"

# आतंकवाद की भूमि बनता भारत, जिम्मेदारी से भागते इस्लामी संगठन

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत के सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है आतंकवाद। यह चुनौती देखा जाए तो सीमा पार से आने वाली गोलियों और बारूद से कहीं अधिक खतरनाक और विध्वंसक है, क?योंकि इसमें एक खास विचारधारा भी है जो देश के भीतर युवाओं के दिमाग में धीरे-धीरे जहर भर रही है। हाल ही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने जिस टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। उसमें दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध आतंकियों के पास से बम बनाने की सामग्री और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। वस्तुतः इनकी गिरफ्तारी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत की धरती पर इस्लामिक आतंकवाद की जड़ें फैलाने की कोशिशें लगातार तेज हो रही हैं।

### गिरफ्तारी का नेटवर्क और पाकिस्तान की भूमिका

सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में चार से पाँच राज्यों में छापेमारी की गई और आठ से अधिक लोगों से पूछताछ हुई। पुलिस ने साफ किया कि इन संदिग्धों के संबंध पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क से हैं और सोशल मीडिया के जरिए यह लोग लगातार विदेशों में बैठे आकाओं के संपर्क में थे। जांच एजेंसियों ने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे यह दिखाने के लिए पर्याप्त हैं कि भारत को अस्थिर करने के लिए एक संगठित प्रयास चल रहा है। अशरफ दानिश नाम का शख्स इस पूरे नेटवर्क का प्रमुख सदस्य बताया गया। वह भारत में रहकर आतंकी मॉड्यूल का संचालन कर रहा था, साथ ही मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आतंकी गतिविधियों की तरफ आकर्षित करने की भूमिका भी निभा रहा था।

इस दौरान पुलिस के ध्यान में यह भी आया कि इसके लिए सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम था जहां से ये अपनी आतंकी विचारधारा को आसानी से फैला सके। अब बार-बार इस तरह की घटनाओं को देखकर ये विश्वास हो चला है कि आज का आतंकवाद केवल बम, बारूद और हथियारों से नहीं लड़ता। उसका असली युद्धक्षेत्र युवाओं का दिमाग है। फेसबुक, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आतंकियों के लिए एक हथियार बन गए हैं। इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) पहले ही यह साबित कर चुका है कि "वर्चुअल खलीफत" का सपना इंटरनेट के जरिए दुनिया भर के युवाओं को प्रभावित करके फैलाया जा सकता है। भारत में भी इसी तर्ज पर गुप्त ऑनलाइन समुदाय बनाए जा रहे हैं, जहाँ सांप्रदायिक नफरत, धार्मिक कट्टरता और हिंसक विचारधाराओं को परोसा जा रहा है। यही तो इस बार पकड़े गए इन संदिग्धों के पास से भी ये पैटर्न सामने आया है।

### भारत की संवेदनशील जमीन और अतीत की त्रासदियाँ

भारत पूर्व भी आतंकवाद की मार झेल चुका है। 1993 के मुंबई धमाकों से लेकर 2001 के संसद हमले और 2008 के 26/11 हमलों तक हर बार जांच में पाकिस्तान-आधारित नेटवर्क का हाथ सामने आया। पुलवामा का कायराना हमला भी अब तक नहीं भुलाया जा सका। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि बताती है कि भारत बार-बार आतंकवाद का निशाना बनता है और अब नए मॉड्यूल्स सोशल मीडिया के जरिए खड़े किए जा रहे हैं। चिंता इसलिए भी ये बड़ी है, क्योंकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश है। यहाँ करोड़ों मुसलमान रहते हैं, जिनमें से भारी बहुमत शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं। लेकिन समस्या यह है कि उनमें से ही एक वर्ग आतंकी संगठनों की नजर में आता है। वह हिंसा और गैर मुसलमानों के खिलाफ कार्य करता है, जिसे वह जिहाद की संज्ञा देता है।

पहले तो चलो; कहा जाता था कि मुसलमानों में बेरोजगारी अधिक है, इसलिए युवा भटक जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में सामने आए आर्थिक आंकड़ें तो यही बता रहे हैं कि अब देश में बहुसंख्यक हिन्दू और मुसलमानों के बीच आर्थिक और सामाजिक असमानता न के बराबर रही है। अपनी जनसंख्या के अनुपात में मुसलमानों की स्थिति कई जगह हिन्दुओं से भी बेहतर हुई है। तब फिर यह प्रश्न ही समाप्त हो जाता है कि मुसलमान युवा को बेरोजगारी के नाम पर भटकाया जा रहा है। यानी कोई अन्य तत्व अवश्य ऐसे मौजूद हैं, जोकि मुस्लिम युवा को आतंकवादी बनने के लिए प्रेरित करते हैं! ऐसे में स्वभाविक है कि इस तरह के तत्वों को खोजा जाए, किंतु ये कार्य करे कौन?

### इस्लामी संगठनों की बढ़ती जिम्मेदारी

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है; जब देश के भीतर युवाओं को गुमराह करने की कोशिशें हो रही हैं, तब इस्लामिक संगठनों की भूमिका क्या है? भारत में मुसलमानों के पास अपने कई बड़े और प्रभावशाली संगठन हैं। ये संगठन केवल धार्मिक मामलों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी मुखर भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे आतंकवाद और कट्टरपंथ के मुद्दे पर भी साफ और दृढ़ रुख अपनाएँ।

### जमीयत उलमा-ए-हिन्द और जिम्मेदारी का सवाल

1919 में स्थापित जमीयत उलमा-ए-हिन्द भारत का सबसे पुराना और बड़ा मुस्लिम संगठन है। यह दारुल उलूम देवबंद से जुड़ा माना जाता है। यह संगठन धार्मिक मार्गदर्शन, सामाजिक न्याय और कानूनी सहायता में सक्रिय रहता है। लेकिन सवाल यह है कि जब देश की सुरक्षा पर सीधा हमला हो रहा है, तो क्या जमीयत खुलकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होता है? क्या यह संगठन युवाओं को संदेश देता है कि आतंकवाद इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है?

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की सीमाएँ

1973 में बना ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हमेशा पर्सनल लॉ यानी शरीअत से जुड़े मुद्दों-तलाक, निकाह, विरासत-पर सरकार और अदालतों के सामने खड़ा दिखता है। लेकिन आतंकवाद और कट्टरपंथ जैसे बड़े मुद्दों पर इसकी चुप्पी अक्सर सवाल खड़े करती है। जब यह बोर्ड तलाक-ए-हलाला या तीन तलाक पर घंटों बहस करता है, तब यह क्यों नहीं कहता कि आतंकवाद मुसलमानों की छवि को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचा रहा है और इसे जड़ से खत्म करना होगा? क्यों नहीं ये अपने समाज के लिए जनजाति का अभियान लेता?

### जमात-ए-इस्लामी हिन्द की विचारधारात्मक जिम्मेदारी

1941 में बनी जमात-ए-इस्लामी हिन्द अबुल आला मौदूदी की विचारधारा से प्रभावित है। यह संस्था शिक्षा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। लेकिन आलोचकों का मानना है कि इसकी विचारधारात्मक पृष्ठभूमि कहीं-न-कहीं कट्टरपंथ की जड़ों से जुड़ी है। ऐसे में इस संगठन की जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है कि यह साफ और सख्त शब्दों में आतंकवाद का विरोध करे और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पहल करे।

### देवबंद और नदवा की भूमिका

दारुल उलूम देवबंद 1866 में स्थापित एक मशहूर मदरसा है। यह इस्लामी शिक्षा और फ़िक़्ह का बड़ा केंद्र है, जिसकी गूँज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। नदवतुल उलमा, लखनऊ भी पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा को जोड़ने की कोशिश करता है। यदि ये दोनों संस्थान साफ-साफ यह कहें कि आतंकवाद और हिंसा इस्लाम के खिलाफ हैं और इसे फैलाने वाले लोग गुनहगार हैं, तो यह संदेश न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के मुसलमानों तक जाएगा।

# हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता के बावजूद देश में उपेक्षा क्यों?

ललित गर्ग

हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजनात्मक अवसर नहीं, बल्कि हमारी भाषाई अस्मिता राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रयोजनात्मक प्रतीक है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रूप में हिंदी विश्व की उन चुनिंदा भाषाओं में से एक है जिसे करोड़ों लोग अपनी मातृभाषा, संपर्क भाषा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक वैश्विक मंचों पर हिंदी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। दुनिया के लगभग 180 देशों में हिंदी बोलने वाले हैं और अंग्रेजी, मंदारिन, स्पेनिश, अरबी जैसी भाषाओं की सूची में हिंदी भी अब शीर्ष स्थानों पर दर्ज है। फिर भी विडंबना यह है कि अपने ही देश में हिंदी को कई बार विरोध का सामना करना पड़ता है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता के नाम पर हिंदी के प्रति असहजता दिखाई जाती है। जबकि वस्तुतः हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाली संपर्क-भाषा है। भारत की भाषाई संरचना में हिंदी एक केंद्रीय सूत्र की तरह है। यदि अंग्रेजी को शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी का आधार बनाया जा सकता है, तो हिंदी का विरोध केवल मानसिक दासता का परिणाम माना जा सकता है।


आज वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जापान ने जापानी, फ्रांस ने फ्रेंच, चीन ने मंदारिन और जर्मनी ने जर्मन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और व्यापार की भाषा बनाया है। ये देश अपनी भाषाओं को वैश्विक बनाते हुए भी अन्य भाषाओं से संवाद स्थापित करते हैं। जबकि भारत में अभी भी अंग्रेजी के प्रति अनावश्यक मोह और हिंदी के प्रति हीनभावना देखने को मिलती है। यह स्थिति हिंदी की उपयोगिता और सामर्थ्य के विपरीत है। हिंदी न केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा है बल्कि विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, मीडिया, सिनेमा और व्यापार में भी अपनी जगह बना रही है। इंटरनेट पर हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिंदी को अपने प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक भाषा का स्थान दिया है। यह हिंदी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

हिंदी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भारत को एकजुट करने और विश्व-पटल पर उसकी सांस्कृतिक छवि को मजबूत करने में अनिवार्य है। भाषा केवल बोलचाल का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। इसलिए हिंदी का विरोध करना अपने ही सांस्कृतिक आधार को कमजोर करना है। विश्व के 180 से अधिक देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं और अमेरिका, कनाडा, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, खाड़ी देशों व यूरोप में हिंदी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इंटरनेट की भाषा के रूप में हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन चुकी है। यह वह स्थिति है जिसकी कल्पना दशकों पहले असंभव मानी जाती थी। लेकिन हिंदी की यह ख्याति केवल आज की तकनीकी क्रांति का परिणाम नहीं है, यह हमारी जड़ों में, संस्कारों में एवं राष्ट्रीयता की भावना में समायी हुई है।

स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने राष्ट्र को जोड़ने, जन-जन को जागृत करने और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को 'जनमानस की भाषा' और 'राष्ट्रभाषा' कहा। लोकमान्य तिलक, पं. नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे, सुभाषचंद्र बोस और सरदार पटेल सभी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार माना। हिंदी प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम की लौ प्रज्वलित की। 'प्रताप', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'सरस्वती' जैसी पत्रिकाओं ने जनजागरण का काम किया। कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाओं से जनमानस को ऊर्जा दी-भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर मैथिलीशरण गुप्त तक, सबने हिंदी को स्वतंत्रता संग्राम का शस्त्र बनाया। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक अनेक नेताओं ने हिंदी के उत्थान और प्रतिष्ठा के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिंदी की पहचान को सशक्त किया और यह संदेश दिया कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय संवाद की भी भाषा बन सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनेक वैश्विक मंचों-ब्रिक्स सम्मेलन से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक, पर हिंदी में अपने वक्तव्य देकर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उनके प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र में हिंदी विभाग का विस्तार हुआ और हिंदी समाचार बुलेटिन व डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी का प्रसार बढ़ा। आज वैश्विक स्तर पर भी हिंदी की उपस्थिति लगातार मजबूत हो रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी सामग्री का उपयोग प्रतिदिन बढ़ रहा है। अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स जैसी वैश्विक कंपनियां हिंदी कंटेंट को प्राथमिकता दे रही हैं। यूनेस्को और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिंदी का अनुवाद और प्रयोग बढ़ा है। अंग्रेजी के प्रति अंधमोह और हिंदी के प्रति हिचक एवं उपेक्षा एक प्रकार की मानसिक गुलामी का ही प्रतीक है। भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र में हिंदी का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह एक साझा संवाद का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा और आधुनिक भारत की पहचान है।

## दैनिक पंचांग

**13 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.06 बजे से |
| चंद्र | वृष में | तुला | 08.17 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.31 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.47 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.52 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.39 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.22 बजे से |
| | | मिथुन | 23.20 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | कर्क | 01.34 बजे से |
| | | सिंह | 03.50 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 256 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 07.24 बजे तदनन्तर सप्तमी 05.05 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 10.12 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 10.33 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.24 बजे, विष्टि 18.12 बजे तदनन्तर बव 05.05 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872466 **जूलियन दिन** 2460931.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 20 **विशेष** सप्तमी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जेल में सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरे का हो बेहतर इंतजाम : डीसी

**रामगढ़** : डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने शुक्रवार को जिला कारा समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त और एसपी अजय कुमार ने उपकारा में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग सहित अन्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि जेल में सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरे का बेहतर इंतजाम हो। बैठक के दौरान उपायुक्त और एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार करने और इससे संबंधित रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### ब्लड बैंक में 17 स्वास्थ्य कर्मियों ने किया रक्तदान

**खूंटी** : जिले के ब्लड बैंक में एक बार फिर खून की कमी हो गई है। इससे जरूरतमंद मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ब्लड बैंक में खून की कमी को दूर करने के उद्देश्य से जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव की पहल पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग खूंटी के कर्मियों ने ही स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 17 स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदान किया, जिसमें शंकर गुड़िया, डीबर सुरीन, प्रदीप महतो, रवि जीवन लकड़ा, साऊ मुंडा, संजू साहु, प्रिस्का होरो, मो नवाज अंसारी, रोशन कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह, डॉ विकास भेंगरा, शम्भू मिश्रा, एसपी सिंह, कृष्णा कच्छप, जस्टिल होरो, चंद्रशेखर महतो और तुनित बाखला शामिल हैं। शिविर के आयोजन में एलटी सुशांत कुमार और सुजीत नाग का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से ब्लड बैंक में फिलहाल रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। मौके पर डॉ आनंद किशोर उरांव ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि रकतदान करने वालों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनने की प्रक्रिया तेज होती है, हृदय और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है और मानसिक संतुष्टि भी मिलती है।

### अभिवंचित वर्ग को लाभ पहुंचाएं अधिकारी : बीडीओ

**खूंटी** : तोरपा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का आगाज प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नवीन चंद्र झा, जेएसएलपीएस की डीपीएम मनीषा सांचा, अंचल अधिकारी पूजा बिन्हा और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूजा कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में प्रखंड की चौदह पंचायतों के कार्यकारी विभाग से पांच-पांच सदस्य जिसमें मुखिया, पंचायत सचिव, सामुदायिक चिकित्सक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, वन कर्मी और प्रदान और आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में इस बात पर बल दिया गया कि विभिन्न विभाग आपस में समन्वय स्थापित का ग्रामीण क्षेत्रों के सभी चिह्नित 51 गांवों में वंचित वर्ग को लाभ पहुंचाएं। प्रशिक्षण को गतिविधि के आधार पर संचालित किया गया।

# सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ का भुरकुंडा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : भुरकुंडा सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी सुविधाओं को लेकर विचार साझा किया। इसके साथ ही मजदूर हित में संघ की सभी मांगों पर अविलंब पहल करने की मांग की गई। इसके उपरांत महाप्रबंधक को केंद्रीय कोयला मंत्री और कोयला सचिव के नाम 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो और संचालन क्षेत्रीय सचिव शंभू सिंह ने किया। अवसर पर मुख्य रूप से




सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री शशिभूषण सिंह, बीएमएस जिला मंत्री शिवशंकर सिंह, वरीष्ठ नेता भवानी प्रसाद, जेपी अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद उपस्थित रहे।धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महामंत्री शशिभूषण सिंह ने कहा कि कोयला उद्योग में 50 वर्षों से अनुभवी कर्मियों ने देश को उर्जा प्रदान करने में सतत प्रयास किया है। लेकिन वर्तमान में ठेका, आउटसोर्सिंग और एमडीओ के माध्यम से काम कराने पर जोर दिया जा रहा है। कोयला खनन में नियमित कर्मचारी की भागीदारी न्यूनतम 50 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कहा कि बड़ी संख्या में अनुभवी नियमित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में नियमित गैर अधिकारी कर्मचारियों की भर्ती होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया नहीं की जा रही है, खनन कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। मांगों पर पहल नहीं किए जाने पर संघ बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए भी तैयार है।मौके पर क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता, भुरकुंडा शाखा अध्यक्ष नौशाद आलम, भुरकुंडा शाखा सचिव अनिल पासवान, बिरसा शाखा अध्यक्ष दिनेश मुंडा, बिरसा शाखा सचिव संतोष पांडेय, उरीमारी शाखा सचिव सुभाष चंद्र ओझा, भुवन राम, सुरेंद्र तिवारी, ललन कुमार, राहुल राय, रविशंकर सिंह, सरोज कुमार राणा, जयनारायण प्रसाद मेहता, शिव पूजन सिंह, दिनेश करमाली, सुखु मांझी, सुखचैन सिंह, रंजीत मुंडा, उदय उरांव, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, जगमोहन बेदिया, सिराजुद्दीन अंसारी, अर्जुन भर, शुभम कुमार, अफरोज, दशाराम मांझी, राजकुमार, सत्येंद्र चौधरी, रंजीत तिवारी, रितेश कुमार राय, मो. दानिश, धीरज कुमार, राजू उरांव, नीरज, ललकु करमाली, भीम महतो, संजय कुम्हार, सीताराम हेंब्रम, अमरदीप, विनोद साव, लक्ष्मीनारायण प्रसाद, घनश्याम कुमार, दशरथ मांझी, भवानी शंकर प्रसाद, कुमार देवेंद्र शरण, भाभोग्रही महांतो, कन्हैया सिंह, वीणा कुमारी, गीता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कारा समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## फिल्म और सोशल मीडिया ने माना हिंदी का महत्व : राजकुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : बिरसा कॉलेज में हिंदी दिवस और राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मादक पदार्थ और नशा मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम शुक्रवार को चलाया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग ने किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत और खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी सार्थकता पर प्रकाश डाला। कैसे हिंदी भाषा भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बनी उसकी इस यात्रा का वर्णन उन्होंने किया। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आज हिंदी का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, फिल्म और सोशल मीडिया सभी को हिंदी के महत्व



को स्वीकार करना ही पड़ा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा क्षेत्रीयता से राष्ट्रीयता की ओर ले जाने का मार्ग तैयार करती है और सभी स्थानीय भाषाओं को उचित महत्व और सम्मान भी देती है। डॉ संगीता संगा ने हिंदी भाषा के मानकीकरण और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि किस प्रकार आज पूरे विश्व में हिंदी भाषा ने रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। फिल्म और साहित्य के क्षेत्र में डबिंग और अनुवाद में रोजगार उत्पन्न किए हैं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की डॉ प्रियंका कुमारी ने किया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी तारीफ लुगुन के नेतृत्व में मादक पदार्थ और नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ लुगुन ने बच्चों को नशा करने के दुष्परिणाम से अवगत कराया और नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया।

## दनुआ विद्यालय में बैठक, बच्चों की पूर्ण उपस्थिति और व्यावसायिक शिक्षा पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर हरे-भरे पहाड़ों और पठारों के बीच अवस्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दनुआ में शुक्रवार को द्वितीय शिक्षक-अभिभावक बैठक का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक सह चेकपोस्ट प्रभारी चोरदाहा बिंदेश्वर कुमार महतो उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक रतन कुमार वर्मा ने की जबकि मंच संचालन शिक्षक प्रेम कुमार ने किया। प्रधानाध्यापक रतन वर्मा ने बैठक के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए 6 से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना, कक्षा 12 तक पूर्ण शिक्षा पर बल देना, ड्रॉपआउट की संख्या कम करना, लर्निंग गैप को दूर करना तथा विद्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों की 100% उपस्थिति सुनिश्चित करना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को अभिभावकों के सामने दर्पण रूपी प्रस्तुत करना तथा व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करना समय की मांग है। मुख्य अतिथि बिंदेश्वर कुमार महतो ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठक बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है।

## खूंटी जिले के 18वें स्थापना दिवस पर खूंटी क्लब में काटा गया केक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : खूंटी में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। सरकारी स्तर पर जिला स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण करने की परंपरा रही है, लेकिन उस परंपरा का निर्वहन तक नही किया गया। शहर के सामाजिक संगठन खूंटी क्लब के सदस्यों ने इस दिन को जरूर याद किया। क्लब परिसर में सदस्यों ने जिला गठन के इस दिन को याद करते हुए केक काटा और जिले वासियों को जिला स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने कहा खूंटी जिला समृद्ध संस्?कृति, सभ्यता एवं प्राकृतिक सौंदर्य वाला जिला है। खूंटी को जिला बने 18 साल हो चुके हैं। इन 18 सालों में खूंटी जिला ने आगे चलना सीख लिया है। हालांकि खूंटी का जितना विकास होना चाहिए था नहीं हो पाया है। राजकुमार गुप्ता राज, कृष्णचंद्र मिश्रा, महेश चौधरी, ज्योतिष भगत, राजकुमार गुप्ता राजू और संतोष गुप्ता ने कहा कि खूंटी भगवान बिरसा की धरती है। संघर्ष इसकी पहचान रही है। उन्होंने कहा की ऐसा नही है कि खूंटी जिला का विकास नहीं हुआ है,विकास के कई सारे कार्य किए गए है। लेकिन शहरवासियों को जाम से मुक्ति अब तक नही मिल पायी है। हम आशा करते हैं कि इसी प्रकार प्रगतिशील विचारों के साथ खूंटी जिला समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।

# रामगढ़ में पुलिस समीक्षा बैठक : लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : शुक्रवार को क्रान्ति कुमार गडिदेशी, पुलिस महानिरीक्षक, उ०छो० प्रक्षेत्र, बोकारो के रामगढ़ जिला आगमन एवं प्रस्थान के समय अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के नेतृत्व में परिचारी प्रवर मंटु यादव, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक, उ०छो० प्रक्षेत्र, बोकारो एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक, कार्यालय में रामगढ़ जिला के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/ रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी, रामगढ़ के साथ बैठक किया गया। बैठक में रामगढ़ जिला के विशेष प्रतिवेदित लंबित काण्डों जैसे महिला उत्पीड़न, हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी,



आर्म्स एक्ट इत्यादि काण्डों की समीक्षा की गई तथा काण्डों का उदभेदन कर साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त की गिरफ्तारी / कुर्की जप्ती की कार्रवाई करते हुए काण्ड को अविलम्ब निष्पादन करने तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित काण्डों को 60 दिनों के अन्दर निष्पादन करने साथ ही पूर्व से लंबित काण्डों का जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। लूट, डकैती, छिनतई, गृहभेदन, फायरिंग की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने, संगठित अपराधिक गिरोह के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने, सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने एवं अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के द्वारा दिये गये निदेशों के आलोक में पुलिस महानिरीक्षक उ०छो० प्रक्षेत्र, बोकारो के द्वारा निम्नाकिंत बिन्दुओं पर समीक्षा किया गया- ऐसे काण्ड जो विशेष प्रतिवेदित है, परन्तु 03 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसमें पर्यवेक्षण टिप्पणी समर्पित नहीं किया गया है। ऐसे काण्ड जिसमें पर्यवेक्षण टिप्पणी समर्पित होने के 03 माह के बाद भी प्रतिवेदन-02 निर्गत नहीं किया गया है। ऐसे काण्ड जिसमें 06 माह से अधिक समय से कोई विशेष प्रगति प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया है। ऐसे काण्ड जो विशेष या अविशेष प्रतिवेदित, जिसमें 06 माह से अधिक समय से डायरी समर्पित नहीं की गई है। ऐसे काण्ड जिसमें वारंट प्राप्त है, परंतु 06 माह से अधिक समय से गिरफ्तारी / कुर्की की कार्रवाई नहीं की गयी है। पुलिस महानिरीक्षक उ०छो० प्रक्षेत्र, बोकारो के द्वारा समीक्षोपरांत सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी / पुलिस निरीक्षक को अपने-अपने अधिक्षेत्र के थानों में जाकर उक्त बिन्दुओं एवं लंबित काण्डों की समीक्षा करते हुए काण्ड का उद्भेदन करते हुए त्वरित गति से काण्ड का निष्पादन करनें, संपत्तिमूलक अपराध, लूट, छिनतई, गुहमेदन, संगठित अपराधिक गिरोह पर अंकुश लगाने हेतु आसूचना तंत्र को मजबूत करनें, तकनीकी अनुसंधान करने, निष्पादित काण्डों में समर्पित किये जाने वाले आरोप पत्र/अंतिम प्रतिवेदन की प्रविष्टि सी०सी०टी०एन०एस० के। सभी पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशिक्षित करने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर चोरी का पदार्फाश, बासल पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया



**भुरकुंडा** : बासल थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टैक्टर नम्बर जेएच 01 ईएफ 8809 एनटीपीसी प्लांट का अल्युमिनिय/ स्टील का रिबन/कॉइल चोरी कर ले जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस दल-बल सहित ट्रैक्टर को पीछा किया गया और रसदा गांव में चोरी का अल्युमिनिय स्टील का रिबन कॉइल ट्रैक्टर सहित बरामद कर लिया गया। साथ ही मौके से एक अभियुक्त अशोक कुमार साहू को घटनास्थल से ही गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का पुत्र पीटर साव मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस द्वारा थाना प्रभारी कैलाश कुमार को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी और ट्रैक्टर को थाना ले आई और अशोक साव पर चोरी का केस दर्ज कर जेल भेजा दिया गया।

### जिंदल फाउंडेशन का प्रयास रंग लाया, सुनीता बिरहोर का रामगढ़ कॉलेज में नामांकन



**रामगढ़** : जिंदल फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों से पतरातु के डाडिडीह बिरहोर कॉलोनी की बेटी सुनीता बिरहोर को उच्च शिक्षा का अवसर मिला है। इंटर तक पढ़ाई में सहयोग करने के बाद फाउंडेशन ने उसका रामगढ़ कॉलेज में स्नातक स्तर पर नामांकन कराया है। साथ ही सुनीता के लिए हॉस्टल में रहने और खाने-पीने की संपूर्ण व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी ने अपने कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में सुनीता को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन का यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायी है और अन्य संस्थाओं को भी इससे सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर ने भी सुनीता और जिंदल फाउंडेशन को शुभकामनाएं दीं तथा उज्वल भविष्य की कामना की। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में जिंदल फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्य कर रहा है विशेषकर वंचित तबके से आने वाले बच्चे। इस अवसर पर सुनीता के माता-पिता ने जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के प्रति आभार प्रकट किया।

### पुत्र का लम्बी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य के लिए जीवित्पुत्रिका 14 को : ज्योतिषाचार्य



**इटखोरी** : माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि संतान की लम्बी आयु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत प्रत्येक वर्ष अश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है और इस वर्ष 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार को मनाया जाएगा वहीं बताते चलें कि सनातन धर्म में व्रत-उपवास का विशेष महत्व माना गया है। इन्हीं व्रत में से एक जितिया व्रत है, जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है। इस दिन जितिया माता, भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। यह व्रत खासतौर पर माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना के लिए करती हैं। इसे कठिन व्रतों में गिना जाता है क्योंकि इसमें माताएं निर्जला उपवास करती हैं यानी पूरे दिन न तो भोजन करती हैं और न ही जल ग्रहण करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत से संतान पर आने वाले संकट दूर होते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल जितिया व्रत कब रखा जाएगा। तीन दिनों का होता है यह व्रत:13 सितम्बर दिन शनिवार को नहाय खाय से शुरू होकर 14 सितम्बर को रात दिन उपवास कर 15 सितम्बर को ब्राह्मण को दान दक्षिणा देकर प्रात: 06:26 के बाद पारण किया जाएगा। अफवाहों से बचें: समाज मे नाना प्रकार की भ्रांति फैलाई जा रही है करना है नहीं करना है इतने समय मे करना है अफवाहों से बचते हुवे आप बड़े प्रेम से व्रत 14 सितम्बर की रात्रि में करें अगर दिन में भी करना चाहें तो कर सकते हैं जो यह व्रत का शुरूआत करना चाहते हैं वह भी बड़े प्रेम से करें कोई नुकसान नहीं होगा वरन लाभ ही होगा। जीवित्पुत्रिका व्रत के लाभ: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जितिया व्रत करने से संतान की सुरक्षा होती है और उनका जीवन सुखमय होता है. माताएं इस पूजा के बाद अपने बेटे और बेटी के सुखद भविष्य की कामना करती हैं, जिससे ये व्रत और भी महत्वपूर्ण बन जाता है. जितिया व्रत एक ऐसा अवसर है, जो माताओं की संतान के प्रति अटूट प्रेम और संजीवनी शक्ति का प्रतीक है। जीवित्पुत्रिका व्रत की पौराणिक कथा: धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माना जाता है कि इस व्रत की शुरूआत कलियुग में हुई थी। कथा के अनुसार जीमूतवाहन नामक एक राजा ने एक स्त्री के पुत्र को बचाने के लिए स्वयं को गरुड़ देव के भोजन के रूप में प्रस्तुत कर दिया। उनकी यह नि:स्वार्थ भावना देखकर गरुड़ प्रसन्न हो गए और उन्हें वैकुंठ जाने का आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने अन्य बच्चों को भी पुनर्जीवित कर दिया। तभी से यह परंपरा प्रारंभ हुई कि माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा और दीघार्यु के लिए जीमूतवाहन देवता की आराधना करते हुए यह उपवास रखती हैं।

### केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय में द्वितीय शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

**चौपारण** : के.बी.एस.एस. +2 उच्च विद्यालय चौपारण में द्वितीय शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कालीचरण राम ने की। इस अवसर पर एसएमसी के अध्यक्ष दिलीप राणा और उपाध्यक्ष मीना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति, अनुशासन और परीक्षा परिणामों में सुधार के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण महेश प्रसाद वर्णवाल, नागेश्वर वर्मा, महेश महतो, संजय कुमार राम, शिव कुमार, राधा कृष्ण पाठक, विवेक कुमार, विजय कुमार, अमित रंजन सिंह, किशन कुमार, रेशमी कुमारी, सुलेखा कुमारी, सुषमा कुमारी, नीरज कुमार, राम लखन पाण्डेय, प्रीति कुमारी, दीपक गुप्ता और जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा समाजसेवी एवं अभिभावक प्रतिनिधि बीरेन्द्र राणा, अंकुर कुमार, इन्द्रजीत कुमार, निवास चन्द्र सिन्हा और विनय कुमार सहित कई अन्य अभिभावक भी बैठक में शामिल हुए। अंत में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि बच्चों की शिक्षा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और सभी मिलकर विद्यालय के समग्र विकास में योगदान देंगे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस सफल संचालन हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अनुमंडल अस्पताल राजमहल के उपाधीक्षक तथा जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी 16 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत प्रमुख बातें:**




1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों/किशोरों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजॉल निःशुल्क दी जाएगी। यह दवा जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाएगी। गैर-पंजीकृत एवं स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र में दवा खिलाई जाएगी।

**दवा वितरण के समय ध्यान रखने योग्य बातें:**

दवा खिलाने से पहले और बाद में बच्चों को साबुन-पानी से हाथ धोना अनिवार्य। 1-2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली (पानी में चूरा कर)। 2-3 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली (पानी में चूरा कर)। 3-19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खिलाई जाएगी। दवा घर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। बच्चों को शिक्षक/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में ही दवा दी जाएगी।

**महत्वपूर्ण निदेर्शः**

बीमार बच्चों अथवा किसी दवा का सेवन कर रहे बच्चों को एल्बेंडाजॉल न दें। खांसी, बुखार, सांस फूलना आदि लक्षण वाले बच्चों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। दवा भोजन के साथ ही दी जाएगी, खाली पेट नहीं। बच्चों को दवा अच्छी तरह चबाकर खाने की सलाह दें। प्रतिकूल घटनाओं का प्रबंधनः सामान्य लक्षणः जी मचलाना, उल्टी, दस्त, हल्का पेट दर्द, थकान।

**उपायः बच्चे को आराम करने दें, साफ पानी पिलाएं और निगरानी में रखें।**

यदि गोली गले में अटक जाए तो बच्चे को छाती के बल गोद में लिटाकर पीठ थपथपाएं। आपात स्थिति में 104 अथवा 108 पर संपर्क करें। सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने सभी शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की है कि इन दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके।

## एक नजर

### बरहरवा थाना की पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में राजमहल जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मारपीट मामले में बंगालीपाड़ा निवासी रोहित शेख व रिंटू शेख और विरानाथपुर निवासी महफूज आलम को एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया है। जहां बरहरवा थाना पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सभी को राजमहल अनुमंडल अस्पताल में शारीरिक जांच करने के बाद, सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में राजमहल जेल भेज दिया गया है।

### बड़हरवा में ओवरलोड ट्रेक्टर और टैंकर जब्त, चालक फरार



**बड़हरवा:** साहिबगंज डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी ने शुक्रवार को अहले सुबह पाकुड़ बड़हरवा मुख्य पथ शांति चौक के पास एक ओवरलोड पत्थर लदा ट्रेक्टर एवं एक तेल टैंकर को जब्त किया है। जब्त ट्रेक्टर में अवैध रूप से पत्थर लोड था। ट्रेक्टर मयूर कोला की ओर से आ रही थी डीटीओ ने ट्रेक्टर को रोककर कागजात की मांग करने पर कोई आवश्यक कागजात नहीं दिखा पाया। अंधेरा का लाभ उठाकर ट्रेक्टर चालक मौके पर से फरार है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर का कोई पंजीयन संख्या गाड़ी में अंकित नहीं था। वहीं टैंकर का आवश्यक कागजात नहीं होने के कारण जब्त किया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया कि एक ट्रेक्टर एवं एक टैंकर का सीजर लिस्ट काटकर कोटालपोखर थाना को सुपुर्द किया गया है। दोनों का जुर्माना काटा जाएगा जुर्माना न भरने की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

### झारखंड मजदूर संघ ने मजदूर की समस्या को लेकर, धरना 16 को



**साहिबगंज:** जिला के मंडरो प्रखण्ड के हाट परिसर में शुक्रवार को झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रोशन मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 16 सितंबर को समाहरणालय के समक्ष श्रम समस्या को लेकर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। प्रखंड अध्यक्ष रोशन मुर्मू ने बताया कि न्यूनतम मजदूरी समेत कई मांगों को लेकर आवाज बुलंद करना है। बैठक में संघ के महामंत्री उत्तम यादव, पंकज रजक, मंगल बास्की, प्रशांत मुर्मू आदि मौजूद थे।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में पत्थरबाजी करने वाले 6 किशोर निरुद्ध

**साहिबगंज:** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में पत्थर बाजी करने के मामले में पाकुड़ आरपीएफ पोस्ट में 5 सितंबर 2025 को दर्ज कांड संख्या 546 के 06 किशोर को निरुद्ध कर लिया गया है। आरपीएफ ने सभी किशोर का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करा न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक आहूत की गई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक आहूत की गई, जिसमें समितियों के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं विभिन्न बीमारियों से ग्रसित अनुसूचित जनजाति 07, अनुसूचित जाति 01 एवं 18 पिछड़ी जाति वर्ग एवं कुल 26 लाभुकों के आवेदन पत्रों की स्वीकृति दी गई। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य आरोग्य हेतु पौष्टिक आहार प्रदान करना है। इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा, जो विभिन्न बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है। इसके तहत व्यस्क लाभुकों को 3 से 5 हजार तक, अव्यस्क लाभुकों को 1500 से लेकर 2500 रुपये एवं कैंसर पीड़ित व्यस्क लाभुकों को 25 हजार रुपये एवं अव्यस्क लाभुक को 15 हजार तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए लाभार्थी वर्ग के लोगों को आवेदन करने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## साहिबगंज में युवक की सर में गोली मारकर की निर्मम हत्या, जमीन विवाद में हत्या की आशंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियों ने एक व्यक्ति को घर में घुसकर गोली मार कर निर्मम हत्या कर दिया है। जिससे उक्त व्यक्ति की मौत घर के बाहर आंगन में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राजकुमार यादव उर्फ बुगली यादव 33 वर्ष पिता स्वर्ग मुखलाल यादव, गांव जयंती ग्राम महादेवगंज, मुफस्सिल थाना साहिबगंज के रूप में पहचान हुई है। गोली अपराधियों के द्वारा दाहिना आंख के ऊपर मारी गई है जिस कारण उक्त व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक मजदूरी कर अपना और अपनी मां और एक पुत्र का भरण पोषण करता था। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के द्वारा मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे को जानकारी दी गई, जहां थाना प्रभारी पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों से पूछे जाने पर किसी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। उधर खबर की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की भी घटना स्थल पर पहुंच जांच की और एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि हत्या की सूचना मिली है। इस घटना को किसने अंजाम दिया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस जल्द अनुसंधान कर गिरफ्तार कर लेगी और किसी भी हालत में अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया की हत्या की मुख्य वजह जमीन से संबंधित है। पुलिस को गोली का खोखा मिल गई है। पुलिस आगे की अनुसंधान कर रही है। जहां शव को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया। जहां एक मेडिकल टीम गठित कर डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉक्टर पिंकू चौधरी और अन्य स्वास्थ्य कर्मी के उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी के हाथों से छात्र-छात्राओं के बीच पौधा का वितरण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत मंगलवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में कमला देवी बालिका मध्य विद्यालय तालबन्ना साहिबगंज की छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा साहिबगंज ने आम, आंवला, का पौधा स्कूली छात्राओं को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों को बताया कि प्राकृतिक आपदा जो आ रही है वो प्राकृतिक से छेड़छाड़ करने पर हो रहा है। कल-कारखाना और सड़क का निर्माण के कारण अत्यधिक मात्रा में वृक्ष कटाई हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट में है, पृथ्वी को बचाने के लिए हमलोगों को वृक्ष का रोपण करना होगा। वृक्ष ही प्राकृतिक है, प्राकृतिक ही जीवन है। प्रत्येक वर्ष वृक्ष का जन्मदिन अवश्य मनाए। एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है, कोरोना काल में हमलोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा। पेड़ पौधा लगाकर पर्यावरण वातावरण को हरा भरा रखे। वृक्ष नहीं होगा तो बारिश नहीं होगा, भोजन नहीं मिलेगा। पानी की आवश्यकता वायु की आवश्यकता, खाने की आवश्यकता पेड़ पौधा से ही होता है। प्रतिदिन वृक्ष का सेवा करके उसको बड़ा करे, फिर फल का सेवन करे। पौधा से हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिलता है।

## धपानी पहाड़ में 8 आदिवासी मलेरिया से ग्रसित, सदर अस्पताल में भर्ती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो प्रखंड क्षेत्र के बांझी से 12 किलोमीटर दूर अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र धपानी पहाड़ पर शुक्रवार को आदिवासी परिवार के 8 लोग मलेरिया बीमारी से ग्रसित पाए गए। जहां सभी मलेरिया मरीजों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने फौरन जांच करते हुए भर्ती कर लिया और उन सभी आदिवासी परिवार के लोगों का इलाज में जुटे हुए हैं। उधर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन दिनों पूरे जिले में आईआरएस छिड़काव का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है ताकि मलेरिया के मच्छर न फैले। हालांकि धपानी पहाड़ पर आईआरएस का समुचित छिड़काव नहीं होने की स्थिति में अलग अलग आदिवासी परिवार के 8 लोग मलेरिया बीमारी से गंभीर रूप से ग्रसित हो गए हैं जिसका सदर अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है।

## अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर छापेमारी दल का हुआ गठन

- पीसीपीएनडीटी एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित
- लिंग चयन या लिंग निर्धारण के विभिन्न चिकित्सीय तकनीकों के दुरुपयोग पर रोक लगाने



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पीसीपीएनडीटी से संबंधित बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से पाकुड़ जिले में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए चिकित्सक को अल्ट्रासाउंड केंद्र में जोड़ना एवं रिन्यूअल को लेकर कमिटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। साथ हीं उपायुक्त ने पाकुड़ जिला में अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर छापेमारी दल का गठन करते हुए गहन छापेमारी अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्लान पर चर्चा कर प्रखंड एवं जिला स्तर पर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नए अल्ट्रासाउंड केंद्र को लेकर प्राप्त आवेदन की उचित समीक्षा उपरांत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ब्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम्ह के तहत पाकुड़ जिले में लिंग अनुपात में सुधार के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 (PC & PNDT ACT) का मुख्य उद्देश्य गर्भ धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व लिंग चयन का निषेध करना तथा लिंग आधारित आधारित गर्भपात पर प्रतिबंध लगाकर गिरते लिंगानुपात को सुधारना है। लिंग चयन या लिंग निर्धारण के विभिन्न चिकित्सीय तकनीकों के दुरुपयोग पर रोक लगाने एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को अपने समुचित प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है। बैठक में उपरोक्त के आलावा सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, असिस्टेंट नोडल पीसी &पीएनडीटी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, अध्यक्ष फेस फाउंडेशन व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नमामि गंगे परियोजना पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में नमामि गंगे परियोजना एवं गंगा घाट विकास से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में परियोजना की प्रगति, घाटों के सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा आवर्ती गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान घाटों पर आवश्यक सुविधाओं का विकास, पर्यावरणीय उपायों का क्रियान्वयन, अवसंरचना के रख-रखाव तथा स्व-वित्त पोषण की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही परियोजना के आगामी लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। डीसी ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करते हुए परियोजना के उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों की स्वच्छता, सुन्दरता एवं सतत विकास के लिए जनभागीदारी आवश्यक है, जिसके लिए जागरूकता और समुदाय की सक्रिय सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में घाटों की नियमित देखरेख, पर्यावरण संतुलन तथा पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना से जुड़ी गतिविधियों को पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख तरीके से आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तय : बीडीओ



**बरहेट:** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडेय के अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में विशेष रूप से प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया तथा जल सहिया ने भाग लिया। बैठक में पंचायत में सभी प्रकार के संचालित योजना सहित स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही कहा कि उक्त योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही कार्यों में तेजी लाने की बात कही गई, जिसको लेकर बीडीओ ने कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुखिया अध्यक्ष सेलिना हांसदा के अलावा विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा जल सहिया उपस्थित थी।

### झारखंड राज्य के पिछड़े वर्ग आयोग की टीम को भारतीय वैश्य महासभा ने अपने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य के पिछड़े वर्ग आयोग की टीम से साहिबगंज परीसदन में भारतीय वैश्य महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय वैश्य महासभा का एक शिष्टमंडल टीम के सदस्यों से मिला एवं आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा मोदी, केशरवनी, कलवार, रोनियार, पंसारी, पटवा, बियाहुत कलवार, कमलापुरी, ऊमरवैश्य, वर्नवाल, जायसवाल एवं अग्रहरि वैश्य को राज्य सरकार की पिछड़े वर्गों की सूची में एनेक्सर वन में शामिल करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि इन जातियों की झारखंड राज्य में सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है, खासकर सरकारी सेवा एवं उच्च शिक्षा में इन जातियों की स्थिति काफी बदतर है। इन जातियों का नाम राज्य सरकार की पिछड़े वर्गों की सूची में एनेक्सर टू में शामिल है जिससे कोई लाभ प्राप्त नहीं हो पता है, अगर एनेक्सर 1 में शामिल कर दिया जाए तो आरक्षण में लाभ प्राप्त हो सकेगा। शिष्टमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष के अतिरिक्त साहिबगंज जिला समिति के अध्यक्ष रणधीर प्रसाद चौरसिया, सचिव बासुकीनाथ साह, महासचिव रवींद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष नरेश कुमार उर्फ बंटी, सचिव श्रवण कुमार मोदी, संतोष स्वर्णकार, उदय कुमार साह, चेतन राज उपस्थित थे।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत कमेटी गठन कर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित



**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत पाकुड़ सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत झिकारहाटी पूर्वी में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन कर नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मानसारुल हक, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद जहीरुल इस्लाम, पंचायत अध्यक्ष नजरुल शेख, मंडल अध्यक्ष असरफुल शेख, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद आतिउर रहमान, सोहीदुल इस्लाम, शमीम अख्तर, कबीर शेख, मुकीम शेख एवं मोजी शेख की गरिमामयी उपस्थिति रही। मौके पर ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष पद नजरुल शेख को सौंपते हुए नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी की जड़ों को मजबूत करने का महाअभियान है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक कांग्रेस संगठन को सशक्त और संगठित बनाया जा रहा है।

# राजकुमार हत्याकांडः शूटर्स की तलाश में बेऊर जेल में छापेमारी

**पटना।** बुधवार रात जमीन कारोबारी राजकुमार राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राजकुमार इसी साल राघोपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले थे। मर्डर के लिए 2 से 3 शूटर हायर किए गए, जिन्होंने 16 गोलियां चलाईं। 3 गोलियां राजकुमार के शरीर को चीरती हुई बाहर निकल गईं। हत्या की वजह प्रॉपर्टी विवाद, तीन शादियां, पॉलिटिकल रिवेंज सामने आए हैं। पुलिस हर थ्योरी को खंगाल रही है। सूत्रों की माने तो इस मामले में पुलिस को लीड भी मिली है।ुलिस ने लगभग शूटर को पहचान लिया है। उनको पकड़ने के लिए गुरुवार को पटना सिटी के इलाकों में छापेमारी की गई। इसके साथ ही बेऊर जेल में भी छापेमारी कर पुलिस ने इनपुट लिया है।मार्केट में नए हैं दोनों शूटर सूत्रों की माने, दोनों शूटर मार्केट में नए आए हैं। इनके बारे में कुछ खास जानकारी किसी के पास नहीं है। गोली मारकर भागते वक्त दीदारगंज के पास उन्हें उउळश में देखा गया है। इससे आशंका है



कि दोनों शूटर्स पटना सिटी के हो सकते हैं।संदेह के आधार पर प्रॉपर्टी विवाद से जुड़े संदिग्धों से पुलिस ने पूछताछ की है। राजकुमार राय के कई लोगों से प्रॉपर्टी संबंधित विवाद चल रहे थे। इसमें से एक विवाद अपने सगे और चचेरे भाईयों से भी है। पुलिस जांच के दौरान पता चला है कि अपराधी कार से आए थे। गली और घर की पहले से रेकी की थी। राजकुमार उर्फ आला राय के रोजाना रूटीन की जानकारी उन्हें थी। राजकुमार के गली में आते ही कॉलेज ऑफ कॉमर्स से सटे 17 नंबर गली की लाइट्स बंद कर दी गई। राजेंद्र नगर की ओर से अपराधियों ने उसे दौड़ाना शुरू कर दिया। लगभग 100 मीटर तक हाथ में पिस्टल लेकर पीछा करने के बाद घर के पास गोली मार दी। गली में गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर लोगों ने दरवाजे और खिड़कियां बंद कर ली।हॉस्टल के छात्र खाना खाने नीचे आ रहे थे, जो सीढ़ी से ही भगाकर अपने कमरे में चले गए।CCTV फुटेज में जो शूटर्स दिख रहे हैं, उनकी उम्र कुछ ज्यादा नहीं है। दोनों 22 से 24 साल के बीच के हैं। हुलिये की बात करें तो दोनों ने अपने चेहरे को कवर किया है। एक के सिर पर टोपी है। जिंस और शर्ट में है।घटना को अंजाम देने के बाद आधे किलोमीटर तक दोनों शूटर्स दौड़ते रहे। रास्ते की तलाश में भटक गए थे। फिर कुछ दूर जाने के बाद उनकी गाड़ी आई और उन्हें लेकर चल गई।पुलिस के मुताबिक, पूरी प्लानिंग के साथ इस घटना को अंजाम दिया गया है। दो शूटर्स के अलावा एक तीसरा भी हो सकता है। जो शूटर्स की गिरफ्तारी के बाद क्लियर हो पाएगा। SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि, 'हाल के दिनों में राघोपुर में 4 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिस समय जमीन खरीदी गई थी,उस वक्त सस्ती थी। अब महंगी हो गई है। यह प्रमुख विवादों में से एक है। इस ऐंगल की जांच हो रही है।' दोस्त और राजकुमार की पत्नी ने मामले में 8 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। पुलिस की जांच में 15 लोगों से जमीन विवाद की बात सामने आई है। ये भी पता चला है कि राजकुमार ने 3 शादियां की थीं। तीसरी पत्नी के बॉयफ्रेंड से हाल में उनका झगड़ा हुआ था।पुलिस जांच में हत्या की 3 थ्योरी इस हत्याकांड को सुलझाने के लिए पुलिस ने राजकुमार से जुड़े सभी विवादों की पूरी लिस्ट तैयार की है। पुलिस ने अब तक 25 से 30 लोगों से पूछताछ की है। कंकड़बाग थाने में इस मामले में पूछताछ हुई है। पुलिस जांच में 3 थ्योरी सामने आई है। 1. प्रॉपर्टी और जमीन विवादः पुलिस जांच में 15 से ज्यादा लोगों से जमीन विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस की माने तो राजकुमार का भाई के साथ भी प्रॉपर्टी को लेकर विवाद था। कुछ दिन पहले राघोपुर के इलाके में जमीन पैमाइश के दौरान गोली चलने की बात भी सामने आई थी। बुधवार को राजकुमार राय राघोपुर से जमीन की पैमाइश कराकर लौटे थे। पुलिस ने इसे भी जांच में शामिल किया है। परिवार का आरोप- जमीन की रंजिश में किया गया मर्डर, पत्नी ने 8 लोगों को आरोपी बनाया राजकुमार की पत्नी सजलपति देवी ने 8 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। पत्नी ने आवेदन में बताया है कि मुन्ना चक के रहने वाले रवि कुमार, मुन्ना कुमार, दीपक कुमार ने जमीन विवाद में साजिश के तहत हत्या की है। सजलपति ने अपने आवेदन में तीनों के पिता ललन महतो, अशोक शाह, स्वामी शरण शाह और राघोपुर वैशाली के रहने वाले जयकांत राय पिता उदय राय, सुरेंद्र राय उर्फ गोनिया को भी आरोपी बनाया है। पत्नी के अलावा इस मर्डर केस में 3 और लोगों ने पुलिस को आवेदन दिए हैं। 6 साल से चल रहा था जमीन विवाद नाम न बताने की शर्त पर परिवार के एक सदस्य ने बताया, ह्यहत्या पॉलिटिकल या कारोबार को लेकर नहीं हुई है। जमीन विवाद में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। स्वर्गीय कमला देवी से उनका जमीन विवाद चल रहा था। कमला देवी के बेटों से इसे लेकर अक्सर झगड़े होते रहते थे।इसके अलावा राघोपुर के जयकांत राय से भी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इन्हीं लोगों ने हत्या कराई होगी। ये दोनों जमीन विवाद पिछले 5-6 साल से चल रहे थे।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में 12 साल की नाबालिग से रेप

**पटना।** में 12 साल की नाबालिग छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। बच्ची की मां और नानी ने बिहार राज्य महिला आयोग में मामले की शिकायत की है। आयोग को दी गई शिकायत में मां ने बताया, '8 सितंबर को मैं 7 बजे सुबह अपनी बच्ची को स्कूल छोड़कर आई। जब मेरी बेटी वापस



घर आई तो उसकी स्कूल ड्रेस पर खून लगा था।''पूछने पर उसने बताया कि 34 साल के नीलमणि ने उसके साथ रेप किया है। साथ ही कहा कि अगर प्रेग्नेंट हो जाओ तो मुझे बताना मैं तुम्हारा अबॉर्शन करवा दूंगा।'यह मामला पटना के कंकड़बाग का है। बच्ची 7वीं की छात्रा है और मूल रूप से नालंदा के नगर नौसा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 युवकों को गिरफ्तार किया है।पीड़िता की मां दिव्यांग हैं, वो देख नहीं सकती हैं। 8 सितंबर को बच्ची जब स्कूल से लौटी तो उसकी ड्रेस पर खून लगा था। बच्ची की नानी ने खून देखा और उसे भी परेशान सा देख कर सवाल किए। हालांकि उस दिन बच्ची ने इस बारे में कुछ नहीं बताया, लेकिन दूसरे दिन पूरी बात अपनी मां को बताई।पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि, '8 सितंबर की सुबह 7 बजे मैं अपनी बच्ची को स्कूल पहुंचाकर आई थी। इसके बाद नीलमणि ने मेरी बच्ची को बहला-फुसलाकर अनजान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद वह मेरी बच्ची को फिर से स्कूल के छुट्टी के समय किसी गाड़ी से पहुंचा दिया है। मेरी बेटी जब घर पर आई तो उसका सलवार खून से लथपथ था। मैंने उससे पूछने का प्रयास किया तो वो उस समय कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं थी।'मां ने अपनी शिकायत में कहा, 'अगले दिन शाम को उसने मुझे बताया कि नीलमणि नाम के लड़के ने उसे बहला-फुसलाकर कर होटल में खाना खिलाने के नाम पर किसी अनजान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी से उसे ब्लीडिंग हो रही है। वह काफी डर गई थी, इसलिए किसी को नहीं बता रही थी।''उस लड़के ने मेरी बेटी को यह भी कहा कि तुम्हें डरने की जरूरत नहीं है। तुम कुछ दिन के बाद प्रेगा न्यूज से अपना प्रेग्नेंसी टेस्ट करवा लेना। पॉजिटिव होने पर मुझे बताना, मैं तुम्हें दवा देकर अबॉर्शन करवा दूंगा।'

### विदेश रोजगार कार्यालय में तोड़फोड़

**पटना।** में बुधवार को परफेक्ट ग्रुप के नए विदेश रोजगार कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हंगामा हो गया। मामला अगमकुआं थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर के पास की है। 10-15 लोग दफ्तर में घुस आए और जमकर तोड़फोड़ की। कंपनी के प्रोपराइटर विकास सिंह ने बताया कि, उनकी संस्था छात्रों और युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने का काम करती है। पटना में यह उनका पहला ब्रांच था।



हमलावरों ने कुर्सी-टेबल और सामान तोड़ डाला, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। थाने में 20 हजार की मांगविकास सिंह के मुताबिक, घटना की शिकायत लेकर जब वे अगमकुआं थाना पहुंचे तो पुलिस ने पहले तो आवेदन लेने से इनकार कर दिया। आरोप है कि दरोगा नीलकमल ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेने के बाद ही मामला दर्ज किया। इसके बावजूद तुरंत कार्रवाई नहीं की गई। आवेदन पर केस दर्ज होने में 24 घंटे लग गए। थाना प्रभारी का बयानअगमकुआं थाना प्रभारी नीरज कुमार पांडे ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है। तोड़फोड़ करने वालों और रिश्वतखोरी दोनों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि, जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर विभागीय कार्रवाई तय है।कंपनियों की मनमानी का आरोपविकास सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार में कई फर्जी कंपनियां विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से मोटी रकम वसूल रही हैं। जब उन्होंने शिकायत दर्ज करानी चाही तो थाने में उनसे फायर ब्रिगेड और सेफ्टी कागजात, यहां तक कि पैसों के स्रोत तक की पूछताछ की गई। गुरुवार देर रात जाकर उनका आवेदन दर्ज हुआ और त्रक्षक्रकी प्रक्रिया शुरू हुई।

### गर्दन पकड़कर महिला को उठा ले गया बाघ-जिंदा खा गया

**बेतिया।** में बाघ एक बुजुर्ग महिला को जिंदा खा गया। टाइगर, महिला के शरीर के पूरे हिस्से को खा गया, लेकिन पैर का एक टुकड़ा बच गया। पैर जंगल से बरामद किया गया है।जिससे परिजनों ने उसकी पहचान की। मृतका की पहचान उमछी देवी (60) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वह मवेशी चराने गई थी। तभी बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और गर्दन पकड़कर नदी से 500 मीटर अंदर जंगल में ले गया। इस दौरान वहां मौजूद लोग देखते रह गए।ग्रामीणों के मुताबिक, गुरुवार शाम साढ़े चार बजे उमछी देवी नदी किनारे मवेशी चराने गई थी। इसी दौरान बाघ ने उसपर हमला कर दिया। बाघ महिला का गर्दन पकड़कर ले जाने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद चरवाहे ने शोर मचाना शुरू किया, लेकिन गांव वाले बाघ के डर से जंगल में नहीं घुसे। थोड़ी देर बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। जंगल के बाहर अलग-अलग जगहों पर महिला के कपड़े के टुकड़े और खून के निशान पड़े थे, जिसके जरिए स्थानीय लोग जंगल में पहुंचे।

# पूर्णिया एयरपोर्ट का 15 सितंबर को होगा उद्घाटन

**पूर्णिया।** एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सभा स्थल पर पहुंचे। यहां पार्टी के कार्यकताओं के साथ अहम बैठक की। साथ ही तैयारियों का जायजा लिया।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम जब भी बिहार आते हैं, तब बड़ी सौगात देते हैं। इन सब के पीछे



पीएम का मकसद विकसित बिहार का सपना पूरा करना है। आज ही 8000 करोड़ रुपए का सौगात मिला है। पीएम पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद सीसाबाड़ी स्थित एसएसबी कैंप में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मंच पर पीएम के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे। इसके अलावा दूसरी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए हर परिवार की महिला के खाते में 10 हजार रुपए भेजेंगे। सीमांचल की अहम कोसी मेची योजना, रेलवे के प्रोजेक्ट, पावर स्टेशन प्रोजेक्ट, ग्रीन एक्सप्रेस वे समेत कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। 40 से 45 हजार करोड़ रुपए की राशि की योजना होगी। इतनी बड़ी राशि की योजना चालू होने से बिहार के लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रगति आएगी। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले पूर्णिया में 14 सितंबर को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।दिलीप जायसवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए ये सभी कार्यक्रम शहर से बाहर बड़े स्थानों पर किए गए। सीसाबाड़ी में जनसभा रखी गई है। टेंट काफी विशाल होगा। 5 हैंगर बनाए गए हैं। जनसभा में तीन से चार लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। रंगभूमि मैदान छोटा पड़ जाता। आज तक जितने भी कार्यक्रम और सभाएं हुई, वो रणभूमि मैदान में ही की गई, लेकिन ये कार्यक्रम काफी बड़ा है।

# राहुल गांधी को अपनी मां की इज्जत का ख्याल नहीं

**बेगूसराय।** में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। कांग्रेस के अक वीडियो पोस्ट पर उन्होंने कहा कि इसके लिए सामाजिक और कानूनी रूप से सजा मिलनी चाहिए। राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गए हैं, जैसे उनकी नकली मां है। अपनी मां की इज्जत का ख्याल नहीं है। वह दूसरे की मां को कहां से सम्मान देंगे। मोदी जी के मां का एआई वीडियो बनाना बहुत गलत है। इन पर फ्रॉडिज्म का केस होना चाहिए, जांच होनी चाहिए। ऐसे लोगों को सामाजिक रूप से ही नहीं, कानूनी रूप से सजा मिलना चाहिए। उन्हें डूब कर मर जाना चाहिए। मोदी जी को मां-बहन लगाकर गाली दिया।



अब मां का एआई वीडियो बनाकर क्या साबित करना चाहते हैं। राहुल गांधी अब यह साबित करना चाहते हैं कि हम फ्रॉड हैं, हम दुराचारी हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण रवैया है। आने वाले दिनों दरअसल, बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। 36 सेकेंड के AI जेनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? पीएम और सीएम ने बिहार को सजाया है आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव का बयान पीएम मोदी जुमले की बारिश करने कब बिहार आ रहे हैं। इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि मन की मुराद पूरा नहीं होने वाला है। जैसे धृतराष्ट्र के मन का मुराद कुरुक्षेत्र के मैदान में पूरा नहीं हुआ था। इस धर्म क्षेत्र की लड़ाई में दिल के अरमां आंसुओं में बह जाएंगे।

# 'प्रेमी से मेरी शादी नहीं हुई तो नीचे कूद जाऊंगी

**दरभंगा।** में प्रेम-प्रसंग में एक नाबालिग लड़की हाइटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गई। लड़की ने धमकी देते हुए कहा कि अगर अगर लड़का उससे शादी नहीं करेगा तो वह नीचे कूद जाएगी या फिर बिजली की तार पकड़कर अपनी जान दे देगी। इस टावर से होकर करीब 8लाख वोल्ट की धारा गुजरती है। घटना बिरौल ब्लॉक के पटनिया पंचायत के किचका रजवनी टोल वार्ड संख्या-13 की



है।सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। तुरंत मौके पर प्रेमी को बुलाया गया। दोनों नाबालिग है। प्रेमी को देखती ही लड़की भावुक हो गई। काफी समझाने के बाद भी नीचे उतरने को तैयार नहीं था। नीचे से लड़का-लड़की को समझाता रहा। बोला कि मैं तुमसे ही शादी करूंगा, तुम नीचे उतर आओ। यह सुनकर लड़की शांत हुई।इस बीच डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी साहस दिखाया। जान जोखिम में डाल कर पुलिस की मौजूदगी में लड़की को सुरक्षित नीचे उतारा। घटनास्थल समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र में है। इसलिए स्थानीय थाना पुलिस ने भी हस्तक्षेप किया। दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई। परिजनों को बुलाकर सख्त हिदायत दी गई।वार्ड सदस्य अर्जुन मुखिया ने कहा कि नाबालिग लड़की ने प्रेम में पागलपन की हद पार कर दी। अपनी जान जोखिम में डाल दी। यह बेहद चिंताजनक है। अभिभावकों को ऐसे मामलों पर विशेष निगरानी रखनी चाहिए।वहीं, वहीं, मुखिया पति मनोज सुधांशु ने कहा कि आजकल कम उम्र के बच्चे प्रेम-प्रसंग में इस तरह के खतरनाक कदम उठा रहे हैं।

## चिलवनिया में दलित बस्ती का सामुदायिक शेड जर्ज

**बेतिया।** के भितहा प्रखण्ड के चिलवनिया पंचायत में स्थित दलित बस्ती का सामुदायिक शेड पूरी तरह से जर्जर हो गया है। यह शेड स्थानीय निवासियों के लिए बरसात और धूप से बचने का एकमात्र स्थान था। यहां ग्रामीण न केवल आपसी बातचीत करते थे बल्कि सामाजिक गतिविधियों का आयोजन भी होता था। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में शेड अब उपयोग लायक नहीं रहा है। बरसात और धूप में ग्रामीणों को आश्रय की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी जितेन्द्र राम के अनुसार, यह शेड दलित समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थल था। शेड के क्षतिग्रस्त होने से समाज के लोग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शेड का पुनर्निर्माण पूरे गांव के लिए लाभदायक होगा। इससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को सुविधा मिलेगी।

## नेपाल से पिंडदान करने गयाजी आने वाली 100 बसें कैंसिल

**गयाजी।** नेपाल से गयाजी में पितृ पक्ष मेले में भाग लेने आए नेपाल के श्रद्धालु शंकरानंद का। शंकरानंद सिर्फ अकेले नहीं हैं, नेपाल से सौ बसों और निजी साधनों से श्रद्धालु गया जी पहुंचे हैं, लेकिन सभी बसें कैंसिल कर दी गई हैं। करीब 30 हजार श्रद्धालु यहां रुके हुए हैं, डर के कारण वे नेपाल नहीं जाना चाहते। शंकरानंद ने बताया, 'भ्रष्टाचार के खिलाफ यह चिंगारी



सुलगी है। बहुत दिन से धीरे-धीरे ये विरोध सुलग रही थी। प्रधानमंत्री ओली के चीन से लौटने के बाद जो फैसला हुआ। उसी से युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा और ये विस्फोट हो गया। सोशल मीडिया पर बैन के कारण सभी सड़क पर उतर आए। संसद, राष्ट्रपति भवन सब आग के हवाले कर दिया। अब इन युवाओं को कंट्रोल करने वाला कोई नहीं है।'गयाजी में 3 नेपाल के धर्मशाला हैं। इन धर्मशाला संचालकों का कहना है कि पितृपक्ष मेले की शुरूआत के तीन दिनों में नेपाल से करीब 30 हजार श्रद्धालु आए थे, जो नेपाल जाने से इनकार कर रहे हैं। पितृपक्ष मेले में नेपाल से कितने श्रद्धालु आते होंगे ये जानने के लिए हमने यहां नेपाली धर्मशालाओं से संपर्क किया। तो पता चला कि 15 दिन के पूरे मेले के दौरान तकरीबन एक से डेढ़ लाख लोग नेपाल से आते हैं। ये यहां नेपाल के लोगों की बनाई धर्मशाला और निजी होटल्स में रुकते हैं।

# पूरे प्रदेश में आज बारिश का यलो अलर्ट

**पटना।** बिहार में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, अगले एक सप्ताह तक मानसून मजबूत रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आएगी।

वहीं, पिछले 24 घंटे में पटना, आरा, समस्तीपुर, सारण, बक्सर, बेतिया, सुपौल, भागलपुर और जमुई में बारिश हुई है। बगहा में भी बारिश हुई है।गंडक बराज से एक लाख 23 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे निचले इलाके में



बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर एरिया (निम्न दबाव क्षेत्र) बना है। इससे प्रदेश में मानसून एक्टिव हुआ है। इसकी वजह से अगले कुछ दिनों तक राज्य में रुक-रुककर बारिश होगी। 12 से 18 सितंबर के बीच कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है।अब तक 31% कम हुई बारिश इस सीजन में अब तक बिहार में सामान्य से 31% कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब तक बिहार में 858 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। लेकिन सिर्फ 592 मिमी बारिश दर्ज की गई है।पटना में आज कैसा रहेगा मौसमराजधानी की बात करें, तो यहां अगले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि पटना और आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आएगी और मौसम सुहावना बना रहेगा।

अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

# शिक्षा विभाग के अफसर ने बनवाई 5 करोड़ की कोठी

**पूर्णिया।** शिक्षा विभाग के अफसर ने बनवाई 5 करोड़ की कोठीवीरेंद्र नारायण के ठिकानों से 14 लाख नकद और पत्नी के 29 लाख के सोने-चांदी के जेवरात समेत कई प्रॉपर्टी के कागजात मिले। साथ ही पत्नी स्नेहा निधि के नाम से अलग-अलग बैंकों के खाते और करीब 50 लाख एफडी में निवेश के कागजात भी मिले। प्राथमिकी के अनुसार वीरेंद्र नारायण ने सरकारी सेवा के दौरान वेतन और अन्य वैध आय की तुलना में करीब 3.75 करोड़ अवैध संपत्ति अर्जित की है वीरेंद्र नारायण बिहार सरकार की सेवा में लगभग 26-27 साल से पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और अन्य जिला में जिला शिक्षा पदाधिकारी के अलावा अन्य महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। आरोप है कि वीरेंद्र नारायण ने सरकारी सेवा में रहते भ्रष्ट तरीके से अवैध संपत्ति अर्जित की है।दरअसल, वीरेंद्र नारायण उस



वक्त चर्चा में आए, जब एक साथ उनके पूर्णिया, पटना और मुजफ्फरपुर के आवास पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की। पूर्णिया स्थित ठिकाने पर देर रात तक छापेमारी जारी रही। टीम को छापेमारी के दौरान मार्केट कॉम्प्लेक्स और अररिया में खरीदी गई प्लॉट से जुड़े अहम कागजात मिले हैं।वीरेंद्र नारायण के पूर्णिया स्थित रामबाग में जिस 2 मंजिला कोठी की चर्चा हो रही है, उसे स्थानीय लोग व्हाइट हाउस के नाम से जानते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, किसी सरकारी अफसर की इतनी बड़ी कोठी कभी नहीं देखी। यह कोठी 1 बीघे की एरिया में फैली है। कोठी की दीवारों का रंग सफेद है, जिसकी वजह से इसे व्हाइट हाउस के नाम से जानते है। वीरेंद्र नारायण पूर्णिया आते हैं तो पत्नी और बच्चों के साथ यहीं रहते हैं। चूंकि, वीरेंद्र नारायण अपने बच्चों और पत्नी संग पटना में ही ज्यादातर रहते हैं, इसलिए इस कोठी के रखरखाव की जिम्मेदारी कुछ रिश्तेदारों और काफी भरोसेमंद स्टाफ के हवाले हैं। कोठी में काम करने वाले एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कोठी अंदर से भी काफी आलीशान है।फर्नीचर से लेकर पर्दों तक सब कुछ काफी महंगा है। घर का इंटेरियर पुराने डिजाइन के अनुसार सजाया गया है। दो फ्लोर वाले इस मकान में नीचे चार आलीशान कमरे है, जिसमें डाइनिंग हॉल, किचन है। मकान के फर्स्ट फ्लोर पर भी चार कमरे बनाए गए हैं। इसके अलावा, गार्डन एरिया की सजावट भी मॉर्डन तरीके से की गई है।रीजनल डिप्टी डायरेक्टर वीरेंद्र नारायण मूल रूप से अररिया जिले के रहने वाले हैं। पिता सुंदर लाल यादव अररिया जिले में पंचायत सचिव थे। सुंदर लाल यादव के 5 बेटे और 2 बेटियां हैं। वीरेंद्र नारायण 7 भाई बहन में तीसरे नंबर पर हैं। वीरेंद्र के साथ-साथ सभी भाई-बहनों का बचपन अररिया में ही बीता है। इनमें से अधिकांश की प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पूर्णिया से हुई है।7 बहनों में सबसे बड़े दीर्घ नारायण यादव सिविल सर्विस में रहे। नौकरी में रहते 6 महीने पहले पद से रिजाइन कर दिया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में अररिया से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे है। इनका घर सदर थाना क्षेत्र के कॉलेज के पास है, जबकि एक भाई बिहार पुलिस में दरोगा हैं। ये पूर्णिया के रामबाग स्थित सरना चौक के पास रहते हैं, जबकि दो भाई अररिया में सरकारी शिक्षक हैं। साल 1998 में शिक्षा विभाग में अफसर बने थे वीरेंद्र नारायणसाल 1998 में वीरेंद्र नारायण शिक्षा विभाग में अफसर बने थे। नौकरी के कुछ साल बाद ही वीरेंद्र नारायण की पूर्णिया शहर की भट्ठा बाजार इलाके की रहने वाली स्नेहा निधि से शादी गई। शादी के बाद वीरेंद्र का अररिया स्थित गांव से कटना शुरू हो गया और ससुराल आना-जाना काफी बढ़ गया।इसके बाद ससुराल वालों की मदद से उन्होंने शहर के सदर थाना क्षेत्र के रामबाग इलाके के सरना चौक रेलवे गुमटी ढाला के पास 1 बीघा की प्लॉट देखी।



## रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ नए सफर की शुरुआत कर रही हैं कुब्रा सैत


बोल्ड चॉइसेज़ और बेबाक अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत, जिन्होंने थिएट्रिकल और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी प्रतिभा साबित की है, अब एक बिल्कुल नए सफर की शुरुआत कर रही हैं—अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ। अपनी अनफ़िल्टर्ड पर्सनैलिटी और वर्सटिलिटी के लिए मशहूर एक्ट्रेस अब ऐसे मंच पर खुद को आज़मा रही हैं जहाँ अनप्रिडिक्टेबिलिटी ही असली नियम है। कुब्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने इस सफर के मायने बताए। अपनी ईमानदारी और गहराई से भरे अंदाज़ में उन्होंने कहा—मुझे अनजाने को खोजने का शौक है और यह मेरे लिए सबसे बेहतरीन अनुभव होने वाला है। मेरी ज़िंदगी के अनुभवों के हिसाब से, मैं कभी शासक बन सकती हूँ तो कभी मेहनतकश इंसान। मैं एक भरोसेमंद, ज़िम्मेदार इंसान हूँ। चाहे मैं बेसमेंट में रहूँ, मैं वफ़ादार रहूँगी। और हम ज़रूर उठेंगे।

उनका यह बयान बिल्कुल वही दर्शाता है जिसकी उम्मीद उनके फैंस उनसे करते हैं—हिम्मत, यक़ीन और अटूट जज्बा। यह राइज़ एंड फॉल के फॉर्मेट को भी बखूबी दर्शाता है, जहाँ कंटेस्टेंट्स को ऊँचाइयों और गहराइयों से गुज़रते हुए, लॉयल्टी, स्ट्रैटेजी और एडैप्टेबिलिटी की असली परीक्षा देनी पड़ती है। कुब्रा के लिए, जो हमेशा खुद को नए रूप में ढालने के लिए जानी जाती हैं, यह मौका है स्क्रिप्ट्स और किरदारों को पीछे छोड़कर खुद को असली और अनफ़िल्टर्ड रूप में पेश करने का। उनके शब्द यह जताते हैं कि वह केवल सर्वाइव ही नहीं करना चाहतीं, बल्कि मुश्किलों के बावजूद मजबूती से खड़ी होकर जीतना चाहती हैं। राइज़ एंड फॉल के साथ, कुब्रा अपने शानदार करियर में एक और अध्याय जोड़ रही हैं। फिल्मों और वेब-शोज़ में अपने स्टैंडआउट परफ़ॉर्मेंस की तरह ही अब वह रियलिटी शो की अनिश्चित दुनिया में भी उतनी ही ऊर्जा के साथ कदम रख रही हैं। वहीं, वर्क फ्रंट की बात करें तो कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ द ट्रायल्स सीज़न 2 में और वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।



# 'एक चतुर नार' में कॉमेडी के रंग में नजर आएंगी दिव्या खोसला

अभिनेत्री दिव्या खोसला अपनी आने वाली फिल्म एक चतुर नार को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वो पहली बार कॉमेडी में हाथ आजमाती दिखाई देंगी। फिल्म की रिलीज से पहले दिव्या ने खास बातचीत में बताया कि वो हमेशा से ही कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहती थीं। उनके अंदर कॉमेडी कूट-कूटकर भरी हुई है। दिव्या खोसला ने कहा, मुझे हमेशा से पता नहीं क्यों लगता रहा है कि कॉमेडी ही मेरी शैली है। और मैं हमेशा से इसे करना चाहती थी और ईश्वर से प्रार्थना करती थी कि मुझे एक कॉमेडी फिल्म में काम करने का मौका मिले। इसलिए जब यह मौका आया, तो मुझे लगा कि आखिरकार मुझे वह करने का मौका मिल रहा है जो मैं करना चाहती थी। शायद लोग मेरे इस पहलू को नहीं जानते, क्योंकि मैं असल जिंदगी में भी बहुत कॉमेडी करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, शायद इसलिए इस फिल्म में काम करते हुए मुझे काफी मजा आया और मुझे लगता है कि जब आप इसका आनंद लेते हैं और उस दबाव को नहीं लेते, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी बात होती है, वह सफर वाकई सुखद होता है। एक चतुर नार की कहानी हिमांशु त्रिपाठी ने लिखी है। इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने डायरेक्ट किया है। यह एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर में रहने वाली होनहार लड़की की है। वह बहुत ही महत्वाकांक्षी और चालाक है। इसमें उसके हाथ बड़े शख्स का प्राइवेट वीडियो आ जाता है। वो फिर उसे आगे बढ़ने की सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करने लगती है। फिल्म में उनके सह-कलाकार नील नितिन मुकेश ने भी फिल्म में काम करने का अपना अनुभव कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में साझा किया था। इसमें उन्होंने निर्देशक की अपने कलाकारों का अच्छी तरह से ख्याल रखने और उन्हें उड़ान भरने की पूरी आजादी देने के लिए सराहना की थी।



## जॉली एलएलबी 3 का ट्रेलर रिलीज, कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ेंगे अक्षय कुमार और अरशद वारसी

बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म जॉली एलएलबी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने इस ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

फिल्म में एक बार फिर कोर्टरूम ड्रामा, सामाजिक मुद्दे, और हास्य का मेल देखने को मिलेगा। इस बार कहानी और भी गंभीर और संवेदनशील विषय को उठाती नजर आती है, जिसमें दो जॉली, अक्षय कुमार और अरशद वारसी, आमने-सामने हैं। ट्रेलर की शुरुआत एक गंभीर और भावनात्मक डायलॉग से होती है, मेरे दादा को परदादा से और मुझे पिता से जो विरासत में मिली, वही सौंपना चाहता था मैं अपने बेटे को। इस वॉयसओवर के साथ दंगों, पुलिस के लाठीचार्ज और सामाजिक उथल-पुथल के दृश्य सामने आते हैं। इसी दौरान एक महिला स्वर्गीय राजाराम सोलंकी की मूर्ति के पैरों से लिपटी दिखाई देती है। इसके बाद अक्षय कुमार की एंट्री होती है, जो स्कूटर चलाते नजर आते हैं। वह पैसों के बदले में अपने असिस्टेंट से कहते हैं, कोई जॉली बोले तो उसे मेरे पास ही लेकर आना। अक्षय कुमार के साथ हुमा कुरैशी भी नजर आई हैं, जिनकी शराब पीने की आदत से अक्षय परेशान दिखाई देते हैं। वहीं, अरशद वारसी एक बार फिर वकील के किरदार में हैं, जो खुद को बेहद बिजी बताते हैं, लेकिन असल में उनके पास कोई काम नहीं होता। ट्रेलर में अक्षय और अरशद एक ही क्लाइंट को लेकर भिड़ते भी दिखते हैं। अरशद अक्षय को क्लाइंट चोर तक कह देते हैं, जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ जाती है।

फिल्म की कहानी में एक जमीन विवाद को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है, जिसमें खेतान साहब, जिनका किरदार गजराज राव निभा रहे हैं, एक प्रभावशाली भूमिका में दिखाई देते हैं। अक्षय कुमार खेतान साहब से मिलने के लिए किसी से गुजारिश करते हैं, जो कहता है कि उन्हें खुद मिलने में एक साल और नाम याद कराने में दो साल लगे। लेकिन, चौंकाने वाला मोड़ तब आता है, जब खेतान साहब खुद अक्षय से मिलने पहुंचते हैं। इस केस को लेकर अक्षय और अरशद एक बार फिर आमने-सामने आते हैं। कोर्टरूम में दोनों वकीलों के बीच की बहस, रणनीति और नोकझोंक कहानी को दिलचस्प मोड़ देती है। ट्रेलर में अमृता राव की झलक भी देखने को मिली है। ट्रेलर से साफ है कि जॉली एलएलबी 3 कॉमेडी के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर गंभीरता से सवाल उठाएगी। जॉली एलएलबी 3 19 सितबंर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आलिया ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। बातचीत में आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे।' आलिया भट्ट आगे कहती हैं, 'कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।'

### इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।



## अक्षरा सिंह ने जिंदगी के नाम दिया बड़ा संदेश

अपनी दमदार एक्टिंग और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसने न सिर्फ उनके फैंस का दिल छू लिया, बल्कि उनके कैप्शन ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में अक्षरा ने कैप्शन में अपने जज्बात लिखे। तस्वीर में अक्षरा सिंह एक खूबसूरत सूट में नजर आ रही हैं जो उनकी सादगी और खूबसूरती को और निखार रहा है। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास की एक अलग चमक है। अपने जज्बातों को जाहिर करते हुए अक्षरा ने लिखा, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी, शिकवे नहीं, बस सब्र से अपने जज्बातों को छुपाऊंगी। इस कैप्शन में अक्षरा ने न सिर्फ अपने जज्बात जाहिर किए हैं, बल्कि एक संदेश भी दिया है कि चाहे हालात कैसे भी हों, खुद को कमजोर नहीं पड़ने देना चाहिए। उन्होंने कैप्शन में आगे लिखा, साथ न दो तुम अगर, तो भी न डगमगाऊंगी, कांटों की राहों पर चलकर भी, अपने हौसलों को सजाऊंगी। दिल टूटे तो क्या हुआ, सांसों का सफर अब भी बाकी है, जिंदगी की किताब में कुछ नए पन्ने लिखने की झांकी है, हर दर्द को रोशनी में बदलकर खुद को ही अपनाऊंगी, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी।





# रंग के कारण खूब मिले रिजेक्शन

**एक्ट्रेस मंजरी पुपला कभी एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने का सपना देखती थीं। लेकिन एक्टिंग के लिए पैशन ने उन्हें थिएटर, टीवी और सिनेमा की दुनिया से जोड़ा। साल 2015 में मराठी टीवी सीरियल दिल दोस्ती दुनियादारी से एक्टिंग डेब्यू किया। वह 2017 में टीवी रियलिटी शो सबसे बड़ा कलाकार में एक्टिंग गुरु बनकर पहुंचीं। करियर के शुरुआती दौर में अपने अपने डार्क कॉम्प्लेक्शन के कारण कई रिजेक्शन मिले।**

आज मंजरी पुपला सिनेमा से लेकर ओटीटी की दुनिया में जाना-पहचाना नाम हैं। हमने उन्हें वेब सीरीज शहर लखोट और दहाड़, जबकि बड़े पर्दे पर सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और धड़क 2 में देखा-सराहा है। बातचीत में मंजरी ने अपने करियर, संघर्ष और सिनेमाई सफर पर बड़ी बेबाकी से बात रखी है।

### कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष में जाना चाहती थी

मंजरी बताती हैं कि वह हमेशा से अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थीं। वह कहती हैं, मैं तो एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। मैं कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष में जाना चाहती थी। मगर जब मैंने मराठी एक्ट्रेस वीणा जामकर को स्टेज पर देखा, तो मैं मंत्रमुग्ध हो गई। उसी पल मैंने तय किया कि मैं अब एयरोस्पेस इंजिनियर नहीं, बल्कि एक अभिनेत्री बनूंगी। मैं बहुत ही इंट्रोवर्ट लड़की हुआ करती थी। मैंने कभी कैमरा फेस किया ही नहीं था, मगर सेंट जेवियर्स कॉलेज के मेरे प्रोफेसर ने मेरा पहला फोटोशूट किया और एक जौहरी की तरह मुझे तराशा, एक?ट्रेस और मॉडल के रूप में। फिर नाटक, ओटीटी और फिल्मों में अभिनय का सिलसिला शुरू हुआ।

### डार्क कॉम्प्लेक्शन के कारण नकारी गई

कई दूसरी लड़कियों की तरह मंजरी भी सेल्फ डाउट्स से गुजरी हैं। वह कहती हैं, मैं हमेशा सोचती थी कि मैं एक बार को नाटक में तो काम कर लूंगी, मगर शायद कैमरा फेस न कर पाऊं। अपने स्किन कलर को लेकर मैं बहुत हीन भावना की शिकार थी। मेरे लिए सुंदरता का मतलब गोरा रंग था। स्किन वाइटनिंग क्रीम्स ने बचपन से हमारी यही कंडीशनिंग कर रखी है। जबकि अपने घर में ऐसी कोई बात कभी सुनने नहीं मिली, मगर कंडीशनिंग ने मेरे दिमाग में बैठा दिया था कि सांवले रंग के कारण मैं कैमरे का सामना नहीं कर सकती। डार्क कॉप्लेक्शन के कारण ऑडिशन में भी दिक्कत आती थी। जब भी अपमार्केट या अर्बन किरदार की बात होती, गोरे रंग की डिमांड की जाती थी। अपने सांवले रंग के कारण मैं उस तरह के रोल्स के लिए ऑडिशन दे ही नहीं सकती थी। तभी मैंने तय किया कि मैं अपने कॉप्लेक्शन के कारण किसी रोल के लिए चुनी जाऊं, तो वो अहम हो। कई बार ये भी हुआ कि लीड रोल के ऑडिशन के लिए गई, मगर ऑफर हुआ हाउस हेल्प का रोल। कई साल तक ये सिलसिला चला, मगर ओटीटी के आने के बाद कई रियलिस्टिक किरदारों के चलते बदलाव आया है।



### इंटीमेट सीन्स में विजय वर्मा और रीमा कागती ने सेफ फील करवाया

बतौर एक्ट्रेस मंजरी खुद को लकी मानती हैं कि उन्हें रीमा कागती (दहाड़, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव) और शाजिया इकबाल (धड़क 2) का साथ मिला। वह कहती हैं, दहाड़ में सेट पर रीमा कागती ने काफी सेफ फील करवाया। मैं पर्दे पर पहली बार अंतरंग दृश्य कर रही थी और ये सीन्स लॉकडाउन से पहले शूट किए थे, तो उस वक्त तक सेट पर इंटीमेसी डायरेक्टर इंट्रोड्यूज नहीं हुए थे, मैं बहुत डरी हुई थी। मगर रीमा ही नहीं, बल्कि मेरे को-एक्टर विजय वर्मा ने भी मेरा काफी खयाल रखा और उन इंटीमेट सीन्स में मुझे जरा भी असहजता महसूस नहीं हुई। साफ-सुथरे और प्रोफेशनल तरीके से वो सीन्स शूट हुए। फीमेल डायरेक्टर होने का ये फायदा तो होता है कि आप खुद को सेफ जोन में फील करते हैं।

# सचिन तेंदुलकर बनेंगे बीसीसीआई के नए अध्यक्ष, महान बल्लेबाज ने तोड़ी चुप्पी

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि मास्टर ब्लास्टर को रोजर बिन्नी की जगह BCCI अध्यक्ष बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, SRT स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है।

SRT स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'हमारे संज्ञान में आया है कि सचिन तेंदुलकर के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष पद के लिए विचार किए जाने या नामांकित किए जाने के बारे में कुछ रिपोर्ट और अफवाहें फैल रही हैं।' बयान में आगे कहा गया, 'हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। हम सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध करते हैं कि वे निराधार अटकलों पर ध्यान न दें।'

BCCI अध्यक्ष का पद फिलहाल खाली है, क्योंकि रोजर बिन्नी को इस साल की शुरुआत में 70 साल की उम्र पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था। बोर्ड के संविधान के अनुसार कोई भी पदाधिकारी 70 की उम्र के बाद पद पर नहीं रह सकता। इस बीच उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कार्यवाहक अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। पदाधिकारियों के चुनाव 28 सितंबर को होने वाली BCCI की वार्षिक आम बैठक में होंगे और ऐसी अटकलें हैं कि सर्वसम्मति से इस पद के लिए तेंदुलकर से संपर्क किया जा सकता है।

तेंदुलकर के BCCI अध्यक्ष बनने की खबर उस समय और अधिक चर्चा में आई जब एक मीडिया हाउस ने दावा किया गया है कि अपने करियर के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रसिद्ध एक दिग्गज भारतीय क्रिकेटर पर भी इस शीर्ष पद के लिए विचार किया जा रहा है। पूर्व क्रिकेटरों द्वारा BCCI अध्यक्ष पद संभालने का चलन 2019 में शुरू हुआ, जब सौरव गांगुली ने यह पद संभाला। बाद में भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बिन्नी ने उनकी जगह ली।

गौरतलब है कि तेंदुलकर ने कभी कोई प्रशासनिक पद नहीं संभाला है और BCCI अध्यक्ष बनने के लिए किसी राज्य क्रिकेट संघ का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। BCCI



संविधान के अनुसार प्रत्येक पूर्व भारतीय खिलाड़ी स्वतः ही अपने संबंधित राज्य संघ का सदस्य बन जाता है। हालांकि, BCCI में किसी भी पदाधिकारी पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए उस राज्य संघ से औपचारिक नामांकन आवश्यक है।

# भारत-पाक मैचों का क्रेज कम हुआ, अब तक आधे टिकट भी नहीं बिके



**दुबई (एजेंसी)।** यहां खेले जा रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक दर्शकों की कमी देखी गयी है। यहां तक कि रविवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान मैच के लिए भी टिकटों की मांग नहीं हैं। पहले जहां टिकटों की भारी मांग रहती थी और मोटी कीमत पर भी लोग इन्हें खरीदने के लिए तैयार रहते थे। वहीं इस बार आधी टिकटें भी नहीं बिकी है। इससे लगता है कि अब भारत-पाक मैच का आकर्षण पहले जैसा नहीं रहा। या दर्शक इस बार पाक के खिलाफ मैच का बहिष्कार कर रहे हों। रविवार को दोनो ही टीमों के बीच दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ये मैच है पर अभी तक 50 फीसदी टिकट नहीं बिके हैं।

ये पहली बार ऐसा है, जब दोनो-टीमों के बीच मैच के टिकट मैच से पहले तक उपलब्ध रहने वाले हैं। इन टीमों के बीच मैच में प्रशंसकों के बीच टिकटों को लेकर मारामारी मची रहती थी पर इस बार ऐसा नहीं है। इसका कारण है कि करीब 50 फीसदी टिकट अभी भी नहीं बिके हैं। इसका बड़ा कारण ये हो सकता है कि भारतीय प्रशंसक इस मैच का बहिष्कार कर रहे हों और वे क्रिकेट जगत को दिखाना चाहते हैं कि वे पाक के साथ किसी भी स्तर पर क्रिकेट देखना पसंद नहीं करेंगे।

ऐसा इसलिए क्योंकि इस अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से ही प्रशंसक पाक से किसी प्रकार का संबंध नहीं चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इस बात से नाराज थे कि भारत सरकार और बीसीसीआई ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार नहीं किया। यही नाराजगी अब टिकट खिड़की पर दिख रही है। जिस मैच के लिए ब्लैक में टिकट मिलते थे, उस मैच के लिए टिकट बिक नहीं पा रहे। इससे पहले भारतीय पूर्व क्रिकेटरों ने ने लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान का बहिषकार किया था। टिकट कम बिक्री का एक कारण ये भी माना जा रहा है कि

पाकिस्तान की टीम अब पहले जैसी नहीं रही और ये मैच एकतरफा होने लगे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने पिछले 5 मैच आसानी से जीते हैं। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान की टीम भारत को टक्कर नहीं दे पाती।

# ब्रेट ली की सर्वकालिक टी20 एशिया कप टीम में विराट, रोहित सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल







**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ये सर्वकालिक टी20 एशिया कप टीम बनायी है। इसमें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने भारत के विराट कोहली, रोहित शर्मा, महेन्द्र सिंह धोनी, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को शामिल किया है पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को जगह नहीं दी है। ब्रेट ली ने भारतीय टीम के पांच खिलाड़ियों जबकि पाकिस्तान के केवल दो खिलाड़ियों मोहम्मद रिजवान और हारिस रउफ को इस टीम में शामिल किया है।

रोहित और विराट ने पहले ही टी20 से संन्यास ले लिया है। ऐसे में ये दोनो ही एशिया कप 2025 के लिए टीम में नहीं हैं। वहीं रिजवान और बाबर खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर हैं। ली की बनायी टीम में धोनी और भारतीय टीम का हिस्सा रहे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी शामिल हैं।

टीम में यूएई के पूर्व स्पिनर अमजद जावेद, श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा, अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, यूएई के नवीद और पाकिस्तान के हारिस रऊफ को भी शामिल किया गया है।

ब्रेट ली की सर्वकालिक एशिया कप टी20 टीम

विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद रिजवान, बाबर हयात, एमएस धोनी, हार्दिक पंड्या, वानिंदु हसरंगा, राशिद खान, अमजद जावेद, मोहम्मद नवीद, हारिस रऊफ, जसप्रीत बुमराह।

# एशिया कप में पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिये : हरभजन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का कहना है कि वर्तमान हालातों में पाकिस्तान से क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिये। हरभजर ने कहा कि जब तक पाक से संबंध तनावपूर्ण हैं तब तक न तो खेल होना चाहिये और न ही व्यापार। हरभजन ने कहा कि जब तब दोनों देशों के बीच संबंध नहीं सुधर जाते तब तक भारत और पाकिस्?तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली जानी चाहिए। भारत और पाक टीम एशिया कप में रविवार को आमने-सामने होंगी। पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए हरभजन सहित कई प्रशंसकों का मानना है कि पाक के साथ खेल नहीं होना चाहिये। उनका कहना है कि पूर्व क्रिकेटरों ने भी वर्ल्ड चैंपियनशिप्स ऑफ लीजेंड्स में पाक के खिलाफ दोनो ही मुकाबलों का बहिष्कार किया था। हरभजन के अनुसार हर किसी की सोच अलग होती है पर मेरा मानना है कि जब तक दोनों देशों के बीच संबंध सुधर नहीं जाते, तब तक क्रिकेट और व्यापार दोनों नहीं होना चाहिए हालांकि अगर सरकार कहती है कि मैच होना चाहिए तो फिर यह खेला जाना चाहिए। मगर दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होने चाहिए।

वहीं हरभजन ने भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमताओं को लेकर कहा कि सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाहर होने के बाद भी टीम मजबूत है।उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, अगर कोई भारतीय टीम को हरा सकता है, तो वो खुद टीम इंडिया है। यह इतनी मजबूत टीम है। हमारी क्रिकेट अलग स्तर की है। भले ही विराट और रोहित संन्यास ले चुके हैं, लेकिन टीम काफी मजबूत है।

हरभजन के अनुसार भारतीय टीम दुबई में खेले जा रहे एशिया कप में जीतेगी।

# विश्व चैंपियनशिप में आमने-सामने होंगे नीरज और अरशद

टोक्यो (ईएमएस)। 13 सितंबर से 21 सितंबर के बीच जापान की राजधानी टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से 19 सदस्यीय टीम भाग लेगी जबकि पाकिस्तान की ओर से केवल नदीम ही उतरेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद से ही ये पहली बार होगा जब नीरज और नदीम के बीच शीर्ष पर पहुंचने को लेकर प्रतिद्वंद्विता होगी। नीजर से टोक्यो जबकि नदीम ने



पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन इवेंट के लिए नदीम को पहले आमंत्रण भेजा गया था पर दोनो देशों के बीच तनाव के बीच ही नदीम ने इसमें शामिल होने से ये कहकर इंकार कर दिया था कि इस दौरान उनक ट्रेनिंग कार्यक्रम है। विश्वचैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार को होगी और 18 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।

# भारत ने पहले महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत 11 से 25 नवंबर तक ऐतिहासिक रूप से पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। शुरुआत में काठमांडू को तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान से जुड़े मैच होने थे, हालाँकि, नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच होंगे। 56 खिलाड़ियों की राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज, उसके बाद कठोर प्रशिक्षण और चयन शिविरों के बाद दृष्टिबाधित महिलाओं के लिए अंतिम 16 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की गई है, जो विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा, लचीलापन और जुझारूपन दिखाने के लिए तैयार है।

**टीम सूची**

बी1 श्रेणी : सिमू दास (दिल्ली), पी. करुणा कुमारी (आंध्र प्रदेश), अनु कुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक)

बी2 श्रेणी : अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारबती मांडी (ओडिशा)

बी3 श्रेणी : दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश), दुर्गा येवले (मध्य प्रदेश)

समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) इस ऐतिहासिक विश्व कप का गौरवशाली आयोजक है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं के लिए समान मंच बनाने में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है। CABI के अध्यक्ष महंतेश जी किवादासन्नावर ने कहा, 'यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसकी मेजबानी करना गर्व की बात है और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियां इस कसौटी पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी।' इससे पहले भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 IBSA विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था, जहां दृष्टिबाधित क्रिकेट ने अपनी शुरुआत की।

# टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर हैं चहल कुलदीप दूसरे नंबर पर पहुंचे





मुम्बई। भारत के लिए अभी तक टी20 में सबसे अधिक विकेट तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम है। अर्शदीप ने अभी तक 99 विकेट लिए हैं। वहीं लेग युजवेंद्र चहल सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। उनके नाम 96 विकेट हैं। स्पिनरों की बात करें तो चहल पहले नंबर पर हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर कुलदीप यादव हैं। उनके नाम 41 मैचों में 73 विकेट हैं। वहीं इसके बाद आर अश्विन और अक्षर पटेल का नंबर आता है। अश्विन ने 65 मैचों में 72 विकेट लिए हैं। वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे स्पिनर हैं। वहीं अक्षर पटेल के भी इतने ही विकेट हो गये हैं हालांकि उन्होंने अश्विन से अधिक विकेट लिए है। अक्षर पटेल ने 72 मैचों में 72 विकेट हासिल कर लिए हैं। वे इस सूची में चौथे नंबर पर हैं। वहीं स्पिनर रवि बिश्नोई पांचवें नंबर पर है, उन्होंने 42 मैचों में 61 विकेट लिए हैं।

# एशिया कप 2025 : श्रीलंका पर मनोवैज्ञानिक बढ़त मजबूत करने

**अबु धाबी (एजेंसी)।** बंगलादेश शनिवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 टी-20 के पांचवें मुकाबले में अपने पहले मैच में मिली जीत की महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त को मजबूत करने और श्रीलंका के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने के लिए उतरेगा।

पिछले महीनों के आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश का पलड़ा भारी है क्योंकि उसने जुलाई 2025 में श्रीलंका को टी-20 सीरीज में 2-1 से हराया था और उनकी मौजूदा लय उन्हें एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाती है। बंगलादेश ने एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ शानदार शुरुआत की है। इस मैच में बंगलादेश ने लिटन दास की 39 गेंदों पर 59 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत बंगलादेश ने हांगकांग के खिलाफ 144 रनों के लक्ष्य का 18 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया।

बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन, मध्यक्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदय और जैकर अली के साथ मिलकर एक संतुलित बल्लेबाजी क्रम प्रदान करते हैं जो प्रभावी ढंग से पारी को आगे बढ़ाने और समाप्त करने में सक्षम है। वहीं अगर गेंदबाजी की बात की जाए तो तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान का तेज गेंदबाजी आक्रमण शानदार फॉर्म में है। स्पिनर महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन अबु धाबी की परिस्थितियों





के अनुकूल हैं। संभावित बंगलादेश एकादश- परवेज हुसैन इमोन, तनजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदय, शमीम हुसैन, जैकर अली, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तनजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान। वहीं अगर श्रीलंका की बात की जाये तो उसने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से केवल दो में जीत हासिल करते हुए, अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। बंगलादेश से सीरीज हार और जिम्बाब्वे से मिली करारी हार ने एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत में टीम पर दबाव बढ़ा दिया है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा के साथ मिलकर पारी को स्थिर करने की उम्मीद है, जबकि कामिल मिशारा और चरित असालंका पारी के अंत में तेजी ला सकते हैं।

गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाए तो वनिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज और चरित असालंका की अगुवाई में श्रीलंका का स्पिन विभाग अबु धाबी की पिच पर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। दुष्मंथा चमीरा तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, हालांकि हालात में स्पिनरों का पलड़ा भारी लग सकता है।

विश्लेषकों के अनुसार शेख जायद स्टेडियम की पिच संतुलित है जिस पर बल्लेबाज शुरुआत में खुलकर खेल सकते हैं, जबकि स्पिनर बीच के ओवरों में सटीकता का फायदा उठाकर नियंत्रण बना सकते हैं। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को ऐतिहासिक रूप से फायदा मिलता रहा है। पिछले 10 टी20 मैचों में से आठ लक्ष्य का पीछा कर जीते गए है। इसलिए टॉस जीतने वाले कप्तान के पहले क्षेत्ररक्षण करने की संभावना है। 170 के आसपास के स्कोर से एक प्रतिस्पर्धी मुकाबला होने की उम्मीद है।

**संभावित प्लेइंग 11**

**बंगलादेश** = तंजीद हसन, परवेज़ हुसैन इमोन, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, तंज़ीम हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान

**श्रीलंका** =पथुम निसंका, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), कुसल परेरा, कामिल मिशारा, कामिंदु मेंडिस, चरित असालंका (कप्तान), दासुन शनाका, महेश दीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज/मथीशा पथिराना, वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा।

# संत प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंची साइना नेहवाल

नई दिल्ली। अनुभवी महिला बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल संत प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंची हैं। साइना के साथ इस दौरान उनकी मां और बहन भी थीं। साइना ने कहा कि कई बार जब उन्हें किसी इवेंट में जाना होता है तो वह तनाव में आ जाती। जिससे वह मुक्त होना चाहती हैं। इसपर प्रेमानंद जी महाराज ने उनकी शंकाओं का समाधान किया। साइना की प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करते समय की जो वीडियो आई है इसमें वह महाराज जी के सामने हाथ जोड़कर खड़ी हुई हैं और अपनी परेशानी उन्हें बता रही हैं। साइना के साथ उनकी मां उषा नेहवाल और उनकी बहन भी दिखाई दे रही हैं। साइना ने प्रेमानंद महाराज से पूछा, ', मुझे मंदिर जाना बहुत पसंद है और मैं काफी मंत्र भी जपती हूं पर जब भी मुझे कुछ लोग इवेंट्स में बुलाते हैं, तो उस टाइम का न सोचकर मैं थोड़ा तनाव में आ जाती हूं कि इस कार्यक्रम का क्या होगा।' साइना के सवाल का जवाब देते हुए प्रेमानंद महाराज ने कहा, 'अज्ञान की वृद्धि जब तक नष्ट नहीं होगी तब तक वह चिंता बनी रहती है। वहीं वर्तमान के समय को यदि हम भगवान के नाम को जपने में लगा दें तो हमारा भूत और



भविष्य दोनों ठीक हो जाएगा।' संत ने कहा कि जब हमारी बुद्धि खराब हो जाती है तो नकारात्मकता अधिक फैलने लगती है और जब बुद्धि ज्यादा नकारात्मक हो जाती है तब हम अवसाद में पहुंच जाते हैं। वहीं अगर हमारी बुद्धि सकारात्मक होती है तो हम समस्या के साथ भी खुश रहते हैं।' हाल में साइना निजी जीवन को लेकर परेशान रही हैं। कुछ समय पहले ही उनका बैडमिंटन स्टार पारुपल्ली कश्यप से अलग होने की बात कही थी हालांकि बाद में फिर दोनो एकसाथ आ गये। दोनों ने अपने रिश्ते को एक ओर मौका दिया। साइना ने पति कश्यप के साथ तस्वीर शेयर करके जानकारी दी। प्रेमानंद जी महाराज ने आगे कहा कि तनाव नाम जप से आएगा। अगर हम राधा राधा राधा कृष्ण कृष्ण राम राम जो नाम प्रिय है वह नाम जप करें और पवित्र भोजन पावें। तो हमारे अंदर जो चिंता है, जो बेचैनी है यह फिर हमारे अंदर नहीं रहेगी. हर समय प्रसन्न रहेंगे. देखो जो भगवान के भक्तजन होते हैं, वे कैसी भी स्थिति को प्रसन्न रहते हैं, क्योंकि उनकी नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। इसलिए नियमित तौर पर जाप करें। साइना से पहले क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी संत की शरण में पहुंचे थे।

# 'वह खेल को पूरी तरह से बदल सकते हैं' : पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने भारतीय ऑलराउंडर की तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अक्सर भावनाएं हावी हो जाती हैं, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि इसी कमी के कारण उन्हें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण मैच गंवाने पड़े हैं। राजनीतिक तनाव के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट एक दशक से भी ज्यादा समय से स्थगित है जिससे उनके मुकाबले आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं तक ही सीमित हैं। पिछले 10 सालों में यह प्रतिद्वंद्विता काफी हद तक एकतरफा रही है, जिसमें भारत ने 15 में से 12 मैच जीते हैं।

लतीफ ने कहा, 'हम भावुक या अति उत्साहित हो जाते हैं और एक ही बार में सब कुछ करने की कोशिश करते हैं। हम भारत के खिलाफ मैच को ज्यादा आगे नहीं ले जाते और इसी वजह से पाकिस्तान ज्यादातर हार जाता है।' पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आगे कहा, 'दूसरी ओर, भारत पिच और मैच की स्थिति के अनुसार खेलता है और इसीलिए वे सफल होते हैं।'

दोनों देश रविवार को दुबई में एशिया कप के ग्रुप ए मैच में एक-दूसरे के खिलाफ अपनी प्रतिद्वंद्विता फिर से शुरू करेंगे। लतीफ का मानना है कि हार्दिक पांड्या के फिनिशिंग कौशल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन द्वारा प्रदान किया गया संतुलन और जसप्रीत बुमराह की बेजोड़ सटीकता के साथ भारत की संयम बनाए रखने की क्षमता, उन्हें इस समय एक पूर्ण टीम बनाती है।

लतीफ ने कहा, 'हार्दिक पांड्या एक खतरनाक खिलाड़ी हैं। मध्यक्रम के खिलाड़ी या नीचे आने वाले खिलाड़ी खेल को बदल सकते हैं। पांड्या ने ऐसा एक बार नहीं, बल्कि कई बार किया है, जो अद्भुत है और इसीलिए उन्हें एक्स-फैक्टर कहा जाता है। वह खेल को पूरी तरह से बदल सकते हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और सूर्य कुमार यादव जैसे खिलाड़ी संतुलन लाते हैं, गेंदबाजी में बुमराह एक बड़ी संपत्ति हैं। कुल मिलाकर, यह एक बहुत अच्छी टीम है।'

लतीफ के लिए बुमराह अभी भी वह गेंदबाज हैं जो मुकाबलों को पलट सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जहां तक गेंदबाजी की बात है, सटीकता ज्यादा है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीयों का धैर्य और कौशल खेल के दौरान बेहतर प्रदर्शन करता है।' मेलबर्न में 2022 के टी20 विश्व कप में विराट कोहली के नाबाद 82 रनों ने भारत को मुश्किल से बाहर निकालकर अंतिम गेंद पर चार विकेट से जीत दिलाई। एक साल बाद एशिया कप में भारत ने कोलंबो में पाकिस्तान को 228 रनों से हरा दिया, लेकिन उनका सुपर 4 मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। अमेरिका में 2024 के टी20 विश्व कप में बुमराह के तीन विकेटों ने छह रनों से जीत सुनिश्चित की, क्योंकि भारत सिर्फ 119 रनों का बचाव कर पाया।

लतीफ ने कहा, 'पाकिस्तान पर पिछले 30 सालों से दबाव है। इसलिए शायद भारत इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा।' हालांकि उन्होंने भारत की एक संभावित कमजोरी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'भारत में एकमात्र कमी यह है कि उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। वे जरूर अभ्यास मैच खेल रहे होंगे या अभ्यास कर रहे होंगे। लेकिन उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। यह एक नुकसानदेह स्थिति हो सकती है।'

इस बीच पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में मुश्किल स्पिन पिचों पर त्रिकोणीय श्रृंखला खेलकर आया है, और लतीफ का मानना ??है कि यह अनुभव उन्हें जल्दी से अनुकूलन करने में मदद कर सकता है। नए कप्तान सलमान अली आगा के नेतृत्व में टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन एक ऐसा मुख्य समूह भी है जिसने इस दशक की शुरुआत में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम वही है। मैं कह सकता हूं कि तीन नए खिलाड़ी हैं। सलमान अली आगा, जो हाल ही में आए हैं। सैम अयूब का 2024 में पदार्पण। हसन नवाज। बाकी खिलाड़ी 2021, 2018 और 2016 के हैं। लतीफ ने कहा, 'हमारे पास एक नया कप्तान भी है और आप कह सकते हैं कि पाकिस्तान को बढ़त हासिल है।'



लतीफ का मानना है कि साहिबजादा फरहान पाकिस्तान के लिए एक सरप्राइज पैकेज हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वह पिछले 3-4 सालों से टी20 में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में उन्होंने 4-5 शतक लगाए थे। इस तरह उन्होंने खुद को वापस ला दिया है। उनकी अच्छी बात यह है कि वह टी20 क्रिकेट वैसे ही खेलते हैं जैसे उसे खेला जाना चाहिए। उन्हें जो भूमिका दी जाती है, वह उसे निभाते हैं। वह अपने लिए नहीं खेलते। वह पहले 10-12 ओवरों में गति पकड़ने की कोशिश करते हैं और यही उनकी सफलता का मंत्र रहा है।'

# नवंबर में चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप

चेन्नई। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अनुसार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएंगा। इसमें 28 नवंबर को जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जाएगा। मेजबान भारतीय टीम अपना पहला मैच 28 नवंबर को ही चिली के खिलाफ खेलेगी। उसके बाद उसे 29 नंवबर को पाकिस्तान से खेलना है। भारतीय टीम अपना अंतिम लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड से खेलेगी। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इसमें छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने कहा कि जूनियर विश्व कप का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक बनाता है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल रहेंगी। इससे उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को बताता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान को भी शामिल किया गया है हालांकि अभी तक पाक हॉकी संघ ने इसमें भाग लेने की पुष्टि नहीं की है।

## राहुल गांधी के स्वागत में पाकिस्तानी गाना बजाने से विवाद

जूनागढ़ (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज गुजरात दौरे पर हैं। आज राहुल गांधी जूनागढ़ के भवनाथ में आयोजित कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा, भरतसिंह सोलंकी, तुषार चौधरी समेत अन्य नेताओं और बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। हालाँकि, इस दौरान एक गाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राहुल गांधी के स्वागत में पाकिस्तानी गाना बजाने से विवाद पैदा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जूनागढ़ में भव्य स्वागत किया गया। गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा के अलावा भरतसिंह सोलंकी, तुषार चौधरी समेत नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी जब भवनाथ में आयोजित कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने जा रहे थे, तो उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर मौजूद थे। हालाँकि, इस दौरान डीजे पर एक पाकिस्तानी गाना बज रहा था। राहुल गांधी के स्वागत में डीजे द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेटरों के लिए बनाया गया गाना जीत की लगन बजाने पर अब विवाद बढ़ गया है। कुछ लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि क्या जूनागढ़ में राहुल गांधी के स्वागत में पाकिस्तान के लिए प्रेम था। इस घटना से भाजपा नेताओं को राहुल गांधी पर हमला करने का एक और मौका मिल गया है। हालांकि जूनागढ़ में जब राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ रहा था, तब पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी आप आगे बढ़ो के नारे भी लगाए।

## सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य परिसर के भीतर सख्त सुरक्षा नियम लागू किए

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने मुख्य परिसर के भीतर सख्त सुरक्षा नियम लागू किए हैं, जिससे इस एक हाई सिक्योरिटी जोन घोषित किया गया है। नए नियमों के तहत, सुप्रीम कोर्ट परिसर में कई गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। हाई सिक्योरिटी ज़ोन में मोबाइल फोन का उपयोग करके तस्वीरें खींचने या वीडियो बनाने पर पूरी तरह से रोक है। इसके अलावा, आधिकारिक उपयोग को छोड़कर, कैमरा, ट्राइपॉड और सेल्फी स्टिक जैसे उपकरणों का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं परिसर के अंदर रील्स या इसी तरह के वीडियो बनाने पर भी प्रतिबंध है। यदि कोई पत्रकार इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता है, तब उस पत्रकार को एक महीने के लिए हाई सिक्योरिटी ज़ोन में प्रवेश करने से रोका जा सकता है। अगर इनमें से कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है, तब संबंधित बार एसोसिएशन या राज्य बार काउंसिल अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई कर सकती है। अन्य कर्मचारियों या व्यक्तियों द्वारा नियमों के उल्लंघन पर उनके विभागाध्यक्ष द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षाकर्मियों को यह अधिकार दिया गया है कि वे किसी भी व्यक्ति, कर्मचारी या वकील को हाई सिक्योरिटी ज़ोन के अंदर तस्वीरें लेने या वीडियो बनाने से रोक सकते हैं।

## बहराइच में फिर भेड़िए का आतंक : मां के साथ सो रही 3 माह की मासूम को उठा ले गया

बहराइच (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक बार फिर भेड़िए का आतंक शुरु हो गया है। यहां एक हफ्ते में दो घटनाएं डराने वाली हुई हैं। बीती रात एक जंगली जानवर मां के साथ सो रही तीन महीने की मासूम बच्ची को उठा ले गया। सुबह ग्रामीणों को गन्ने के खेत में बच्ची के शव के अवशेष मिले। यह घटना जिले के महसी तहसील के बहोरवा गांव की है। बता दें कि यह घटना उस इलाके में हुई, जहां दो दिन पहले एक सात साल की बच्ची भी भेड़िए का शिकार बन चुकी है। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में भय का माहौल है।

## शिकायत करने से नाराज डीएमके नेता ने व्यक्ति को कार से कुचला, गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु में डीएमके के एक नेता को एक व्यक्ति को अपनी कार से कुचलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम विनयगम पलानीस्वामी बताया जा रहा है। वह तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में पंचायत अध्यक्ष हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम भी पलानीस्वामी ही है। जब वह अपने दोपहिया वाहन से जा रहा था, तभी विनयगम ने उसे अपनी एसयूवी कार से कुचल दिया। शुरुआत में इसे हिट एंड रन का मामला माना जा रहा था, क्योंकि डीएमके नेता उस समय नशे में थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित परिवार को इसमें गड़बड़ी की आशंका जताई। बताया गया कि मृतक के पंचायत प्रमुख के साथ मतभेद थे। इसके बाद मामले को हत्या की जांच में बदला गया और पुलिस ने आरोपी पर शिकंजा कसा। पुलिस के मुताबिक मृतक ने एक निजी सड़क पंचायत को न सौंपे जाने की शिकायत की थी। इससे ही आरोपी भड़क गया था। मृतक पलानीस्वामी ने आरोपी विनयगम सामने कई और मुद्दे भी उठाए थे। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बीते कुछ वक्त से तमिलनाडु में विपक्ष डीएमके की सरकार पर अपराध बढ़ने और कानून-व्यवस्था में गिरावट का आरोप लगा रहा है। हालांकि डीएमके ने राज्य में सबसे कम अपराध का दावा किया है।

## 350 साल पुराने मंदिर से चांदी के खड़ाऊं चोरी कर ले गई महिला

बागपत (एजेंसी)। यूपी के बागपत से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां 350 साल पुराने दादी महाराज मंदिर में महिला ने चांदी के खड़ाऊं चोरी किए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक महिला बेहद शातिर अंदाज में मंदिर में घुसकर खड़ाऊं लेकर फरार हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना फुलेरा गांव की है। यहां सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तब उन्होंने देखा कि भगवान के चरणों में रखीं चांदी की खड़ाऊं गायब हैं। पहले सभी को लगा कि खड़ाऊं किसी ने पूजा के लिए हटाई होंगी, लेकिन जब खोजबीन के बाद भी नहीं मिलीं।

# लोकतंत्र में सार्थक संवाद और स्वस्थ बहस जनता का विश्वास मजबूत करते हैं: लोकसभा अध्यक्ष

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के विधान सौध की ऐतिहासिक सीढ़ियों पर आयोजित 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ/ कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन भारत क्षेत्र सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास तभी मज़बूत होगा जब संसद और विधानसभाओं में सार्थक संवाद और स्वस्थ बहस की परंपरा को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद की संस्कृति हजारों वर्षों से हमारी परंपरा का हिस्सा रही है, जिसे हमारे संविधान ने और अधिक मज़बूती प्रदान की। उन्होंने संविधान सभा की बहसों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब हर शब्द और अनुच्छेद पर गहन चर्चा हुई थी, उसी कारण हमारा संविधान समावेशी और दूरदर्शी बन सका। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत और सबसे जीवंत संविधान; ÷भारत का संविधान÷ है। हमारे संविधान निर्माताओं के प्रयासों से भारत अनेक विविधताओं के बावजूद एकजुट है।



लोक सभा अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सदन में अपने आचरण से गरिमा और मर्यादा बनाए रखें। हंगामे, गतिरोध और बार-बार स्थगन से लोकतंत्र को केवल आघात पहुँचता है और जनता का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को इस पर आत्ममंथन करना चाहिए कि बहस और संवाद से ही समाधान निकलता है। विधानमंडलों में सत्रों की घटती संख्या, चर्चा का सीमित समय और लगातार व्यवधान पर चिंता व्यक्त करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें अपनी बहस की संस्कृति को और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की जनता हमसे शोर नहीं, समाधान चाहती है। यदि हमारी बहस रचनात्मक होगी तो हमारे कानून बेहतर होंगे, हमारे कानून बेहतर होंगे तो शासन सशक्त होगा, और यदि शासन सशक्त होगा तो जनता का विश्वास अटूट रहेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) लगभग 180 राष्ट्रमंडल सांसदों/विधान मंडलों का एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला सीपीए भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के पदेन अध्यक्ष हैं। भारत सीपीए का 9वां क्षेत्र है, तथा देश के सभी 31 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शाखाएं भारत क्षेत्र के अंतर्गत शामिल हैं। कर्नाटक, बेंगलुरू में आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन का मुख्य विषय ÷विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा - जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम÷ रखा गया है।

इस अवसर पर कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैय्या, कर्नाटक विधान परिषद के अध्यक्ष, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, तथा सीपीए इंडिया रीजन की विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भी सभा को संबोधित किया। कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया और सीपीए कर्नाटक शाखा के सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## स्पाइसजेट विमान का पहिया उड़ान भरते ही गिरा, मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई (एजेंसी)।** स्पाइसजेट की कांडला-मुंबई उड़ान ने शुक्रवार को यात्रियों की सांसें रोक देने वाली स्थिति पैदा कर दी। दरअसल उड़ान भरते ही विमान का आगे का एक बाहरी पहिया रनवे पर गिर गया, जिसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर आपातकालीन अलर्ट घोषित किया गया। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से विमान सुरक्षित उतरा और सभी यात्री सकुशल विमान से उतार लिए गए। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि 12 सितंबर को कांडला से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला स्पाइसजेट का क्यू400 विमान पूरी तरह सुरक्षित मुंबई में उतरा। विमान ने अपनी यात्रा जारी रखी और सुचारू रूप से लैंडिंग की। सभी यात्री सामान्य रूप से उतर गए। जानकारी के अनुसार, कांडला एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने उड़ान भरने के तुरंत बाद रनवे पर विमान से कुछ गिरते देखा। संदेह होने पर एटीसी ने तुरंत पायलट को सूचित किया और रनवे पर गिरी वस्तु को लाने के लिए टीम भेजी। बाद में रनवे से विमान का पहिया और धातु का एक हिस्सा बरामद किया गया। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले दमकल और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया था। विमान शाम करीब 4 बजे सुरक्षित उतरा। मुंबई एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया, गंभीर खतरे की स्थिति के बावजूद विमान अपने तय कार्यक्रम के तहत टर्मिनल तक पहुंचा और सभी यात्री सुरक्षित बाहर आ गए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक पूर्व अधिकारी ने इस घटना को गंभीर करार देते हुए कहा, कि विमान के पहिए का उड़ान भरते समय उखड़ना बड़ा खतरा है। सौभाग्य से, पहिए का एक हिस्सा जुड़ा रहा, अन्यथा स्थिति भयावह हो सकती थी। इस घटना के बाद डीजीसीए ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए। अधिकारियों का कहना है कि स्पाइसजेट को अपनी विमानन सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी जांच को और कड़ा करना होगा।

## देश में पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से होगी, लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2027 में होने जा रही देश की जनगणना बेहद खास अंदाज में होने वाली है। ये जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और भवन तथा इमारतों की जियोटैगिंग भी की जाएगी। यह प्रक्रिया कई मायनों में खास रहने वाली है। लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। 1931 के बाद पहली बार अलग-अलग जातियों की गिनती भी होगी। साथ ही, पूरे देश में इमारतों का जियोटैग किया जाएगा जो पहले कभी जनगणना में नहीं हुआ। चलिए जानते हैं कि जियोटैगिंग क्या है और कैसे कराई जाती है।

जियोटैगिंग का काम जनगणना के पहले चरण यानी हाउसलिस्टिंग ऑपरेशंस (एचएलओ) के दौरान होता है। अप्रैल-सितंबर 2026 में यह शुरू हो जाएगा। गणना करने वाले कर्मचारी अपने तय किए गए हाउसलिस्टिंग ब्लॉक में जाएंगे और हर इमारत को डिजिटल लेआउट मैपिंग के जरिए जियोटैग करेंगे। वे अपने स्मार्टफोन पर लोकेशन ऑन करके मोबाइल ऐप के जरिए इमारत की जानकारी दर्ज करेंगे। इस दौरान हर इमारत में मौजूद घरों और परिवारों की संख्या की जानकारी ली जाएगी। इमारतों को रहने वाली, गैर-रिहाइश, आंशिक




रूप से रहने वाली या लैंडमार्क जैसी श्रेणियों में बांटा जाएगा। जनगणना में परिवार का मतलब है वो लोग जो आमतौर पर एक साथ रहते हैं। वे एक ही रसोई से खाना खाते हैं, भले ही काम की वजह से कोई बाहर रहे। जियोटैगिंग के जरिए किसी इमारत की लोकेशन को अक्षांश और देशांतर के जरिए डिजिटल नक्शे (जीआईएस) पर मार्क करना होता है। जीआईएस यानी जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम ऐसा कंप्यूटर सिस्टम है जो धरती की सतह पर किसी जगह की जानकारी को कैप्चर करता है, उसकी जांच करता है और दिखाता है। जियोटैगिंग से हर इमारत को एक यूनिक लोकेशनल आइडेंटिटी मिलती है, जिसे आसानी से पिनपॉइंट किया जा सकता है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत में 33.08 करोड़ इमारतें थीं जिनमें 30.61 करोड़ में लोग रहते थे और 2.46 करोड़ खाली थीं। इनमें से 22.07 करोड़ ग्रामीण इलाकों में और 11.01 करोड़ शहरी इलाकों में थीं।


# क्या हाई-प्रोफाइल भगोड़ों की होने जा रही घर वापसी? भारत क्यों दे रहा जेलों में सुविधाओं का भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी और फरार कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश तेज हो गई है। इस कड़ी में केंद्र सरकार ने बेल्जियम प्रशासन को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि प्रत्यर्पण के बाद चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा, जहां उसे साफ बिस्तर, संतुलित भोजन, व्यायाम और मनोरंजन की सुविधाएं मिलेंगी।

दरअसल, बेल्जियम और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि है, लेकिन आरोपी के मानवाधिकारों की गारंटी देना अनिवार्य शर्त है। इसी वजह से भारत को बार-बार जेलों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत रिपोर्ट देनी पड़ रही है। इससे पहले विजय माल्या और हथियार व्यापारी संजय भंडारी जैसे मामलों में भी भारत सरकार ने ब्रिटेन को भरोसा दिलाया था कि आरोपियों को सुरक्षित और मानवीय माहौल मिलेगा। गौरतलब है कि कई भगोड़े कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए विदेशी अदालतों में यही दलील देते हैं कि भारत की जेलें असुरक्षित हैं, वहां हिंसा और मानवाधिकार हनन का खतरा है। यूरोपीय देशों और ब्रिटेन की अदालतें इस तर्क को गंभीरता से लेती हैं। यूरोपियन कन्वेंशन ऑन ह्यूमन राइट्स साफ कहता है कि किसी आरोपी को ऐसे देश में नहीं भेजा जा सकता जहां उसे अमानवीय व्यवहार या जान का खतरा हो। यही कारण है कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अक्सर लंबी और जटिल हो जाती है।

एक जांच रिपोर्ट के अनुसार, 2002 से अब तक भारत 66 भगोड़ों को अलग-अलग देशों से वापस लाने में सफल रहा है। इनमें सबसे अधिक प्रत्यर्पण यूएई और अमेरिका से हुए हैं, जबकि यूके से केवल एक आरोपी ही लौटाया जा सका है। यही वजह है कि ब्रिटेन और यूरोपीय देशों की अदालतों को संतुष्ट करने के लिए भारत बार-बार सुरक्षा और जेल सुधारों का हवाला देता है। जुलाई में ब्रिटिश क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस की एक टीम ने दिल्ली की तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया था। टीम ने हाई सिक्योरिटी वार्ड और निगरानी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। माना जा रहा है कि यह दौरा विजय माल्या, नीरव मोदी और संजय भंडारी जैसे हाई-प्रोफाइल मामलों को लेकर हुआ था।

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि प्रत्यर्पण संधि होने के बावजूद हर देश अपने यहां रहने वाले व्यक्ति की सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोपरि मानता है। आरोपी को लौटाने से इनकार भी किया जा सकता है, अगर यह साबित हो जाए कि उसके साथ दुर्व्यवहार या राजनीतिक



प्रतिशोध की आशंका है। भारत सरकार के लिए अब चुनौती है कि वह विदेशी अदालतों को यह भरोसा दिला सके कि यहां की जेलों में मानवीय गरिमा, सुरक्षा और निष्पक्ष सुनवाई की पूरी गारंटी है। तभी चोकसी समेत अन्य भगोड़े आर्थिक अपराधियों की घर वापसी संभव हो पाएगी।

## जब सुप्रीम कोर्ट में होने लग गई पड़ोसी देशों के हालात की चर्चा... नेपाल में क्या हो रहा है, बांग्लादेश में क्या हुआ..

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक चुनावी याचिका पर सुनवाई के दौरान पड़ोसी देशों नेपाल और बांग्लादेश का ज़िक्र हुआ। मामला एक ऐसे उम्मीदवार से जुड़ा था, जिसके पास भारत के साथ-साथ नेपाल की नागरिकता होने का दावा किया गया। इसी संदर्भ में अदालत ने नागरिकता और संवैधानिक स्थिरता के महत्व पर टिप्पणी की।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, कि आजकल नेपाल भी नहीं जा सकते। यह टिप्पणी नेपाल में चल रहे राजनीतिक संकट और हालिया अशांति की ओर इशारा थी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मौजूदा हालातों को लेकर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने सुनवाई के दौरान कहा था कि भारत को अपने संविधान पर गर्व है। उन्होंने कहा, पड़ोसी देश नेपाल में क्या हो रहा है, सबको पता है। वहीं जस्टिस विक्रम नाथ ने भी इस क्रम में बांग्लादेश का उदाहरण दिया और कहा, बांग्लादेश में क्या हुआ, यह भी सब जानते हैं।

इन टिप्पणियों से स्पष्ट है कि अदालत केवल कानूनी पहलुओं पर ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों के हालात खासतौर पर राजनीतिक अस्थिरता और उनके लोकतांत्रिक ढांचे पर भी नजर बनाए हुए है। न्यायाधीशों ने अप्रत्यक्ष रूप से यह रेखांकित किया कि भारत का लोकतंत्र और संविधान अन्य देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल है।

# स्वच्छ हवा का अधिकार पूरे देश के लोगों को मिलना चाहिए... सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक नहीं

**-सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में वायु प्रदूषण अब एक गंभीर समस्या बन गई है, जो केवल दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के कई अन्य शहरों को भी प्रभावित करती है। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी कर कहा कि स्वच्छ हवा का अधिकार पूरे देश के लोगों को मिलना चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति पर सुनवाई करते हुए इस बात पर जोर दिया कि प्रदूषण नियंत्रण नीति केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के लोगों को स्वच्छ हवा का अधिकार है, तब यह अधिकार देश के अन्य शहरों के नागरिकों को भी मिलना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि स्वच्छ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह पूरे देश के हर नागरिक का अधिकार है।

उन्होंने अपने अनुभव का उदाहरण देकर कहा कि अमृतसर में भी प्रदूषण दिल्ली से बदतर था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तब यह पूरे देश में लागू होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट फिलहाल उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, भंडारण और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को बदलने की मांग की गई है। कोर्ट ने इस मामले पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत, कई शहरों ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण में इंदौर, अमरावती और देवास शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर बनकर उभरे हैं। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, इंदौर पहले स्थान पर रहा, जिसके बाद जबलपुर और संयुक्त रूप से आगरा और सूरत तीसरे स्थान पर रहे।

मोदी सरकार अगले साल से शहरों के वार्डों का भी वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों के लिए मूल्यांकन करेगी, जिसके लिए दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। यह दिखाता है कि वायु प्रदूषण की समस्या को हल करने के लिए सरकार और न्यायपालिका दोनों ही पूरे देश में सामूहिक प्रयास पर जोर दे रहे हैं।

## कंगना के वकील को फटकारते हुए सुप्रीम कोर्ट के जज ने कहा... हमारा मुंह मत खुलवाइये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत को झटका देकर उनकी उस याचिका पर विचार करने से इंकार किया, जिसमें उन्होंने किसान आंदोलन में भाग लेने वाली महिला के बारे में उनके विवादास्पद ट्वीट के कारण उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले को रद्द करने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कंगना के वकील पर तल्ख टिप्पणी कर कहा कि आपका ट्वीट कोई साधारण रिट्वीट नहीं था बल्कि आपने उसमें मसाला डाला था।



पीठ ने वकील से पूछा, अपनी टिप्पणियों के बारे में आप क्या कहते हैं? आपने इसमें मसाला डाल दिया। यह कोई साधारण रीट्वीट नहीं था। इस पर वकील ने पीठ से कहा, शिकायत दर्ज कराने से पहले ही उनका स्पष्टीकरण आ चुका था और वह मौजूद है लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया।

कंगना के वकील के तर्क पर पीठ के जज उखड़ गए। उन्होंने कहा, आपने ट्वीट में मसाला डाला, अब आप अपने ट्वीट पर टिप्पणी करने के लिए हमें नहीं उकसाइए। इस पर हमारा मुंह मत खुलवाइए। आप इस वापस लें। क्या आप वापस लेना चाहते हैं? सबूतों की अस्वीकार्यता के कारण आपकी शिकायत खारिज की जा सकती है। इसके बाद भाजपा सांसद कंगना के वकील ने याचिका वापस ले ली।

रिपोर्ट के मुताबिक, सुनवाई के दौरान कंगना के वकील ने दलील दी कि उन्होंने कौर के बारे में नहीं, बल्कि शाहीन बाग के एक प्रदर्शनकारी के बारे में बात की थी। वकील ने कहा, यह मामला रीट्वीट से जुड़ा है। मूल ट्वीट को ही अन्य लोगों ने कई बार रीट्वीट किया था। उन्होंने बिलकिस बानो या शाहीन बाग वाली दादी के बारे में बात की थी, न कि प्रतिवादी के बारे में। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री ने एक स्पष्टीकरण भी जारी किया था, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया लेकिन पीठ इससे सहमत नहीं हुई और पीठ ने रनौत के याचिका मंजूर करने से इंकार कर दिया।

# सफ्रान-डीआरडीओ के बीच स्टील्थ फाइटर जेट इंजन डील को मिल सकती है हरी झंडी

**-दो सालों से चल रही है चर्चा, अब सरकार इसको लेकर हुई सक्रिय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत के अपने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट में फ्रांस के साथ जो बात चल रही है, उसमें प्रगति होने की खबर सामने आई है। फ्रांस की जेट इंजन बनाने वाली कंपनी सफ्रान एसए और डीआरडीओ के गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के ज्वाइंट प्रोजेक्ट को मंजूरी के इंतजार के बीच यह जानकारी सामने आई है कि यह इंजन पूरी तरह से भारत में ही बनने वाला है। मतलब, अमेरिकी कंपनी जीई से जो काम नहीं हो पाया, उसके लिए फ्रांस की कंपनी पूरी तरह से तैयार हो गई है।

बता दें 15 अगस्त को पीएम मोदी ने लाल किले से स्वदेशी जेट इंजन के विकास का आह्वान किया था। उसके बाद फ्रांस से जिस तरह के संकेत मिल रहे हैं, उससे यही अनुमान लगाया जा रहा है कि वह भारत से दोस्ती निभाने के लिए बड़ा कदम उठाने को तैयार है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी स्वदेशी फाइटर जेट के लिए अपने ही देश में इंजन बनाने की बात पर जोर दे चुके हैं। एचटी ने अब एक रिपोर्ट पेश की है, जिसके मुताबिक सफ्रान-जीटीआरई 12 साल में फाइटर जेट इंजन के 9 प्रोटोटाइप विकसित करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शुरू में सफ्रान और जीटीआरई मिलकर 120 केएन पावर क्षमता के जेट इंजन बनाएंगे और शुरुआत से 12 साल के अंदर इसकी क्षमता बढ़ाकर 140 केएन पावर तक ले जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक यह इंजन भारत में ही बनेंगे और इसके लिए सफ्रान, डीआरडीओ को 100 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करेगी। इस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में क्रिस्टल ब्लेड टेक्नोलॉजी भी शामिल होगी। वैसे डीआरडीओ के पास क्रिस्टल ब्लेड टेक्नोलॉजी है, लेकिन पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। खास बात यह है कि इस तरह से भारत में जो फाइटर जेट का इंजन बनेंगे उसका बौद्धिक संपदा अधिकार भारत के पास ही रहेगा।

सफ्रान और डीआरडीओ के बीच स्टील्थ फाइटर जेट इंजन को लेकर इस तरह की डील की चर्चा पिछले दो सालों से चल रही है, लेकिन अब सरकार इसको लेकर सक्रिय हो गई है और जल्द ही इसे हरी झंडी मिल सकती है। एएमसीए एक मल्टी-रोल एयरक्राफ्ट होगा, जिसमें दो इंजन होंगे, जिसके लिए 120-140 केएन इंजन बनाए जाने हैं। एएमसीए का विकास और निर्माण निजी क्षेत्र की कंपनियां करेंगी, जिसमें योगदान देने के लिए टाटा ग्रुप, लार्सन एंड टूब्रो और अडानी डिफेंस तैयार हैं।

बता दें आज की तारीख में चीन के पास भी अपने अत्याधुनिक फाइटर जेट के लिए अपना इंजन नहीं है। वह रूसी या रिवर्स इंजीनियर्ड इंजनों के भरोसे काम




कर रहा है। सिर्फ अमेरिका, रूस, यूके और फ्रांस ने ही यह क्षमता हासिल की है। ऐसे में भारत में इस तरह का इंजन निर्माण चीन को चिढ़ा सकता है। हालांकि भारत अपनी कावेरी इंजन पर कई दशक पहले काम शुरू कर चुका है, लेकिन अभी तक इसे पूरी कामयाबी नहीं मिल सकी है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**